ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी 11:54
उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 4 जून 2025
वर्ष 3, अंक 284, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत 12

बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा की अध्यक्ष 14

# अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में 20% आरक्षण

## पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में लागू होगा कोटा

- आयु में तीन वर्ष की छूट के साथ सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी समेत सभी वर्गों पर लागू
- अग्निवीरों को इतने आरक्षण की व्यवस्था देने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**पासिंग आउट परेड :** 197 अग्निवीर जवानों ने 31 सप्ताह का कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा किया। मंगलवार को वाराणसी के गोरखा ट्रेनिंग सेंटर में सभी ने कर्तव्य पालन की शपथ ली। पासिंग आउट परेड में जवानों के कदमताल से ट्रेनिंग कैंपस गूंज उठा।

**अमृत विचार :** अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों को राज्य की पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी। सरकार की मंशा है कि इस निर्णय से न केवल पूर्व अग्निवीरों को लाभ मिले, बल्कि राज्य को प्रशिक्षित, अनुशासित और प्रेरित बल मिले। कैबिनेट में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन को रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। गौरतलब है कि, अग्निपथ योजना के तहत पहले बैच के अग्निवीर वर्ष 2026 में सेवामुक्त होकर लौटेंगे।

इसके बाद वे सीधे उत्तर प्रदेश पुलिस की इन चार श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। खास बात यह कि जहां केंद्र सरकार और हरियाणा और ओडिशा जैसे कई राज्यों ने केवल 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है, वहीं उत्तर प्रदेश ने 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देकर बड़ा उदाहरण पेश किया है।

इस निर्णय की जानकारी लोकभवन में पत्रकारों से साझा करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि यह आरक्षण सभी श्रेणियों (सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी) पर लागू होगा। अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है, तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगा। वहीं, अगर ओबीसी है, तो ओबीसी के भीतर होगा। उन्होंने कहा कि आरक्षी पुलिस, आरक्षी पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन जैसी श्रेणियों के लिए आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी।

### योगी कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण
- पांच मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति
- तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए प्रस्तावों को स्वीकृति
- दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति का लाभ प्रदान करने को मंजूरी
- नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत
- एक जिला-एक उत्पाद योजना की नई नीति 2.0 को मंजूरी मिली
- शहरों में हरियाली को बढ़ावा देने को अर्बन ग्रीन नीति पर मुहर

### अपने घर को बना सकेंगे पर्यटकों के लिए स्टे होम, योजना स्वीकृत

**लखनऊ।** अगर आपका वन रूम सेट फ्लैट या मकान खाली पड़ा है तो इसे आप पर्यटकों के लिए स्टे होम बनाकर मुनाफा कमा सकते हैं। राज्य सरकार ने कैबिनेट से मंगलवार को जिस नीति को हरी झंडी दिखाई है उसके तहत अब धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से 750 रुपये तक जबकि शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए 2000 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कैबिनेट में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दी गई। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। पर्यटक लगातार 7 दिन तक यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल कराना होगा। अनुमति डीएम और एसपी-एसएसपी की अगुवाई वाली कमेटी देगी।

## पाकिस्तान ने आठ घंटे में ही टेक दिए थे घुटने

पुणे, एजेंसी



- सीडीएस चौहान बोले-नुकसान नहीं बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि पेशेवर सेनाएं अस्थायी नुकसान से प्रभावित नहीं होतीं, क्योंकि समग्र परिणाम ऐसे नुकसान से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा कि पाकिस्तान भारत को हजारों जख्म देकर लहूलुहान करने की नीति पर चल रहा है, लेकिन नई दिल्ली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ नई लक्ष्मण रेखा खींच दी है। कहा कि पाकिस्तान ने 48 घंटे तक लड़ने का दम भरा था लेकिन भारत उसे आठ घंटे में ही घुटने पर ला दिया।

सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में संबोधन में जनरल चौहान ने यह बात स्वीकार करने के लिए हो रही अपनी आलोचना को खारिज किया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रारंभिक चरण में भारत ने बड़ी संख्या में लड़ाकू जेट विमान खो दिए। उन्होंने कहा कि जब मुझसे हमारी क्षति के बारे में पूछा गया तो मैंने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, यह महत्वपूर्ण है। सीडीएस ने कहा कि युद्ध में यदि नुकसान भी होता है, तो आपको अपना मनोबल बनाए रखना होता है। कहा कि नुकसान नहीं, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं।

जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद पर नकेल कसी जाए। संघर्ष विराम पर कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 48 घंटे तक जवाबी कार्रवाई करने की योजना बनाई थी, जो आठ घंटे में ही धराशायी हो गई। भारत के हमलों के चलते पाकिस्तानी पक्ष ने बातचीत की इच्छा जताई। चौहान ने कहा कि 10 मई की रात करीब एक बजे पाकिस्तान ने 48 घंटे में भारत को शिकस्त देने का लक्ष्य बनाया और हमले किए।

## एक नजर

### संसद के विशेष सत्र की संभावना नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिन्दूर या आपातकाल के 50 साल पूरे होने के मौके पर संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की कोई संभावना नहीं है, अलबत्ता अगले माह शुरू होने वाले मानसून सत्र में इन दोनों विषयों पर किसी स्वरूप में चर्चा हो सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार संसद का मानसून सत्र, आगामी आठ या 10 जुलाई से शुरू हो कर अगस्त मध्य तक चलने की संभावना है। मानसून सत्र में करीब एक माह का समय रह गया है। इसलिए ऑपरेशन सिन्दूर हो या आपातकाल के 50 वर्ष, अलग से सत्र बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### आतंकियों से संबंध रखने में तीन कर्मी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एक पुलिस कांस्टेबल, एक स्कूल शिक्षक और सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर सहायक को संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत बर्खास्त कर दिया गया। तीनों जेल में बंद हैं।

### ओडिशा में विस्फोटकों के गोदामों पर छापा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुलिस ने मंगलवार को तीन जिलों में विस्फोटकों के गोदामों पर छापेमारी कर विस्फोटक अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक दिन पहले सुरक्षाबलों ने सुंदरगढ़ जिले में माओवादियों द्वारा लूटी गई 2.5 टन से अधिक विस्फोटक बरामद किया था।

## छह लड़कियां यमुना में डूबीं, 4 की मौत

- मंगलवार को आगरा जिले के थाना सिकंदरा क्षेत्र में हुआ हादसा
- मृतकों में तीन सगी और एक चचेरी बहन, दो की हालत गंभीर

आगरा, एजेंसी

आगरा जिले में मंगलवार की सुबह हुए एक बड़े हादसे में यमुना नदी में नहाने गईं छह लड़कियां डूब गईं। इनमें से दो लड़कियों को बचा लिया गया जबकि चार अन्य की डूबने से मौत हो गई।

यह हादसा थाना सिकंदरा क्षेत्र के ग्राम नगला नाथू में हुआ। मृत लड़कियों की आयु नौ से 18 साल के बीच बताई गई है। सभी एक ही परिवार के भाइयों की संतानें थीं। मृतकों में तीन सगी और एक चचेरी बहन थी। स्थानीय गोताखोरों ने उन्हें नदी से निकाला। बचाई गई दो लड़कियों की हालत गंभीर है, उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे से पूरा गांव शोकाकुल है।

बताया गया है कि थाना सिकंदरा के गांव नगला नाथू की 7-8 लड़कियां सुबह 10 बजे के करीब यमुना नदी में नहाने पहुंच गईं। यह गांव नदी से बमुश्किल आठ सौ मीटर दूर है। लड़कियों ने नदी किनारे मोबाइल फोन से रीलें भी बनाई। नदी में नहाने के दौरान लड़कियां गहरे पानी में डूबने लगीं, उनका शोर सुनकर थोड़ी दूर स्थित खेतों मे काम कर रहे किसान नदी की ओर दौड़ पड़े। गांव के ही कुछ गोताखोरों ने लड़कियों को बचाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला, तब तक चार की सांसें थम चुकी थीं। मृत लड़कियां एक ही परिवार के भाइयों की बेटियां थीं और आपस में चचेरी बहनें थीं।

### रास्ता खराब होने से नहीं पहुंच सकी एंबुलेंस

सूचना पर जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी और एडीशनल पुलिस आयुक्त राम बदन सिंह, नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन दो लड़कियों को बचाया गया, उन्हें प्रभा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। गांव का रास्ता ठीक न होने के कारण एंबुलेंस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। लोगों को निजी बाइक से ही लड़कियों को अस्पताल ले जाना पड़ा।

## मोदी करेंगे छह को कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का लोकार्पण

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक का उद्घाटन कार्यक्रम खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था।

गत 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले और इसके बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात प्रधानमंत्री का केन्द्रशासित प्रदेश में पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर कहा कि इतिहास रचा जा रहा है, बस तीन दिन बाकी हैं।

## घर में सो रहे बच्चे को उठा ले गया भेड़िया

संवाददाता, बहराइच

- मंगलवार सुबह एक खेत से बरामद हुआ क्षत-विक्षत शव
- बीते साल इसी इलाके में भेड़ियों ने मचा रखा था आतंक

**अमृत विचार :** बहराइच जिले में महसी तहसील के गदामार कलां गांव में घर में सो रहे दो वर्षीय बच्चे को भेड़िया उठाकर ले गया, जिसका क्षत-विक्षत शव मंगलवार सुबह एक खेत से बरामद हुआ है।

मृत बच्चे की मां खुशबू ने बताया कि सोमवार की रात दो साल के आयुष एवं बेटी के साथ हम लोग घर के बरामदे में सोए हुए थे, तभी भेड़िए बच्चे को उठा ले गए। हम पीछे-पीछे गए लेकिन भेड़िए ने बच्चे को छोड़ा नहीं। सुबह गन्ने के खेत में आयुष का शव मिला। मृत बच्चे के पिता प्रमोद ने बताया कि भेड़िए ने बच्चे के दोनों हाथ एवं एक पैर खा लिए हैं। वन विभाग को ड्रोन कैमरे में दो सियारों की मौजूदगी के प्रमाण मिले हैं, जबकि बच्चे के माता-पिता एवं ग्रामीणों का दावा है कि तीन भेड़िए आकर बच्चे को घर से उठाकर ले गए और मारकर उसके शरीर के कई अंग खा लिए।

जानवरों के कथित हमले का यह मामला उसी इलाके का है जहां गत वर्ष भेड़िए के हमले का प्रकोप था। गत वर्ष बहराइच के महसी तहसील में घाघरा नदी के कछार में स्थित 50 गांवों में भेड़ियों की दहशत थी। 17 जुलाई 2024 से सितंबर माह तक सात बच्चों समेत आठ लोगों की जंगली जानवरों के हमलों से मौत हो गई थी जबकि करीब तीन दर्जन लोग घायल हुए थे।

प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अजीत प्रताप सिंह ने मंगलवार को बताया कि बीती रात करीब 12-एक बजे सूचना मिली कि महसी तहसील के गदामार कलां गांव से कोई जानवर एक बच्चे को उठा ले गया है।

तलाशी अभियान चलाया गया, सुबह पांच बजे गन्ने के एक खेत में बच्चे का शव मिला। पूरी टीम लगाकर बारीकी से निरीक्षण करने पर शव के निकट संदिग्ध पदचिह्न दिखे, जो सियार के थे। बच्चे का शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है तथा सात टीम बनाकर तलाशी एवं जागरूकता अभियान शुरू किया गया है।

## लद्दाख के लिए नए आरक्षण और अधिवास नियम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय लोगों के लिए 85 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित

सरकार ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए नए आरक्षण और अधिवास नियम घोषित किए, जिसमें स्थानीय लोगों के लिए 85 प्रतिशत नौकरियां और लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों में कुल सीट में से एक तिहाई सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, भोटी और पुरगी भाषा को लद्दाख में आधिकारिक भाषा बनाया गया है। इस कदम का उद्देश्य स्थानीय हितों की रक्षा करना है। सरकार द्वारा जारी की गई कई अधिसूचनाओं के अनुसार, नौकरियों तथा स्वायत्त परिषद में आरक्षण, अधिवास और भाषाओं से संबंधित नीतियों में किए गए बदलाव मंगलवार से प्रभावी हो जाएंगे। नए नियमों के तहत, जो लोग केंद्र शासित प्रदेश में 15 साल की अवधि तक निवास कर चुके हैं या सात साल तक अध्ययन कर चुके हैं और यहां के किसी शैक्षणिक संस्थान में कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए हैं, वे किसी स्थानीय या अन्य प्राधिकरण के तहत नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए लद्दाख के मूल निवासी होंगे। केंद्र के अधिकारियों, अखिल भारतीय सेवा, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और स्वायत्त निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वैधानिक निकायों के अधिकारियों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अधिकारियों, जो 10 वर्षों तक लद्दाख में सेवा कर चुके हैं, उनके बच्चे भी अधिवास के लिए पात्र हैं।

## सशस्त्र बल कर्मियों की गोपनीयता बनाए रखें

- मीडिया कवरेज पर रक्षा मंत्रालय ने किया आगाह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मीडिया को आगाह किया कि वरिष्ठ सशस्त्र बल कर्मियों और उनके परिवारों की जरुरत से ज्यादा मीडिया कवरेज से उनकी सुरक्षा को जोखिम हो सकता है इसलिए उनकी गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय भारतीय सशस्त्र बलों की गतिविधियों को कवर करने में मीडिया की निरंतर रुचि और समर्थन की सराहना करता है।

मीडिया की भागीदारी जनता को सूचित करने और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की बेहतर समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के संदर्भ में, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी लोगों की नज़रों में आए हैं। बयान में कहा गया कि मंत्रालय के ध्यान में आया है कि पेशेवर कवरेज अधिकारियों और उनके परिवारों के निजी जीवन तक पहुंच गया है।

### आईपीएल का फाइनल



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)-2025 टी-20 फाइनल क्रिकेट मैच से पहले समापन समारोह के दौरान प्रस्तुति देते गायक शंकर महादेवन, सिद्धार्थ महादेवन, शिवम महादेवन और अन्य लोग। • एजेंसी

## सरकार ने नियुक्त किए 12 अपर महाधिवक्ता

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट में करेंगे सरकार के मामलों की पैरवी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से पैरवी के लिए 12 अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है।

इस आशय की सूचना विशेष सचिव लोकेश नागर ने प्रदेश के महाधिवक्ता के साथ-साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक और लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ निबंधक को भेजी है। इलाहाबाद के लिए सात जबकि लखनऊ पीठ के लिए कुल पांच अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किए गए अधिवक्ताओं में वरिष्ठ अधिवक्तागण अमित सक्सेना व अनूप त्रिवेदी के साथ अधिवक्तागण दुर्गाविजय सिंह, महेंद्र नारायण सिंह, राहुल अग्रवाल, संजीव सिंह व कार्तिकेय सरन शामिल हैं। जबकि लखनऊ के लिए अधिवकतागण अनुज कुदेसिया, सुदीप कुमार, प्रितीश कुमार, ज्योत्सना पाल व सूर्यमणि सिंह रैकवार को बतौर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है।

## अनुष्ठान का श्रीगणेश, देव प्रतिमाओं का किया गया शुद्धिकरण

### राम मंदिर : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे चरण के पहले दिन विधि-विधान से हुआ पूजन, प्रथम तल की तस्वीरें आईं सामने

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय चरण में प्रथम तल पर राम दरबार समेत परकोटा के छह देव स्थलों पर मंगलवार को अनुष्ठान शुरू हुआ। मुख्य विद्वान जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों ने सभी देव पीठ स्थलों पर सुबह 6:30 से विधि-विधान पूर्वक पूजन शुरू किया, जो पांच जून को सुबह 11 बजे तक होगा। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा होगी।

राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार पर मुख्य यजमान के रूप में राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने वैदिक आचार्यों के साथ पूजन कराया। अलग-अलग देवालायों में गर्भगृह को वैदिक आचार्यों ने पवित्र जल समर्पित कर मूर्तियों का शुद्धिकरण कर अनुष्ठान प्रारंभ किया। पहले दिन यज्ञशाला में 51 वैदिक आचार्य के द्वारा वेदी पूजन, षोडश मात्रिका व सप्त मात्रिका पूजन, योगिनी पूजन, वास्तु पूजन, क्षेत्र पाल पूजन, सर्वतोभद्र पूजन, नवग्रह पूजन, यज्ञकुंड संस्कार, अरणि मंथन व 1975 मंत्रोच्चारण से यज्ञकुंड में अग्नि स्थापन, कुश कंडिका, प्रणिता प्रोक्षनी स्थापन, अग्नि सिंचन के बाद पंच वारुणी हवन से पूजन किया जा रहा है। इसके बाद पीठ स्थापित देवताओं का आह्वान व पूजन किया जाएगा, फिर मूर्तियों के संस्कार की विधि शुरू होगी।



ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को जारी की गई राममंदिर के प्रथम तल की तस्वीर।

### ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बोले-प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आएं

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि जहां एक ओर श्रीराम अपने दरबार सहित मंदिर में विराजेंगे, वहीं उसी दिन मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिवस भी है। इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट की ओर से उन्हें आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। चंपत राय ने कहा कि तीन, चार, पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आए। दर्शन करने को ही आएं।

### अनुष्ठान स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना रहा वर्जित

राम मंदिर परिसर में आयोजित द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कर्मकांड आचार्य से लेकर इस अनुष्ठान को संपन्न कराने में लगे कर्मचारियों तक को मोबाइल व अन्य किसी भी प्रकार का समान ले जाना वर्जित किया गया है। सीसीटीवी कैमरे से पूरे अनुष्ठान पर निगरानी रखी जा रही है।

## एक नजर

### एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक में घुसी कार, सात घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** सोमवार की रात दिल्ली के आनंदबिहार निवासी इनताज पुत्र तौहिद, शाहिद, मुमताज पुत्र तौहिद, रिहान पुत्र शाहीद, तौहिद पुत्र इसराहिल, उलताज पुत्र शाहिद, नियामत पुत्र बबूस दिल्ली से कार द्वारा आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए बिहार जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार तिर्वा कोतवाली के पचौर चौकी क्षेत्र में पहुंची तो वहां खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसा होते ही चीख पुकार मच गई। ट्रक चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

### करंट लगने से बालिका झुलसी, हालत गंभीर

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के गांव हुसैपुर करन निवासी आराध्या (10) पुत्री रामनरेश सोमवार को देर शाम अपने घर में पंखे का तार बोर्ड में लगा रही थी। तभी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। चीख पुकार सुन पहुंचे परिजनों ने तार को काट दिया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख में भर्ती कराया। यहां से डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया वहां भी आराध्य की हालत या गंभीर बनी हुई है।

# बंद मकान से लाखों के गहने व बीस लाख की नकदी चोरी

## परिवार छिबरामऊ के दूसरे मकान में रह रहा था

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने मकान से लाखों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी कर लिये। जानकारी पर पहुंचे परिजनों को घर में सामान बिखरा और अलमारी व कमरे के ताले टूटे मिले।

कसावा चौकी क्षेत्र के गांव हाथिन के निवासी ब्रजेन्द्र सिंह चौहान पुत्र रघुनाथ सिंह चौहान परिवार के साथ कोतवाली के सामने चौहान मार्केट के ऊपर बने आवास में रहते है। वह कई दिनों से गांव नहीं गये थे। सोमवार की शाम पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अन्दर कमरों के भी ताले टूटे व अलमारी में रखा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे 500 ग्राम चांदी, 400 ग्राम सोने के गहने एवं 20 लाख की नगदी गायब थी। लाखों का माल गायब देखकर होश उड़ गये। उन्होंने मौके से ही यूपी 112 को सूचना दी। मौके पर पहंची पुलिस ने घटना की पड़ताल करते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। वहीं मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वार्ड की टीम ने जांच पड़ताल कर नमूने लिए। पीड़ित ने मामले की कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।



घटना के बाद टूटे ताले दिखाते गृहस्वामी।

- पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की

### दो ट्रांसफार्मर पोल से गिरा कर तेल व क्वाइल चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नलकूपों पर लगे ट्रांसफार्मर गिरा कर चोरों ने क्वाइल व तेल चोरी कर लिया। विद्युत उपकेन्द्र के अवर अभियंता विकास कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि समधन के मोहल्ला दारासराय निवासी इनाम खान पुत्र इस्लाम व मोहल्ला दारासराय निवासी इदरीश खान पुत्र इकराम खान के निजी नलकूप पर रखे 25 केवीए के ट्रांसफार्मरों को चोरों ने सोमवार की रात नीचे गिरा दिया। इसके बाद उससे तेल व तांबे के क्वाइल चोरी कर लिये। सुबह जब किसान खेत पर पहुंचे तो घटना का पता चला। इस की जानकारी किसानों ने जेई व लाइनमैन को दी।

## युवक की हत्या में सगे भाई गिरफ्तार

**कन्नौज।** तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव मायापुर्वा में खेत से मिट्टी उठाने के विवाद में हुई युवक की हत्या में पुलिस ने आरोपी सगे भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव मायापुर्वा में एक जून की रात में पवन व अमन राजपूत पुत्रगण तिलकराम राजपूत निवासीगण ग्राम मायापुर्वा थाना तालग्राम ने उमेश चंद्र (30) के खेत से 20 तसला मिट्टी खोद ली थी। सोमवार की सुबह इसका उलाहना देने पर आरोपियों ने शिवनारायण व उसके भाई उमेशचन्द्र को गालियां देते हुए हाथों में लिये लोहे की राड व डण्डों से जान से मारने की नीयत से हमला कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया था। इसमें उमेश की मौत हो गई थी। भाई शिवनारायण ने थाना तालग्राम पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मंगलवार को मायापुर्वा मोड पर बने प्रतीक्षालय से गिरफ्तार किया। आरोपियों के बताने पर लोहे की राड बरामद की है।

## शादी के नौ माह बाद महिला की मौत पर लगे हत्या के आरोप

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** कई दिन पहले गर्भवती महिला की मौत को लेकर नया मोड़ आ गया है। मायके वालों ने दहेज मांगने का आरोप में बेटी की हत्या करने की बात कही है।

इटावा जिले के राजू ने अपनी बेटी पूनम की शादी 9 जुलाई 2024 को सिकन्दरपुर चौकी क्षेत्र के गांव नगला छिद्द के धर्मेन्द्र के साथ की थी। बेटी के साथ मारपीट की खबर पर वह 28 मई को उसकी ससुराल आया था। तब ससुराल वालों ने बताया कि बेटी को प्रसव पीड़ा के चलते अस्पताल ले गये। 31 मई की रात फोन से जानकारी मिली कि पूनम की हालत ठीक नहीं है वह कानपुर में भर्ती है। इलाज के लिए रुपयों का बंदोवस्त कर आ जाओ। वह परिजनों के साथ कानपुर जा रहा था तभी रास्ते में बेटी की मौत की सूचना मिली। वह बेटी की ससुराल गया तो वहां मृत पड़ी मिली थी। ससुरालीजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिये बेटी का आनन-फानन में अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि शादी के कुछ दिन बाद तक सब सामान्य रहा लेकिन कई माह से ससुरालीजन दहेज में मोटर साइकिल व रुपये मांग कर परेशान करते थे। मृतका के पिता ने बेटी व गर्भस्थ शिशु की हत्या किये जाने के बावत पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

### विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल, दिया तलाक

**गुरसहायगंज।** दहेज लोभी ससुरालियों ने कार न मिलने पर विवाहिता से गालीगलौज करते हुए मारपीट की और घर से निकाल दिया। पति ने तीन तलाक देकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी नाजमा बेगम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी गांव के आफताब उर्फ राजू से 04 वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद पति आफताब, सास शकीला बेगम, जेठानी सितारा बेगम, जेठ मो. साबिर खां, देवर किस्मत रजा, आजम खां, ननद नूर बानो, तरन्नुम बानो ने दहेज में कार की मांग की। मांग पूरी न होने पर 18 मई की शाम 03 बजे मारपीट कर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी।

## जिला अस्पताल के स्टाफ नर्स को जान से मारने की धमकी

**कन्नौज।** जिला अस्पताल के स्टाफ नर्स को एक व्यक्ति साथी के साथ जान से मारने की धमकी दे रहा है।

जिला अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत पंकज कुमार ने कहा कि 24 मई की रात मोहल्ला तिवारियान सरायमीरा निवासी बलराम तिवारी एक अन्य के साथ उसके आवास के बाहर पहुंचा। उसके गेट खटखटाया। पूछने पर उसने अपना नाम बताते हुए कहा कि उसने पत्नी की हत्या की है। वह उसके पूरे परिवार को बरबाद कर देगा। जब गेट नहीं खोला तो वह वापस चला गया। आवास की सीढ़ियों से नीचे उतरने पर सुरेश कुमार व अशोक कुमार टहल रहे थे। उन्होंने पूछा कि आवासीय परिसर में क्या कर रहा है तो कहा कि वह पंकज शर्मा को मारने आया है। उन लोगों ने फोन से आरोपी का वीडियो बना लिया। इसी तरह की वीडियो क्लिप ट्रामा सेंटर में उसे खोजने का 10:26 बजे रात का भी है। आरोप लगाया कि जब वह ड्यूटी पर होता है तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देता है।

## सार-संक्षेप



हाईवे पर फर्राटा भरती डग्गामार बस। अमृत विचार

### शाम होते ही दिल्ली-जयपुर के लिए दौड़ने लगती हैं डग्गामार बसें

**सौरिख, कन्नौज।** सरकार की सख्ती के बावजूद डग्गामार बसें बदस्तूर दौड़ रही हैं और परिवहन विभाग को हर माह लाखों का चूना लगा रही हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार विभाग मौन है। एक्सप्रेसवे समेत हाईवे पर तिर्वा, इंदरगढ़, सौरिख से दिल्ली, गुड़गांव, जयपुर के लिए धड़ल्ले से विभिन्न ट्रैवल कंपनियों की करीब एक दर्जन बसें धड़ल्ले से डग्गामारी कर रही हैं। संचालक हर माह लाखों रुपये के राजस्व की चोरी कर रहे हैं। तिर्वा से इंदरगढ़-सौरिख रोड पर शाम होते ही गुड़गांव, दिल्ली, जयपुर के लिए डग्गामारी शुरू हो जाती है। स्लीपर डग्गामार बस मालिक सवारियां ढोकर परिवहन विभाग को जिससे हर माह सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लगा रहे हैं। विभाग के अधिकारियों की जांच स्कूली बसों और मैजिकों तक ही सीमित रहती है। इस बारे में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अधिकारी इज्या तिवारी का कहना है कि अभियान चलाकर बसों पर अंकुश लगाया जाएगा।

### पांच बीघा खेत और दहेज न मिलने पर घर से निकाला

**तिर्वा।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। घटना में पीडित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना ठठिया के धूरपुर गांव निवासी शिल्पी पत्नी शशिकांत पुत्री महेशचंद्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के हिसाब से खूब दान दहेज देकर सौरिख थाना के कटघरा गांव निवासी शशिकांत पुत्र शैलेन्द्र के साथ तीन जून 2023 को की थी। शादी के बाद एक पुत्र चित्रांश हुआ। कुछ दिन बाद पति शशिकांत, ससुर शैलेन्द्र, सास सरोजनी, नरेन्द्र, मोहनी, रजनी पुत्रियां शैलेन्द्र, जेठ श्यामाकांत दहेज में पांच लाख रुपया और पिता से पांच बीघा जमीन लिखवाने का दबाब बनाने लगे। 26 मई को उक्त लोग आए और मांग पूरी कराने की बात कहने लगे। जब उसने विरोध किया तो मारपीट कर घायल करते हुए उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ईशन नदी में आया पानी, पशु पालकों को राहत

**कन्नौज।** काफी दिनों से सूखी चल रही ईशन नदी में पानी छोड़ दिया गया है। इससे पशु पालकों व खेती करने वाले किसानों को राहत मिल गई है। ईशन नदी में पानी न होने को लेकर कुछ दिनों पहले जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को ज्ञापन भी दिया था। सपाइयों ने नदी में पानी न होने से पशु-पक्षियों को भी दिक्कत होने व आसपास खेती में सिंचाई न होने की समस्या बताई थी। डीएम ने समस्या हल करने की बात कही थी, उसी के बाद सोमवार को पानी आ गया।

### चौकी मुस्तफाबाद में डीएम की चौपाल आज, रोस्टर जारी

**कन्नौज।** हर बुधवार को ग्राम पंचायत में डीएम की अध्यक्षता में चौपाल लगाने का क्रम ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र से शुरू हो चुका है। 4 जून यानि आज शाम 5 .30 बजे ब्लॉक सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौकी मुस्तफाबाद में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री चौपाल लगाएंगे। साथ ही गांव का भ्रमण भी करेंगे। सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने 17 जिला स्तरीय अधिकारियों और सभी बीडीओ को चौपाल का रोस्टर जारी कर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। 11 जून को कन्नौज के ही गांव ऑटी व पदारथपुर में चौपाल लगेगी। 18 जून को छिबरामऊ के मिघौली व 25 जून को सौरिख के बहादुरपुर मझिगवां में डीएम समस्याएं सुनेंगे। अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट भी मांगी गई है।

### भाइयों से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** परिवार के लोगों ने आम तोड़ने के विवाद में भाईयों से गालीगलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम लालपुर पश्चिमी चियासर निवासी अवधेश पुत्र रामनाथ ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 30 मई की सुबह 07 बजे पेड़ से आम तोड़ रहा था। तभी परिवार के अंगद व उसकी पत्नी गुड़िया देवी आए और गाली देने लगे। मना करने पर उसे व बीचबचाव में आए उसके भाई दिनेश को मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी।

### जीजा के घर आई युवती को ले गया युवक

**सौरिख, कन्नौज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी 22 वर्षीय साली लगभग दो महीने से उसके घर में रह रही थी। 31 मई की रात जनपद औरैया के थाना एरवाकटरा के गांव नगला वाले निवासी छोटू उर्फ विजेंद्र पुत्र महेश सिंह फुसला कर भगा ले गया। घर में रखे जेवर और लगभग 40 हजार रुपये भी साली साथ ले गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### डांसिंग स्टार चैंप की खोज के लिये ऑडिशन आज

**छिबरामऊ।** बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के बीच डांसिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा। डांस दीवाने ग्रुप के मेंटोर सतेंद्र सिंह के निर्देशन में 04 जून को पहला ऑडिशन होगा। इसमें बच्चे नृत्य कला का हुनर दिखाते हुए डांसिंग चैंप्स ट्रॉफी के लिए दावा ठोकेंगे। ऑडिशन की थीम फ्री स्टाइल डांस रखी गई है। दूसरा ऑडिशन 15 जून, तीसरा 25 जून सेमीफाइनल 06 जुलाई और फाइनल 13 जुलाई को होगा। इच्छुक प्रतिभागी बनवारी नगर स्थित एकेडमी के कार्यालय में शाम 04 बजे से 06 बजे की बीच संपर्क कर सकते है।

### बड़े मंगल पर हुआ रुद्राभिषेक, सुंदरकांड पाठ, भंडारा

**गुरसहायगंज।** ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार को जगह-जगह धार्मिक आयोजन हुए। मंगलवार को मोहल्ला रामकृष्ण नगर स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक व संगीतमयी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें महंत बलराम त्रिपाठी ने धार्मिक अनुष्ठानों को पूर्ण कराया। जीटी रोड स्थित बाला जी धाम मंदिर में कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने पत्नी दीपा दुबे के साथ भंडारा किया। देर शाम कोतवाली परिसर में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसी तरह नगर के चौराहा स्थित श्रीराम मंदिर में शरबत वितरण किया गया।

## बिजली समस्या पर आज घेरेंगे फीडर

**छिबरामऊ।** ग्राम कमालपुर के लोग महीनों से बिजली समस्या से जूझ रहे हैं। मंगलवार को भाकियू भानु संगठन के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता करके बुधवार को ग्राम बहवलपुर फीडर का घेराव करके समस्या के समाधान की मांग करने का निर्णय लिया।

ग्राम कमालपुर के समस्त ग्रामवासियों एवं किसानों का कहना है कि पिछले आठ माह से लगातार बिजली की समस्या है। ग्राम बहवलपुर फीडर द्वारा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर रख दिया जाता है। जो 3 से 4 दिन के अंदर खराब हो जाता है, जिसकी सूचना कई बार छिबरामऊ एसडीओ को दी जा चुकी है। 31 मई को ट्रांसफार्मर रखा गया जो 1 जून को फिर से खराब हो गया। अब फसलों में समय से पानी नहीं लग पा रहा है। भारतीय किसान यूनियन भानू संगठन के राष्ट्रीय सचिव आर पी ठाकुर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव, कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार राजपूत व कानपुर मंडल उपाध्यक्ष अयूब ने ग्रामीणों से वार्ता करके 4 जून को ग्राम बहवलपुर फीडर का घेराव कर धरना प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई।




कलक्ट्रेट में शांति कमेटी की बैठक लेते डीएम व एसपी, मौजूद धर्म गुरु व अन्य।

# सामाजिक सौहार्द के साथ आगामी त्योहारों को मनायें

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- डीएम, एसपी ने ली शांति कमेटी की बैठक
- किसी नई परंपरा को नहीं दी जायेगी इजाजत

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) एवं गंगा दशहरा को लेकर जिला शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक हुयी। इसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पर्वको शांति पूर्वक मनाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि किसी भी नई परंपरा की शुरूआत न की जाये। सार्वजनिक मार्ग बाधित करके कोई भी आयोजन नही होना चाहिए। प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। सार्वजनिक व खुले स्थान पर कुर्बानी न की जाये और अवशेष खुले में न फेंके जाएं। गड्ढा खोदवाने के बाद कुर्बानी के अवशेष दफन करें। इसी तरह गंगा दशहरा को लेकर गंगा तटों पर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी करते हुये समुचित प्रकाश, साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग आदि की व्यवस्था को कहा।

एम्बुलेंस सहित मेडिकल टीम व घाटों पर फ्लड टीम के साथ स्थानीय गोताखोर तैनात रहेंगे। श्रद्धालुओं के स्नान घाट पर बैरिकेडिंग व संकेतक चिन्ह लगे होने चाहिए। एसपी विनोद कुमार ने कहा कि आगामी पर्वों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। कहा, सोशल मीडिया व अन्य किसी माध्यमों से अफवाह व अराजकता फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कई अधिकारी मौजूद रहे।

## देर शाम तक जिले से रिलीव हुए 70 शिक्षक, नए भी आए

**कन्नौज।** बीएसए संदीप कुमार ने परिषदीय स्कूलों के 70 अध्यापकों को अंतरजनपदीय पारस्परिक तबादले के तहत रिलीव कर दिया। दूसरे जनपदों से भी कई शिक्षक-शिक्षिकाओं ने योगदान आख्या दी। प्रक्रिया मंगलवार की देर शाम तक चलती रही।

दरअसल, 5 जून तक अंतरजनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण का लाभ पाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण करना है। उसी के तहत 109 जोड़ों को लाभ मिला है। बीएसए ने बताया कि सुबह से दोपहर तक कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में तैनाती के लिए अभ्यर्थियों के विकास भवन सभागार में साक्षात्कार हुए। उसके बाद अध्यापकों को रिलीव करने की प्रक्रिया चली। उन्होंने बताया कि 2 जून तक 19 अध्यापकों ने पारस्परिक तबादले के तहत जिले में योगदान आख्या भी दे दी है। 3 जून को भी कुछ शिक्षक आए हैं। इससे पहले स्कूल व बीआरसी से भी शिक्षक-शिक्षिकाओं को क्रमशः प्रधानाध्यापक व बीईओ ने कार्यमुक्त किया।



वंश को मिठाई खिलाते माता-पिता।

## वंश दुबे ने आईआईटी एडवांस में पाई सफलता

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के न्यू टीचर्स कॉलोनी, पीपल वाली गली निवासी अश्विनी कुमार दुबे व नीतू दुबे के सुपुत्र वंश दुबे ने आईआईटी एडवांस में जनरल केटेगरी से ऑल इंडिया 3608 वीं रैंक प्राप्त की। रिजल्ट निकलते ही परिवार के साथ-साथ जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी जश्न का माहौल बन गया। वंश ने बताया कि उनके माता-पिता ने उन्हें बहुत मोटिवेट किया और वह अपनी सफलता का श्रेय उन्हीं को देते हैं। कक्षा 10 और 12 में भी वंश दुबे स्कूल टॉपर रहे थे। वह भविष्य में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर देश की सेवा में स्वयं को समर्पित करने करना चाहते हैं। स्कूल के मैनेजर हिमांशु सक्सेना तथा प्रिंसिपल शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने वंश की इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हाईवे पर टैंकर की टक्कर से हुई थी पारस की मौत

**कन्नौज।** हाईवे पर जिला अस्पताल के पीछे पौधों में पानी डालने के दौरान पानी के टैंकर चालक की लापरवाही से हेल्पर की मौत हुई थी। मामले की रिपोर्ट भाई ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई है। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्रके गांव ताखेपुर्वा निवासी जितेंद्र पुत्र रामफल ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसका भाई करीव दो वर्ष से इनफ्राट्रक्चर लिमिटेड कंपनी के तहत हाइवे पर काम करता था।वह पानी के टैंकर पर हेल्पर के तहत 02 जून को 03 बजे के करीव पौधों में पानी डाल रहा था। इसी दौरान टैंकर चालक ने लापरवाही से मुडाते समय उसके भाई को टक्कर मारदी। इससे उसकी मौत हो गई। इसेक बाद वह टैंकर लेकर मौके से फरार हो गया।






नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

बुधवार को जिले में मेघगर्जन के साथ वज्रपात के आसार हैं। तेज हवा चलने की संभावना है।

| | |
|---|---|
| 33.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 06 : 58 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## एक नजर

### घर में घुसकर नगदी सहित मोबाइल किया चोरी

सौरिख, कन्नौज। युवक के घर में घुसकर अज्ञात चोर ने मोबाइल सहित नगदी चोरी कर ली। क्षेत्र के नगला पसा गांव निवासी रामू पुत्र स्व. मंगूलाल ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 29 मई की रात लगभग 12 बजे वह घर के अंदर सोया हुआ था। उसी समय किसी ने घर में घुसकर चारपाई पर रखा मोबाइल व पर्स जिसमें तीन हजार रुपये थे चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

### देवर की शादी के लिए पैसा न देने पर विवाहिता को पीटा

तिर्वा। देवर की शादी खर्च के लिए रुपया न देने से नाराज हुए जेठ, ननद, सास ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना ठठिया के नयापुर्वा कडेरा गांव निवासी आरती पत्नी गणेश बंजारा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके पति बाहर काम करते हैं। देवर की शादी होने को है। शादी के खर्च के लिए वह डेढ़ लाख रुपया दे चुकी है। इसके बाद भी 31 मई की शाम को उसका जेठ कमलेश, देवर उमेश, ननद संगीता, सास सत्यवती आए और नशे में गाली गलौज करते हुए और रुपयो की मांग करने लगे। जब उसने और रुपया देने से मना कर दिया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# संदिग्ध हालात में किशोरी व महिला की मौत

## तेरारब्बू में लोहे के पाइप से फंदे पर लटकी मिली किशोरी, ग्राम लाडपुर में साड़ी के फंदे से लटकी मिला विवाहिता

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** किशोरी का शव संदिग्ध अवस्था में लोहे के पाइप से दुपट्टे के फंदे पर लटका मिला। मृतका की मां ने किशोरी की मारपीट कर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। दूसरी घटना में एक विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। इस घटना में दहेज की खातिर हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है।


घटना के बाद गमगीन बैठे मृतका के परिजन। अमृत विचार

पहली घटना ग्राम तेरारब्बू में हुई। यहां की निवासी सुमन (14) पुत्री अखिलेश सैनी का शव सोमवार की शाम घर के कमरे में लोहे के पाइप से दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे ने मामले की जांच पड़ताल की और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर परिजनों को


सुमन।


सुनीता।

न्याय का भरोसा दिलाया। मृतका की मां पिकी देवी ने बताया कि उसका पड़ोस के युवक से हैंडपंप से पानी भरने को लेकर विवाद चल रहा है। इसी के चलते वह सोमवार को कोर्ट में गई थी। इसी बीच किसी ने उसकी पुत्री की मारपीट कर हत्या कर दी और शव को फंदे पर लटका दिया। मृतका चार भाई बहनों में सबसे बड़ी थी।

दूसरी घटना में ग्राम लाडपुर निवासी सुनीता (20) पत्नी राघवेन्द्र का शव सोमवार की दोपहर लगभग 12 बजे घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। आनन फानन ससुराली उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। इससे ससुराली घर छोड़कर फरार हो गए। मायके पक्ष से मृतका की मां बांदा के गिरमा ग्राम जरर निवासी हीरामनी ने पति, जेठानी व जेठ पर दहेज की मांग को लेकर पुत्री के साथ मारपीट करने व हत्या कर देने का आरोप लगाया है। बताया कि अप्रैल 2024 को उसने पुत्री की शादी की थी। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### आपस में टकराए दो टेंपो, युवती की मौत

● तिर्वा, कन्नौज। आपस दो टेंपो टकरा गए। घटना में एक पर सवार युवती की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पीड़ित की तहरीर पर चालक अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कानपुर देहात के थाना मंगलपुर गांव मलगांव निवासी मोनिका (20) पुत्री रामकुमार टेंपो पर बैठकर दो जून को अपनी मौसी के गांव खैरनगर जा रही थी। खैरनगर गांव के पहले नयापुर्वा मोड़ पर पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे टेंपो चालक ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टेंपो सवार मोनिका गंभीर घायल हो गई। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक देखकर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। पीड़ित की तहरीर पर चालक अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# मेहंदी घाट गंगा पुल पर आज से रुट डायवर्जन

गंगा दशहरा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● पुल से नहीं निकल सकेंगे भारी वाहन
● कल रात 09 बजे तक बदले रहेंगे रास्ते

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ दशहरा स्नान के अवसर पर मेहंदी घाट में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिये एसपी ने 04 जून को दोपहर बाद दो बजे से 05 जून को रात्रि 9:00 बजे तक यातायात रूट डायवर्जन किया है। इस दौरान महादेवी गंगा पुल की ओर भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा।

एसपी विनोद कुमार ने बताया कि जनपद औरैया की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बेला से रसूलाबाद होते हुए बिल्हौर से हरदोई की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। हरदोई की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बिलग्राम से बिल्हौर के लिए और मल्लावां से बिल्हौर के लिए डायवर्ट किया जाएगा जो बिल्हौर होते हुए कानपुर या कन्नौज या औरैया की तरफ जा सकेंगे। छिबरामऊ गुरसहायगंज से हरदोई की तरफ जाने वाले भारी वाहन बिल्हौर से बांगरमऊ होकर बिलग्राम के रास्ते से हरदोई की तरफ जा सकेंगे। कन्नौज से हरदोई की तरफ जाने वाले वाहनों को हरदोई मोड़ से बिल्हौर की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। जो बिल्हौर से बांगरमऊ होकर हरदोई की तरफ जा सकेंगे। मानीमऊ क्रॉसिंग के सामने मानीमऊ पुलिस चौकी रोड की तरफ किसी प्रकार के वाहन नहीं जा सकेंगे। कन्नौज शहर की तरफ से बिलग्राम, मल्लावां, हरदोई की ओर रोडवेज बसों का पूर्ण रूप से प्रवेश वर्जित रहेगा। इसी प्रकार हरदोई बिलग्राम मल्लावां की तरफ से कन्नौज शहर की तरफ कोई रोडवेज बस नहीं आ सकेंगी। हरदोई बिलग्राम की तरफ से या मल्लावां की तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को बक्शीपुर तिराहे के पास पार्किंग व्यवस्था की गई है। यहां से आगे मेहंदी घाट पुल की तरफ कोई वाहन नहीं जा सकेंगे। कन्नौज शहर की तरफ से या औरैया तिर्वा गुरसहायगंज छिबरामऊ की तरफ से आने वाले भक्तों के वाहनों की पार्किंग आयशा पेट्रोल पंप के पास और नील कोठी पार्किंग स्थल पर गई है।


मेहंदी घाट गंगा तट का निरीक्षण करतीं एसडीएम सदर नवनीता राय व सीओ सदर अभिषेक प्रताप सिंह अजय व अन्य। अमृत विचार

### एसडीएम, सीओ नगर ने जांची गंगा स्नान की व्यवस्था

कन्नौज। गंगा दशहरा को लेकर एसडीएम सदर नवनीता राय ने क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक प्रताप सिंह अजय के साथ दशहरा पर्व पर भक्तों के स्नान को लेकर मेहंदी घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये। पार्किंग स्थल देखे। गंगा में पानी की गहराई नपवाई और गहरे पानी में बैरीकेडिंग के निर्देश नगर पालिका ईओ को दिये। खोया पाया विभाग समेत सीसीटीवी कैमरों की भी निगरानी की। स्थानीय गोताखोरों व नाविकों को भी गंगा तट पर पुलिस पीएसी के साथ तैनात रहने की जानकारी ली।

# कस्तूरबा स्कूल में पढ़ाई के लिए हुए साक्षात्कार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● 24 पदों के लिए आए थे 129 आवेदन, इंटरव्यू में शामिल हुए 80
● कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं को मिलेगी आवासीय विद्यालय की सुविधा

**अमृत विचार।** जनपद में कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं को आवासीय विद्यालय की सुविधा मिलेगी। नियुक्ति के लिए महिला अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए गए। जिले के 4 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में संविदा पर कुल 24 पदों पर 17 फरवरी को वैकेंसी निकाली गई थी।

मंगलवार को विकास भवन सभागार में सीडीओ राम कृपाल चौधरी की अध्यक्षता में साक्षात्कार व काउंसिलिंग प्रक्रिया चली। जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) रोहित तिवारी ने बताया कि रिक्त प्रधानाचार्य, पीजीटी हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान के 1-1 पदों पर भर्ती के लिए काउंसिलिंग चली।

लैब असिस्टेंट के 3, कार्यालय अधीक्षक/ लिपिक का 1, चपरासी, चौकीदार व रसोइया के 4-4 पदों के लिए भी इंटरव्यू हुए।

चयन कमेटी में डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी, डीआईओएस व प्रभारी डायट प्राचार्य डॉ. पूरन सिंह, बीएसए संदीप कुमार शामिल रहे। जिला समन्वयक ने बताया कि कुल 129 आवेदन आए थे। जांच के बाद अभ्यर्थियों को बुलाया गया जिसमें 80 शामिल हुए। जल्द ही चयनित महिला अभ्यर्थियों की सूची जारी हो जाएगी।

जनपद में 5 आवासीय बालिका विद्यालय है जिसमें पढ़ाई मित्रसेनपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में ही होगी। अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेख व अन्य सभी प्रमाण पत्र लेकर जांच हुई, उसके बाद सभी प्रमाण पत्र वापस कर दिए गए।

# पैतृक जमीन खाली नहीं कर रहे दबंग

सौरिख, कन्नौज। पैतृक जमीन पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। पीड़ित संपूर्ण समाधान दिवस के बाद अब जिलाधिकारी को फिर से शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

सौरिख थाना क्षेत्र के गांव रेरी निवासी सुनील कुमार पुत्र ओमनारायण ने जिलाधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी पैतृक जमीन पर गांव के ही रहने वाले रामविलास पुत्र राम लड़ैते, अजय, आकाश, मनीष पुत्र गण रामविलास कब्जा करना चाहते हैं। पहले भी कब्जे की नीयत से कार्य करवाना शुरू किया जिसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी थी। पहुंची पुलिस ने हिदायत देते हुए अवैध कब्जा करने से मना किया था।

इसके बाद फिर वही लोग जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से निर्माण करने लगे। जब मना किया घर पर आकर गाली गलौज करते हुए हमलावर हो गए और जान से मारने की धमकी भी दी। उसने थाना समाधान दिवस में भी प्रार्थनापत्र दिया था।

# डीसीएम ने लोडर में मारी टक्कर, छह लोग घायल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● मानीमऊ क्रासिंग के निकट हाईवे पर हुई दुर्घटना, लोडर पर लदा था दहेज का सामान

**अमृत विचार।** मानीमऊ हाईवे पर अनियंत्रित डीसीएम ने आगे चल रहे लोडर को टक्कर मार दी। इससे लोडर पलट गया। घटना में दो बाइक सवारों समेत 6 लोग घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद चालक डीसीएम लेकर फरार हो गया।

मंगलवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के मानीमऊ चौकी क्षेत्र में रेलवे क्रासिंग के सामने कानपुर की ओर जा रही डीसीएम ने आगे चल रहे लोडर में टक्कर मार दी। इससे लोडर हाईवे पर पलट गया। इसकी चपेट में दो बाइकें भी आ गईं। लोडर में लदा दहेज का सामान सड़क पर बिखर गया।

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मानीमऊ चौकी प्रभारी शेखर सैनी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। उन्होंने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक वाहन समेत फरार हो गया। बताया जाता है कि लोडर ठठिया थाना क्षेत्र के सुर्सी गांव निवासी प्रसून चला रहा था। वह हरदोई से दहेज का सामान लादकर गांव सुर्सी जा रही था। लोडर में सुर्सी के ही सत्यम, शिवम और उमेश सवार थे। यह लोग भी घायल हो गये। लोडर की चपेट में आने से कानपुर शहर के चकेरी थाना क्षेत्र की कांशीराम कालोनी निवासी राजेश और मानीमऊ क्षेत्र के मोचीपुर गांव निवासी अवधेश कुमार पांडेय भी घायल हो गए। लोडर मालिक प्रसून के अनुसार परिवार में बेटी की शादी है। उसी के लिए हरदोई जिले से दहेज का सामान लेकर लौट रहे थे। मानीमऊ चौकी पुलिस ने दुर्घटना करने वाली डीसीएम की खोज में सीसीटीवी कैमरे खंगालना शुरू कर दिया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# आरोपियों के मदरसों की 6 महीने बाद भी मान्यता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● इंदौर में महिला को डिजिटल अरेस्ट किया था, उसके बाद भेजे गए जेल
● तहसील सदर क्षेत्र के सतौरा व मियांगंज में संचालित रहे मदरसा

**अमृत विचार।** इंदौर में करीब 6 महीने पहले महिला को डिजिटल अरेस्ट करने वाले पिता-पुत्र के मदरसों की मान्यता अब तक निरस्त नहीं हुई है। गांव सतौरा व मियांगंज में इनके मदरसे चल रहे थे। आरोपी जेल भेजे गए थे।

तहसील सदर और तिर्वा कोतवाली इलाके के गांव सतौरा निवासी अली अहमद खान का फलाह दारैन साबिरी मदरसा संचालित रहा है। अली अहमद इसका प्रबंधक और उसका बेटा असद अहमद खान सह प्रबंधक है। कोतवाली सदर क्षेत्र में भी मियांगंज गांव में इनका मदरसा संचालित रहा है। मध्य प्रदेश की पुलिस ने इंदौर में महिला छाया को डिजिटल अरेस्ट करने के आरोप में अली अहमद व असद को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि पिता-पुत्र ने मदरसे के नाम से संचालित निजी बैंक खाते में 46 लाख रुपये डलवाए थे। 11 सितंबर 2024 की वारदाता के बाद पीड़िता ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कराया था। इसके बाद अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने दिसंबर 2024 में मदरसों को बंद कराकर दूसरे मदरसे में छात्र-छात्राओं को स्थानांतरित कर दिया था।

बताया गया है कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने 10 दिसंबर 2024 को मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्टार को मदरसे की मान्यता निरस्त करने के लिए पत्र भेजा था। उन्होंने बताया कि मान्यता निरस्त के लिए दो बार रिमाइंडर भी भेजा गया है। अभी उनको मान्यता निरस्त करने का कोई पत्र नहीं मिला है।

बैठक

डीएम ने जिला पर्यावरण, गंगा व वृक्षारोपण समिति की बैठक की

# कल पौधरोपण अभियान, 7 जुलाई को वन महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● आने वाली पीढ़ियों को हरित भविष्य देने के लिए एक-एक पौधा रोपने का आह्वान

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जिला पर्यावरण, गंगा एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक ली। जिलाधिकारी ने कहा कि 05 जून को पौधरोपण अभियान का शुभारंभ हो रहा है। प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कम से कम एक पौधा अवश्य रोपे।

मंगलवार को दोपहर बैठक में डीएम ने कहा कि हरियाली से पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। साथ ही आने वाली पीढ़ियों को एक हरित भविष्य भी मिलेगा। स्कूलों व कॉलेजों में पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम कराए जाएं ताकि युवाओं में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़े। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. हेमंत सेठ को निर्देश दिए कि 7 जुलाई को वन महोत्सव को वृहद स्तर पर मनाया जाए। इसमें सभी शासकीय विभागों, शिक्षण संस्थानों, ग्राम पंचायतों एवं स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। नर्सरी से ब्लॉकों एवं विभागों को पौधे समय से भेज दिए जाएं।

प्रत्येक रोपे गए पौधे की निगरानी सुनिश्चित की जाए और समय से जिओ टैग अवश्य कराया जाए। सभी अधिकारी/ कर्मचारी सहित पूरा सरकारी तंत्र अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लें।

### माताओं या दादी के साथ बच्चे रोपेंगे मां के नाम पौधा

● कन्नौज। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बीएसए को पत्र जारी कर कहा है कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस है। इस दिन एक पेड़ मां के नाम 2.0 राष्ट्र व्यापी अभियान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका शुभारंभ नई दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क से करेंगे। प्रत्येक विद्यालय में न्यूनतम 70 पौधे रोपने का लक्ष्य शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से निर्धारित किया गया है। इसमें विद्यालय स्तर पर स्वयं सेवकों, अभिभावकों व स्थानीय लोगों का सहयोग लिया जाएगा। बच्चों को उनकी माताओं या दादी व नानी के साथ आमंत्रित कर पौधे रोपे जाएंगे। प्रत्येक छात्र व छात्रा अपनी माता के नाम से पौधा रोपेगा। साथ ही एक फोटो मेरी लाइफ पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। पौधरोपण 5 जून से 30 सितंबर तक चलेगा। समर कैंप में भी बड़े पैमाने पर अभियान आयोजित किया जाए।

### 57 किलोमीटर ईशन नदी की सफाई का मांगा प्रस्ताव

● सिंचाई विभाग से डीएम ने कि एक सप्ताह के अंदर जनपद क्षेत्र के 57 किलोमीटर इलाके में बह रही ईशन नदी को लेकर प्रस्ताव मांगा है। कहा है कि इसके संरक्षण, पुनर्जीवन व साफ सफाई में कितनी लागत आएगी और कितने दिनों में कार्य पूरा किया जा सकेगा। बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी, एएसपी विनोद कुमार, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार उपस्थित रहे।

### गंगा दशहरा पर घाटों में होंगी भव्य आरती

जिलाधिकारी ने कहा कि 05 जून को गंगा दशहरा है। गंगा आरती कार्यक्रम भव्यता के साथ कराया जाए। भजन संध्या, दीपदान कार्यक्रम और गंगा स्वच्छता पर जन जागरुकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आरती स्थल की साफ-सफाई, बिजली सजावट, पेयजल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि गंगा दशहरा पर भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करते हैं इसलिए मेहंदी घाट, जलेसर घाट, चियासर घाट में एक भी गड्ढे नहीं दिखने चाहिए। नगर निकाय से सेल्फी प्वाइंट समय से बनाया जाए।


नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तंबाकू निषेध की जानकारी देते कलाकार व मौजूद अपर जिला जज लवली जायसवाल। अमृत विचार

# नुक्कड़ नाटक से बताए गए तंबाकू के नुकसान

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● हेलमेट लगा कर जिंदगी बचाने को प्रेरित किया

**अमृत विचार।** तंबाकू नियंत्रण को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरुक किया गया। इस दौरान यातायात नियमों के तहत लोगों को हेलमेट का प्रयोग करने का सुझाव दिया गया।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के क्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नुक्कड़ नाटक कराये जा रहे हैं। इसके अन्तर्गत मंगलवार को सदर तहसील तथा मंडी समिति कन्नौज, रोडवेज बस स्टैंड के सामने लोगों को तंबाकू से होने वाली बीमारियों की जानकारी देने के बाद इससे बचने को कहा गया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। अपर जिला जज लवली जायसवाल की अध्यक्षता में जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके साथ अन्य भीड़ वाले स्थानों पर भी लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर डा. केपी त्रिपाठी नोडल अधिकारी एनटीसीपी, डा. रवि प्रताप सिंह, डा. सुधांशू दुबे, पियूशा दुबे समेत कई विभागीय व अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।

# रोडवेज बस ने बाइक में मारी टक्कर, 3 की मौत

## राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उजरामऊ के सामने हुई भीषण दुर्घटना, शादी वाले घर में मचा कोहराम

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उजरामऊ के सामने बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे हो गए।

बेटी की शादी की रस्म अदायगी के बाद विदा हो चुकी थी। घर के लोग अपने कार्यों में लग गए थे ,उधर चचेरा भाई सनी, बहनोई टिंकू और रिश्ते के चाचा आदेश एक ही बाइक से शाहजहांपुर गए थे वहां से वापस आ रहे थे तभी उजरामऊ गांव के सामने बस की टक्कर लगने से तीनों की दर्दनाक मौत हो गई ।

जानकारी के अनुसार राजेपुर थाना क्षेत्र के उजरामऊ निवासी लाल बहादुर की बेटी ज्योति की बारात दो जून को आई हुई थी। उसकी विदा हो चुकी थी और घर लोग अपने अपने कार्यों में लग गए थे । ज्योति की विदा होने के बाद रिश्तेदार जिला हरदोई थाना पचदेवरा निवासी बहनोई पिंटू (30) पुत्र सुरेश, शहजहांपुर जिले के कासिम नगला निवासी चाचा आदेश (32)एवं राजेपुर थाना क्षेत्र के उजरामऊ निवासी चचेरा भाई सनी (21) एक ही बाइक पर सवार होकर पड़ोसी जनपद शहजहांपुर के हुल्लापुर से कुछ सामान खरीदने गए थे। वापस आते समय उजरामऊ गांव के सामने तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए। तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंची राजेपुर थाना पुलिस ने घायलों को ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से तत्काल अस्पताल भिजवाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने एक एक कर तीनों घायलों को मृत घोषित कर दिया।

एक साथ तीन मौतों से घर मे शादी की खुशियां मातम मे बदल गईं। परिजनों ने कोहराम मच गया। थाना पुलिस ने पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है।



हादसे में तीन लोगों की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।



हादसे के बाद सभी को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा लेकिन बचाया नहीं जा सका।

- एक दिन पहले परिवार में शादी थी, लडकी विदा हो चुकी थी
- लड़की के 3 रिश्तेदार हरदोई से सामान लेकर आ रहे थे

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत

**फर्रुखाबाद ।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव अलावलपुर निवासी 35 वर्षीय संदीप कुमार की सोमवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। संदीप खिमसेपुर से अपने मित्र सुशील (पुत्र रविन्द्र) के साथ बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहे थे, तभी इटावा-बरेली हाईवे पर अलावलपुर दुबे कोल्ड स्टोरेज के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में संदीप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका साथी सुशील गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल मोहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

संदीप एक प्राइवेट स्कूल में बस चालक के रूप में कार्यरत था और अपने पिता की इकलौती संतान थी। पिता संतोष बाबू सिलाई का कार्य करते हैं। संदीप के असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# बड़े मंगल पर हनुमान मंदिरों में हुई विशेष पूजा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ महीने के चौथे मंगलवार को फर्रुखाबाद फतेहगढ़ युग्म नगर के हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना का क्रम सुबह से ही जारी रहा। लोगों ने हनुमान मंदिर पर पहुंचकर माता टेका और सर्व मंगल का आशीर्वाद मांगा। लोगों ने श्री हनुमान जी के मंदिर में प्रसाद चढ़ाया।

पुराणों के अनुसार ज्येष्ठ महीने के मंगलवार को श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना का विशेष महत्व है। इस महीने भक्तों द्वारा श्री हनुमान जी से मांगी गई मन्नत पूरी होती है ऐसा माना जाता है इसी कारण से इस महीने के चारों मंगल को बड़े मंगल के नाम से जाना जाता है और पूजा अर्चना की जाती है। नगर के अढ़तियांन स्थित बड़े हनुमान मंदिर, ख़तराना स्थित श्री बालाजी मंदिर, महाकाल मंदिर, बालाजीपुरम स्थित सूर्य मंदिर, बढ़पुर देवी मंदिर, भोले पुर स्थित बड़े हनुमान जी का मंदिर, याकूतगंज स्थित हनुमान मंदिर पर प्रमुख रूप से पूजा अर्चना की गई और प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावा नगर में शायद ही ऐसा कोई गली मोहल्ला हो जहां पर मंदिर न हो इन मंदिरों में जो भी हनुमान जी के मंदिर हैं उन पर पूजा अर्चना का क्रम बराबर चलता रहा।



हनुमान मंदिरों में हुई पूजा अर्चना।

## भाई की बेटियों को पीट कर किया घायल, गंभीर

**कायमगंज।** कंम्पिल थाना क्षेत्र में पारिवारिक जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

क्षेत्र के गांव रौंकरी निवासी संगीता व आरती पुत्री भूपसिंह को पुलिस घायल अवस्था में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर आई। जहां उपचार के दौरान संगीता ने बताया कि उसके सभी चाचा दबंग किस्म के हैं। और उसके पिता सीधे है। इसीलिए मेरे पिता की जमीन को भी चाचा लोगों ने कब्जा कर लिया है। जब उसने चाचा से जमीन के बंटवारे के लिए कहा तो इसी बात पर सभी चाचा नाराज हो गए। और लाठी डंडो से उस पर हमला कर दिया। संगीता को पिटता देख उसकी बहन आरती जब उसे बचाने आई तो उसे भी मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया।

# गोकशी की सूचना पर पहुंची पुलिस, मिले मांस के टुकड़े

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। याकूतगंज में गोकशी को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ता को सूचना मिली तो कार्यकर्ताओं ने इस बात की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को कुछ मांस के टुकड़े मिले। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने कहा कि इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री विनोद राजपूत और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सीओ सिटी को बताया कि वह जब यहां से गुजर रहे थे, तब उन्होंने गोकशी देखी तो कार्यकर्ता ने वीडियो बनाने की कोशिश की। इस दौरान घर से तीन लोग निकले और कार्यकर्ता को पकड़ लिया। तीनों युवकों ने कार्यकर्ता का मोबाइल छीन लिया और उसे वहां से काफी दूर ले जाकर छोड़ दिया।

बाद में मोबाइल वापस कर दिया गया। आरोपियों ने भागने से पहले सफाई कर दी, सूचना मिलने पर सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय और फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद लोग फरार हो गए। बजरंग दल के सह संयोजक ने बताया कि उन्होंने गाय का कटा हुआ सिर देखा था। जब तक अन्य लोग और पुलिस पहुंची, तब तक आरोपी वहां से भाग गए और मौके की सफाई भी कर दी गई है पुलिस को वहां से कुछ कचरे में मांस के टुकड़े मिले हैं।



सीओ सिटी पुलिस बल के साथ कार्यकर्ताओं से बातचीत करती हुईं। अमृत विचार

# शहर में बाइकर्स गैंग का आतंक नहीं पकड़ पा रही पुलिस

संवाददाता नवाबगंज

- थाना क्षेत्र में पिछले कई दिनों से एक बाइकर गैंग घूम रहा है
- लिफ्ट देकर बाइक पर बैठाकर उनकी जेब काट लेते हैं

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र में पिछले कई दिनों से एक बाइकर गैंग घूम रहा है। इस बाइकर गैंग के सदस्य रास्ते पर खड़े लोगों से आगे तक जाने का रास्ता पूंछकर उन्हें लिफ्ट देकर बाइक पर बैठाकर उनकी जेबों को काटकर नकदी लूट रहे है।

बाइकर गैंग ने 27 मई को मंझना रेलवे क्रासिंग पर वाहन का इंतजार कर रहे नगर के मोहल्ला बारंग निवासी रिषीपाल को अपना शिकार बनाया। बाइकरों ने रिषीपाल से रास्ता पूंछकर उन्हें आगे तक छोड़ देने की बात कह कर बाइक पर बैठा लिया। और रास्ते में उनकी जेब को काटकर 50 हजार रुपए पार कर दिए। और उन्हें नवाबगंज मंझना मार्ग पर स्थित बघार नाला पुल पर उतार दिया। थाने पहुंचे रिषीपाल ने पुलिस को जेबकतरों के खिलाफ तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने घटना की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की। 18 मई की शाम नगर के मुहल्ला नगला हीरासिंह निवासी नरवीर सिंह को भी अपना निशाना बनाया। बाइकर ने उनकी जेब को काटकर 39 हजार रुपए पार कर दिए। नरवीर सिंह ने भी पुलिस को घटना की तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने इनकी भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इससे पूर्व भी कई लोगों को बाइकर अपना निशाना बना चुके है। घटनाओ की जांच में जुटी पुलिस ने कोतवाली कायमगंज के गांव ममापुर निवासी जितेंद्र व विजय को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू की। थाने पहुंचे रिषीपाल ने जेब काटने वाले युवकों की पहचान भी की। मंगलवार को पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों युवकों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

सूत्रों से पता चला है कि दोनों युवकों ने घटना को अंजाम दिए जाने की बात को कबूल किया है। वहीं पीड़ित रिषीपाल का कहना है कि दोनों युवकों को पकड़वाने के लिए वह पुलिस की साथ गया था। और उन्होंने पुलिस की गाड़ी में बैठकर जेब काटने की बात को कबूल भी किया था। तो फिर पुलिस ने सिर्फ उनका शांतिभंग में चालान क्यों कर दिया।

ऐसे तो जेबकतरों के हौसले और बुलंद हो जाएंगे। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से इस संबंध में शिकायत करने की बात कही। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों युवकों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## गाली गलौज करने पर युवक ने पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज ।** जनपद लखीमपुर के थाना मोहम्मदी के गांव हरिहरपुर निवासी महातिया जोकि हाल में थाना नवाबगंज के मोहल्ला नया गनीपुर में रह रहे है। मंगलवार को सुबह 9 बजे भाई रघु के जनपद बदायूं के कस्बा दातागंज के बड़ा मोहल्ला निवासी सास सीमा व उसके परिजन महातिया के घर आकर भाई रघु के साथ गालीगलौज करने लगे। जिसपर रघु ने गालीगलौज करने से मना किया। तो ससुरलीजन रघु को मारपीट करने लगे। बचाने आए महातिया व उसकी पत्नी को भी लात घूंसो लाठी डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान महातिया के घर में रखे लगभग एक लाख रुपए निकल लेने का आरोप लगाया। थाना पुलिस को एक पक्ष से महातिया व दूसरे पक्ष से सास सीमा ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। कुछ देर बाद थाने में ही दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# कार में लगी आग, कूद कर लोगों ने जान बचाई

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** बरेली फर्रुखाबाद नेशनल हाईवे पर रामगंगा पुल पर एक तेज रफ्तार चलती कार में अचानक आग लग गई। जिससे वह धू धू कर जलने लगी। उसमें बैठे हुए लोगों ने गाड़ी से बाहर कूद कर अपनी जान बचाई।

इस हादसे में पुल के ऊपर आवागमन ठप हो गया। जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। अग्निशमन को सूचना दी गई। मौके पर फर्रुखाबाद एवं शाहजहांपुर क्षेत्र की अग्निशमन गाड़ियां पहुंची लेकिन जाम के कारण उन्हें घटनास्थल तक पहुंचने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल कर्मियों के प्रयास से 1 घंटे के उपरांत आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक गाड़ी जलकर पूरी राख हो चुकी थी।



धू धू कर जलती कार।

राजेपुर थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि घटनास्थल जिला शहजहांपुर क्षेत्र का था। जिसे वहां की पुलिस ने कवर कर लिया था। सहायता के तौर पर राजेपुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि संभवता गाड़ी एलपीजी गैस सिलेंडर से चलाई जा रही थी जो कहीं से लीक हो गया और आग लग गई।

## सार-संक्षेप



पालिका अध्यक्ष ने सड़क का लोकार्पण किया। अमृत विचार

### नवनिर्मित सड़क का पालिका अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

**फर्रुखाबाद ।** गंगानगर में नवनिर्मित सड़क का नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने लोकार्पण किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने मोहल्ले के नागरिकों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की मांग काफी दिनों से चल रही थी आज इसका लोकार्पण हो गया है अब मोहल्ले के नागरिकों को किसी भी तरीके की आने-जाने में दिक्कतें नहीं उठानी पड़ेगी। इस मौके उनके साथ में अभिषेक अग्निहोत्री अजय गुप्ता शिवम गुप्ता श्यामसुंदर गुप्ता सुनील गुप्ता सहायक अभियंता प्रेमपाल सिंह सुनील रतन कुमार विजय शुक्ला एवम समाजसेवी मनोज अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे।

### संगत व आहार से बनते हैं संस्कार

**फर्रुखाबाद ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, ओमनिवास जटवारा जदीद आश्रम पर संस्कार परिवर्तन समर कैंप का शुभारंभ कैंडल लाइटिंग के साथ किया गया। इस दौरान कई स्कूलों के बच्चों ने सहभागिता की। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शोभा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जैसी संगत, वैसा रंग केवल कहावत नहीं बल्कि जीवन का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि भोजन, संगत और विचारों का हमारे जीवन और संस्कारों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यदि बच्चे परमात्मा को सच्चा मित्र मानकर चलते हैं, तो उनके जीवन में स्थिरता और शांति बनी रहती है। बी.के. हुकुम सिंह ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य बच्चों के मनोभावों और दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। पूनम बहन ने रामायण का उदाहरण देते हुए कहा कि श्रेष्ठ कर्मों के माध्यम से भारत को पुन: समृद्ध बनाया जा सकता है। मनोरमा शर्मा ने आज के समय में चरित्र निर्माण को आवश्यक बताया। इस मौके पर सुवालाल मिश्रा, प्रिंसी गुप्ता और गोल्डी कुशवाहा ने भी बच्चों से संवाद किया।

### बाइक चोरी होने का सिलसिला नहीं थम रहा

**नवाबगंज।** कस्बा नवाबगंज में आए दिन हो रही है बाईकों की चोरिया पुलिस द्वारा कई चोर जेल भेज चुकी हैं फिर भी चोरियों पर अंकुश नहीं लग रहा। कई बाईकों का अभी भी पता नहीं लग सका। कोतवाली फतेहगढ़ निवासी अशोक कुमार का पुत्र पीयूष पवन दीक्षित नवाबगंज सीएचसी में कार्यरत है। सोमवार को पियूष पवन दीक्षित ड्यूटी पर आने के लिए अपने पिता की बाइक लेकर नवाबगंज सीएचसी आए हुए थे। उन्होंने बाइक को सीएचसी के मैदान में खड़ी करके अपने कार्य में व्यस्त हो गए। जब पीयूष शाम कांगड़ जाने के लिए बाइक लेने पहुंचे। तो मौके पर बाइक नहीं मिली। पीयूष ने बाइक को काफी खोजा। लेकिन बाइक का कुछ भी पता नहीं चल सका। मंगलवार को पियूष के पिता अशोक कुमार दीक्षित ने थाना पुलिस को किसी अज्ञात चोर के द्वारा बाइक को चोरी कर ले जाने में तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### सड़क हादसों में 5 घायल, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक की हालत गंभीर है। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के तीन लोग घायल हुए। जिसमें गांव कायमपुर निवासी प्रशांत (18) अंशू (24) व सुनील कुमार का 14 वर्षीय पुत्र अभिनव घायल हो गए। वहीं जनपद संभल के थाना खुड के गांव चंदौसी निवासी साधू (24) व कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर छितमा निवासी अतुल (24) गंभीर घायल हो गए। आसपास के लोगो व एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए अतुल को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### विश्व साइकिल दिवस पर निकाली साइकिल यात्रा

**फर्रुखाबाद ।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के तत्वाधान में एक जागरूकता साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा टाउन हॉल से लाल गेट तिराहे तक निकाली गई, जिसमें पर्यावरण के प्रति सजगता का संदेश दिया गया ।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ चालक डॉ. सुबोध वर्मा ने कहा कि यदि हम पर्यावरण को बचाना चाहते हैं तो हमें अपनी जीवनशैली में साइकिल को अपनाना होगा। विभाग संयोजक सुधेश ने भी स्वस्थ जीवन और प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए साइकिल चलाने की सलाह दी ।यात्रा में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। प्रांत नारी शक्ति प्रमुख श्वेता दुबे ने लाल गेट पर साइकिल यात्रियों का स्वागत किया।

### फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों से लिए गए आवेदन

**फर्रुखाबाद ।** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष शकुंतला देवी की अध्यक्षता में पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में फ्रंटल संगठनों के कोआडीनेटर मनीष द्विवेदी भी मौजूद रहे । उन्होंने सभी फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों से आवेदन लिए हैं। उन्होंने कहा कि फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी की बाद में घोषणा की जाएगी। नाम को नेतृत्व के लिए भेजा जाएगा। वहीं से तय होगा कि किसे पदाधिकारी बनाया जाना है। जिला अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। जिला बैठक में उजैर खां, मनीष द्विवेदी कोआडीनेटर ,हिलाल शफीकी प्रदेश सचिव सोशल मीडिया विभाग,अम्मार अली यूथ जिला अध्यक्ष,अनुपमा शर्मा महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष,खालिद उस्मानी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष, वरुण त्रिपाठी विधि विभाग जिला अध्यक्ष,घनश्याम तिवारी यूथ विधान सभा अमृतपुर अध्यक्ष,मनोज कुमार जिला महासचिव सोशल मीडिया विभाग आदि मौजूद रहे।

प्रदर्शन | सैकड़ों अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर हंगामा किया, मुकदमा वापस लेने की मांग की

# बार महासचिव के खिलाफ रिपोर्ट होने पर वकीलों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। बार एसोसिएशन फतेहगढ़ के महासचिव कुंवर सिंह यादव संयुक्त सचिव देवेंद्र सिंह यादव के विरुद्ध कोतवाली फतेहगढ़ में महिला सिपाही राखी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के विरोध में मंगलवार को सैकड़ों अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर हंगामा किया। वकीलों ने रिपोर्ट दर्ज होने पर आपत्ति जताई और उसे फर्जी बताया कहा जल्द से जल्द रिपोर्टको वापस लिया जाय वरना बड़ा आन्दोलन खड़ा कियाजोगा।

मंगलवार को सुबह पहले बार एसोसिएशन अध्यक्ष शशि भूषण दीक्षित की अध्यक्षता में बैठक हुई उसके बाद निर्णय लिया कि अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे तत्काल वापस किए जाएं। इसको लेकर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। कुंवर सिंह ने बताया कि फतेहगढ़ कोतवाली में महिला सिपाही द्वारा फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। बीएनएस में दर्ज मुकदमे को तत्काल वापस लिए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया । कहा कि जिसने मुकदमा दर्जकराया है उसके खिलाफ ही कार्रवाई होनी चाहिए। इस मौके पर बड़ी संख्या में वकील इकट्ठे हुए।

उधर नगर क्षेत्रधिकारी ऐश्वर्या उपाध्याय ने बताया कि चेकिंग के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा महिला सिपाही के साथ अभद्रता की गई थी इसके बाद आला अधिकारियों के बीच समझौता वार्ता भी हुई थी लेकिन लिखित ना होने के कारण महिला सिपाही ने अधिवक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है उन्होंने कहा कि मामले की तहकीकात की जा रही है। जांच पड़ताल में जो सामने आएगा उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

बार एसोसिएशन महासचिव कुंवर सिंह यादव ने कहा कि अधिभक्तों पर झूठा मुकदमा लगाया गया है उसे तत्काल खत्म किया जाए। मुकदमा दर्ज करने वाली महिला पुलिस सिपाही के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता। अमृत विचार

### चोरों ने ट्रांसफार्मर से 190 लीटर तेल किया पार

**फर्रुखाबाद ।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नहरैया में ताजपुर मोहम्मदाबाद रोड पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा था जिसमें अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर का बल्ब खोलकर 190 लीटर तेल चोरी कर लिया।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स ओम नमः शिवाय ग्रेनाइट मकरबई रोड कबरई जिला महोबा उ0प्र0 पार्टनरशिप फर्म पंजीकृत संख्या जे- 6860 में चार पार्टनर, 01- रामकरन मिश्रा पुत्र नरेंद्र कुमार मिश्रा ग्राम भंडरा जिला महोबा, 02- शशिकरन मिश्रा पुत्र नरेंद्र कुमार मिश्रा सुभाष नगर महोबा, 03- श्रीमती पूर्वा मिश्रा पत्नी जयकरन मिश्रा ग्राम भंडरा जिला महोबा, 04- नरेंद्र कुमार मिश्रा पुत्र भवानीदीन मिश्रा मु0 सुभाष नगर महोबा है इसमें से एक पार्टनर नरेंद्र कुमार मिश्रा पुत्र भवानीदीन मिश्रा मु0 सुभाष नगर महोबा स्वेच्छा से अलग हो रहे है। अब फर्म में मात्र तीन पार्टनर रहेंगे। 01 रामकरन मिश्रा 02 शशिकरन मिश्रा 03 श्रीमती पूर्वा मिश्रा रहेंगे।

पार्टनर
**रामकरन मिश्रा,**
ओम नमः शिवाय ग्रेनाइट मकरई रोड कबरई जिला महोबा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

पहले मेरा नाम SAMI था अब मैने बदलकर MOHD SAMI रख लिया हूँ अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD SAMI S/0-ABDUL KARIM JAMALPUR GOSAINGANJ DIST-LUCKNOW (U.P)

**सूचना**

मेरा मूल बैनामा दस्तावेज जिसका बही नम्बर 01 सिलसिले नम्बर 643/912 दिनांक 07.01.1991 घर से ही कहीं खो गया है जो काफी ढूंढने पर भी नहीं मिला, यदि भविष्य में मुझे मिल जाता हैं तब दस्तावेज को मै क्रेता श्री राजबहादुर यादव पुत्र हरचरन निवासी बिशुनीपुर बलरामपुर को वापस कर दूंगा उसका कही भी लोन आदि के लिए उपयोग कतई नहीं करूंगा। **जवाहर पुत्र सोहन, विशनीपुर, परगना, तहसील व जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

सूचित किया जाता है की मैं MERAJ AHAMED S/O SIDDIQ AHAMED **निवासी विकापुर 67 नीयामतपुर नोली दानापुर बाराबंकी** का रहने वाला हुॅ अब मै ने अपना नाम बदल कर MERAZ AHAMED रख लिया हैं । अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

हम पति, पत्नी ने अपने पुत्र अब्दुल्ला व पुत्र वधू साजिया उनके बच्चों फरमान, अरहान से संबंध विच्छेद कर लिया है। उनके किसी भी अच्छे व बुरे काम से मेरा व मेरी पत्नी का कोई वास्ता नहीं है वह खुद के जिम्मेदार होंगे। इन सभी को मैने व मेरी पत्नी ने अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **-इरशाद खां पुत्र दिलदार खां व मैसर वेगम पत्नी इरशाद खां निवासीगण गांधी नगर वार्ड नं. -3 गौरी निवादा थाना गुरसहायगंज- कन्नौज।**

**सूचना**

हमारे पुत्र शुभम व उसकी पत्नी रूपा व दूसरे पुत्र विपिन व उसकी पत्नी सीतू का व्यवहार हम दोनों के प्रति बहुत ही खराब हो गया है, वह लोग हम दोनों को हर तरह से प्रताड़ित व अपमानित करते हैं जिससे पीड़ित होकर मैं अपने पुत्र शुभम व उसकी पत्नी रूपा व दूसरे पुत्र विपिन व उसकी पत्नी सीतू से सम्बन्ध विच्छेद कर उपरोक्त चारों लोगों को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। आज से इनके कृत्यों व लेन देन से हमारा या हमारे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **छेदीलाल पुत्र बेचा व राजकुमारी पत्नी छेदीलाल निवासीगण हंस सिटी, घुरपुरी का तालाब, काकोरी, लखनऊ।**

**सूचना**

मैने अपने बेटे अजितेश सिंह (Ajitesh Singh) के नाम से 26-05-2023 को पॉलिसी संख्या 268258448 ली थी, अब सभी अभिलेखीय रिकार्ड में अजितेश का नाम हर्षवर्धन सिंह (Harsh Varhan Singh) कर दिया है। अत: दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, भविष्य में हर्षवर्धन सिंह के नाम से इनको जाना पहचाना जाएगा। **धनंजय प्रताप सिंह, निवासी-ग्राम सिसई पोस्ट सिसई (बेलसर) जनपद गोंडा।** 271401,मो. 7905685123

# बाइक चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

## चोरों के बताने पर चोरी की 15 बाइकों को किया बरामद, चोरी की कई वारदातों को किया कबूला

कार्यालय संवाददाता इटावा


बाइक चोरों के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी व सीओ सिटी।

**बोले अधिकारी**

इटावा। एसपी सिटी ने बताया कि पकड़ा गया सुखवीर शातिर चोर है उसके खिलाफ आसपास के जिलों के कई थानों में 29 मामले दर्ज है। इसके अलावा अन्य पकड़े गए चोरों के पर चार चार मामले दर्ज है। पुलिस इस बात का पता लगा रही कि पकड़े गए चोरों ने कहां कहां चोरी की है।

**अमृत विचार**। सिविल लाइन थाना पुलिस व एसओजी टीम ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बाइस ख्वाजा रोड से वाहन चेकिंग के दौरान बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर दो और चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने छुपाकर रखी गई चोरी की 15 बाइकें बरामद की है। उन्होंने बाइक चोरी की कई वारदातों में अपनाहाथ होने की बात स्वीकार कीहै। पुलिस ने सभी चोरों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन विक्रम सिंह एसओजी टीम के साथ गश्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि दो व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल लेकर रेलवे स्टेशन से नुमाइश चौराहा होते हुये बाइस ख्वाजा रोड से भिंड की ओर जाने वाले है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम ने बाइस ख्वाजा कब्रिस्तान गेट के पास वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। तभी दो मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति नुमाइश चौराहा की ओर से आते दिखाई दिये। पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो मोटरसाइकिल सवारों ने भागने का प्रयास किया। जिन्हे पुलिस टीमों द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर बाइस ख्वाजा कब्रिस्तान गेट के पास से दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपने नाम सुमित उर्फ लुक्का पुत्र अनिल कुशवाहा निवासी ग्राम नगला चौधरी थाना सैफई, शीलू पुत्र राधेश्याम निवासी परोख थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी बताया। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने अपने साथियों के नाम बताए। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके दो साथियों सुखवीर उर्फ नेता पुत्र बाबुराम निवासी नगला बाबा थाना वैदपुरा, बृजेश पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी मुड़ियापुरा थाना बाह जनपद आगरा को वन विभाग पोस्ट के पास खण्डहर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में सुमित उर्फ लुक्का तथा शीलू ने बताया कि यह दोनो मोटरसाइकिल चोरी की हैं, जिन्हें बेचने के लिए वह भिण्ड मध्य प्रदेश ले जा रहे थे। उन्होंने बताया कि वह दो साथियों के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों से चोरी की गयी मोटरसाइकिल को वन विभाग के पोस्ट के पास खण्डहर के पीछे छिपा रखा है, जिन्हे लोडर पर लाद कर भिण्ड म.प्र. बेचने जाने वाले थे। उन्होंने बताया कि हम चारों मिलकर इटावा, मैनपुरी, शिकोहाबाद व आसपास के अन्य जनपदों से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हे मोटर साइकिल स्टैण्ड, बस स्टैण्ड व अन्य स्थानों पर खड़ी कर देते हैं तथा मौका मिलने पर एक जगह इकट्ठा कर लोडर से लाद कर अन्य राज्य में मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट व रंग बदलकर तथा चेसिस नंबर खुरच कर पहचान मिटाकर बेच देते है व कुछ कटवा कर बेच देते हैं।

# राशन डीलर का चुनाव स्थगित, हंगामा

संवाददाता महेवा इटावा


चुनाव स्थगित होने से भड़के लोग गाड़ी को रोकते हुए।

**अमृत विचार**। विकास खंड क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत बम्होरा _हुमायूंपुर में राशन डीलर के होने वाला चुनाव मंगलवार को भी स्थगित हो गया। चुनाव के स्थगित होने से लोगों में आक्रोश पैदा हो गया। लोगों ने चुनाव कराने गए कर्मिचारियों से अभद्रता की।

बताया गया है कि बम्होरा पंचायत के राशन डीलर के चुनाव के लिए तीन जून की तारीख घोषित की गई थी। चुनाव सम्पन्न कराने के लिए गांव के लोग प्राथमिक स्कूल पर एकत्रित हो गए थे। लेकिन बैठक में गांव के प्रधान नही पहुंचे। इसके बाद चुनाव को स्थगित किए जाने की घोषणा कर दी गई। चुनाव स्थगित होने की जानकारी मिलने पर लोगों में आक्रोश पैदा हो गया।

आक्रोशित लोग चुनाव कराने आए सरकारी कर्मियों को अपशब्द कहने लगे तथा ब्लॉक आते समय सरकारी अधिकारियों एवं कर्मियों की गाड़ीं को रोककर अभद्रता करने लगे। तब वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद अधिकारियों एवं कर्मियों को निकाला। चुनाव को देखते हुए पर्याप्त रूप से पुलिस बल मौजूद भी नहीं था, जिस कारण अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।

- लोगों ने चुनाव कराने आये कर्मचारियों से की अभद्रता

वहीं चुनाव कराने गए पर्यवेक्षक के रूप में ए डी ओ आई एस बी प्रवीण शाक्य, प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्र प्रताप सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सुधीर कुमार, सौरभ कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस बारे में ग्राम सचिव अशोक सिंह परिहार ने बताया कि राशन डीलर चुनाव हेतु पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार बैठक का आयोजन मंगलवार को प्राथमिक स्कूल बम्होरा के प्रांगण में होना था वहीं ग्राम प्रधान हरगोविंद पाल के बीमार हो जाने के चलते बैठक को स्थगित किया गया तथा चुनाव की अग्रिम तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, 16 घायल

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार**। भरथना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हथनौली में खेत से बंबा का पानी निकालने को लेकर दो पक्षों में पहले विवाद हुआ बाद में दोनों ओर से लाठी-डंडे चले जिसमें छह महिलाओं सहित 16 लोग घायल हो गए। इनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है।


ग्राम हथनौली के नगला मिहिलाल निवासी रामौतार ने बताया कि उनके खेत में मूंग की फसल खड़ी है। गांव गंगोरा के कुछ लोग उनके खेत से होकर जबरन बंबा का पानी निकाल रहे थे। जब इसका विरोध किया गया तो दूसरे पक्ष के कई लोग लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों और कुल्हाड़ियों से लैस होकर उनके घर पर हमला करने पहुंच गए। हमले में रामौतार, उनके भाई अमृतलाल, बेटा राहुल, पत्नी सावित्री देवी, अमन, आशाराम व विपिन गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी ओर ग्राम गंगोरा निवासी अनीता ने बताया कि उनका परिवार खेत में पानी लगा रहा था। एक दिन पहले भी इसी मुद्दे को लेकर कहासुनी हुई थी। विरोधियों ने हमला कर उनके पति धर्मेंद्र, बेटियां दिव्या व दीक्षा सहित रामादेवी, ललिता देवी, केशव, पहलाद, ध्रुव और राजवीर को लहूलुहान कर दिया। घटना की सूचना पाकर भरथना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। प्राथमिक उपचार के बाद चार गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया।

# किसानों ने मंडी प्रशासन पर लगाया शोषण का आरोप

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार**। मॉडल तहसील प्रांगण में किसान संगठन ने धरना प्रदर्शन कर एसडीएम कुमार सत्यम जीत को ज्ञापन सौंपा।मंगलवार को किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हृदयराम यादव के नेतृत्व में किसान मॉडल तहसील पहुंचे। किसानों का आरोप है कि स्थानीय नवीन गल्ला मंडी में बिचौलियों द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है।

किसानों ने बताया कि मंडी में चल रहे पल्ला सिस्टम के कारण उन्हें नुकसान हो रहा है। यह व्यवस्था जिले और उत्तर प्रदेश की किसी अन्य मंडी में नहीं है। अनाज की सफाई के नाम पर उनकी उपज को सड़क और मंडी टीन सेट में फैलाया जाता है। फिर 75 किलो के बोरे में भरकर अलग दुकान पर भेजा जाता है, जबकि वास्तविक वजन 80 किलो होता है। किसानों ने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। मंडी में करीब 200 लाइसेंसधारियों में से केवल 15 से 20 लोग ही टैक्स जमा करते हैं, शेष बिचौलियों के लाइसेंस रद्द किए जाएं। पल्ला सिस्टम को पूरी तरह समाप्त किया जाए। अनाज का वजन केवल कंप्यूटर कांटों द्वारा टीन सेट और फड़ पर ही किया जाए। मूंग और मक्का की एमएसपी पर खरीद शुरू की जाए। किसानों ने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे बड़ा प्रदर्शन करेंगे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के नेता। अमृत विचार

## लघु सेतु का किया जायेगा चौड़ीकरण

**इटावा**। अपर जिला मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि खण्ड के अन्तर्गत कर्री छिमारा मार्ग के किमी 4 स्थित पुरानी संकीर्ण पुलिया के स्थान पर लघु सेतु का चौड़ीकरण के साथ पुनः निर्माण का कार्य स्वीकृत है, सेतु के पुनः निर्माण कार्य कराये जाने के कारण यातायात डायवर्जन किया गया है।

कर्री से छिमारा की तरफ आने-जाने वाले भारी वाहनों का आवागमन कुर्रा चौपला द्वारा डायवर्जन किया जा सकता है, छोटे एवं हल्के वाहनों का आवागमन लघु सेतु के दायीं तरफ निर्मित अस्थाई डायवर्जन द्वारा किया जायेगा। इस सम्बन्ध में 31 जुलाई तक यातायात डायवर्जन हेतु अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। इसलिये 31 जुलाई तक के लिए यातायात डायवर्जन की अनुमति प्रदान की गयी है।

## सार-संक्षेप


मुख्यमंत्री को प्रभु श्रीराम का चित्र भेंट करते जिलाध्यक्ष।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने सीएम से की भेंट

**इटावा**। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से भेंट की। जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इटावा आकर पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा का अनावरण करें। यह प्रतिमा यहां डीएम चौराहे पर लगाई गई है। इसके साथ ही जिले के विकास कार्यो को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा सरकार के कार्यो को संगठन बूथ स्तर तक पहुंचाएगा और जन जन को इनसे परिचित कराया जाएगा। भेंट के दौरान जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता व पूर्व नगरपालिका प्रत्याशी विनीता गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रभु श्रीराम का चित्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया। बाद में जिलाध्यक्ष ने बताया कि शहर मे लगी भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए मुख्यमंत्री के आने की संभावना है।

### जल संरक्षण पर दें विशेष ध्यान : राजेश

**इटावा**। के के इन्टर कालेज में जल ही जीवन विषय पर संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि इन्जी. राजेश कुमार वर्मा सेवानिवृत अधिशाषी अभियंता लघु सिचाई लखनऊ व जिला महासचिव अखिल भारतीय कूर्मी क्षत्रिय महासभा ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जल मानव जीवन के लिए कितना जरूरी है, मानव शरीर को स्वस्थ और सुंदर बनाने के लिए पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है उसमें एक तत्व जल भी है। जल के बिना जीवन नहीं है। सभी जीव जन्तुओं कीट पतंगों पशु मवेशियों को जल की आवश्यकता पड़ती है। इसलिए आप सभी जागरूक बनो और घर परिवार के साथ साथ पास पड़ोस को भी जागरूक करो कि जल का सदुपयोग सावधानी से करें और बर्बादी न करें। उन्होंने कहा कि कहीं कहीं अभी भी पानी की बहुत ज्यादा किल्लत होती है। गोष्ठी के आयोजक डा. हरी शंकर पटेल व बैडमिन्टन प्रशिक्षक ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। गोष्ठी को सफल बनाने में निशांत मिश्रा उर्फ सिक्कू, बैभव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### भरथना विधायक ने लगवाया वाटर कूलर

**महेवा**। विधायक भरथना राघवेंद्र गौतम ने कस्बा महेवा के अहेरीपुर मार्ग स्थित श्रीसिद्धनाथ महाराज मंदिर पर भक्तगणों की सुविधा हेतु गर्मी को देखते हुए वाटर कूलर लगवाया है। उनके इस कार्य की क्षेत्रीय लोगों ने प्रसंशा की है। विदित हो कि सैकड़ों वर्ष पुराने धार्मिक स्थल का सहकारी संघ महेवा के अध्यक्ष बहेड़ा निवासी राजीव चौधरी द्वारा पुनर्निर्माण कराकर मूर्तियों को प्राण प्रतिष्ठा कराई जा रही है तथा चार जून से लेकर 11जून तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में कार्यक्रम शुरू होने एक दिन पहले विधायक राघवेंद्र गौतम ने अपने प्रतिनिधि जीतू ठाकुर को भेजकर वहां भक्त गणों की सुविधा हेतु वाटर कूलर की स्थापना कराई। इस सराहनीय कार्य की लोगों ने सराहना की तथा हर्ष व्यक्त किया। हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से आर्यन चौधरी, राजीव तिवारी, गौरव तिवारी, हरी चौबे आदि रहे।

### सिंचाई बन्धु की बैठक 10 जून को

**इटावा**। अधिशासी अभियन्ता प्रखण्ड निचली गंगा नहर ने बताया सिंचाई बन्धु की माह जून की बैठक द्वितीय मंगलवार 10 जून को 11 बजे इटावा प्रखण्ड के प्रागंण की जायेगी। इसकी अध्यक्षता शासन द्वारा मनोनीत उपाध्यक्ष अशोक दीक्षित करेंगे।

### पति से विवाद में पत्नी ने पी डाई, भर्ती

**इटावा**। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत काशीराम कालोनी में पति से हुए विवाद के बाद पत्नी ने डाई का सेवन कर जान देने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार कामिनी 20 वर्ष पत्नी सुशील निवासी कांशीराम कालोनी टीबी अस्पताल सिविल लाइन का पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, तभी कामिनी ने डाई का सेवन कर जान देने की कोशिश की, परिजनों द्वारा उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद उसकी हालत ठीक बताई गई है।

# मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता इटावा



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते अतिथिगण। अमृत विचार

**अमृत विचार**। सिद्दीकी हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी के बैनर तले एजुकेशनल एकेडमिक अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन इस्लामियां इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। शुभारंभ संत विवेकानंद के छात्र मुहम्मद हम्ज़ा ने नात शरीफ पढ़ कर किया।

संत विवेकानंद की छात्रा अमरीन फातिमा, सेंट मैरी इंटर कॉलेज की छात्रा ज़ायना सिद्दीकी, संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री की छात्रा मारिया, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा शरिया फातिमा, डॉक्टर वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशनल सोसाइटी, कानपुर की छात्रा शारया इरफान सिद्दीकी, रॉयल ऑक्सफोर्ड की छात्रा ज़ोहा ताज, सेंट मैरी इंटर कॉलेज की छात्रा आयमा दानिश, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा ज़ोहा सिद्दीकी, इस्लामिया इंटर कॉलेज के छात्र मुहम्मद ताहिर, इस्लामिया गर्ल्स की छात्रा फ़ैज़ीन सहित अरीबा इरफान को मुख्य अतिथि तहसीलदार सैफई मुहम्मद असलम ने मेडल पहनाकर एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सिद्दीकी समाज के वरिष्ठ सदस्य मुहम्मद रईस ने किया।

- सिद्दीकी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर बढ़ाया मनोबल
- इस्लामिया कालेज में हुआ एजुकेशनल एकेडमिक अवॉर्ड कार्यक्रम

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप प्रबंधक इस्लामिया इंटर कॉलेज हाजी मसरूर अहमद, अन्य विशिष्ट अतिथि गुफरान अहमद प्रधानाचार्य इस्लामियां इंटर कॉलेज, असरा अहमद प्रधानाचार्य अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज, सायमा जमील प्रधानाचार्य इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज का सिद्दीकी हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों मुहम्मद फारिक, सुबूर अनवर ने माल्यार्पण एवं बुके देकर स्वागत किया।

मेधावी छात्रा जुनैरा को सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य मुहम्मद अनीस की तरफ से अपनी स्वर्गीय मां हसीना बानो के नाम से एक वर्ष के लिए 15 सौ रुपये मासिक स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई।

## डंपर की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**इटावा**। बढपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाह रोड पर तेजी से आ रहे डंपर ने ऑटो चालक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर को लेकर भाग जाने में सफल रहा। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराममच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

बढ़पुरा क्षेत्र के गांव अवारी निवासी 36 वर्षीय उमेश पुत्र नवाब सिंह आटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सोमवार देर शाम वह उदी चौराहा के पास बाह रोड पर ऑटो खड़ा करके घर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार डंपर ने उमेश को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक डंपर को भगा ले गया। जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल उमेश को लेकर सीएचसी पहुंचे। सिर में गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उमेश को मृत घोषित कर दिया। बड़े भाई विनोद कुमार ने बताया उमेश की पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।

# कम लागत में अधिक उत्पादन के बताये गुर



किसानों को जानकारी देते कृभकों के अधिकारी अमृत विचार

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार**। कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) द्वारा ग्राम कांकरपुर में किसान सभा व मृदा परीक्षण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कुलदीप यादव प्रधान प्रतिनिधि, राजवीर यादव जिला महामंत्री किसान यूनियन, कृभको के क्षेत्रीय अधिकारी अजय कुमार सिंह, कृभको केंद्र अधीक्षक अमित कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की।

कृभको के क्षेत्रीय अधिकारी अजय कुमार सिंह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के बारे में किसानों को बताया तथा कृभको के विभिन्न उत्पादो, मृदा परीक्षण, खरीफ फसलों के बारे में, अच्छी गुणवत्ता के बीज तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक खेती, तरल जैव उर्वरक, सन्तुलित उर्वरक का प्रयोग, करने की सलाह दी। खेती-बाड़ी की नई तकनीकी के बारे में जानकारी दी। कृषि विभाग से अवनीश कुमार यादव ने मृदा परिक्षण क्यों कराये, उससे क्या लाभ है उसकी सम्पूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रमोद कुयाद, जयपाल यादव आदि रहे।

- कांकरपुर के किसानों को कृभको ने किया जागरूक

**समस्या** रोडवेज बसें स्टैंड के अंदर कम और सड़कों से ज्यादा भर्ती हैं सवारियां, इससे होती है अव्यवस्था

# बस स्टैंड तिराहे पर जाम से जूझते रहते हैं राहगीर

कार्यालय संवाददाता इटावा


रोडवेज बस स्टैंड तिराहे पर खड़ीं बसें व टेम्पो से लगा जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार**। थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रोडवेज बस स्टैंड तिराहे पर आये दिन जाम लगने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन कोतवाली और यातायात पुलिस पर इसका कोई असर नहीं हो रहा जबकि इस समय भीषण गर्मी का मौसम है और राहगीरों को जाम में फंसकर तेज धूप में पसीना बहाना पड़ता है।

रोडवेज बस स्टैंड तिराहे पर रोडवेज की बसों और टेम्पो के खड़े होने से दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। आए दिन जाम लगा रहता है। ट्रैफिक पुलिस इस गंभीर समस्या से बिल्कुल अनजान बनी हुई है। रोडवेज बस स्टैंड तिराहे से लेकर बस स्टैंड तक रोडवेज की लम्बी कतार लगी रहती है। बस स्टैंड से तिराहे तक आगरा, दिल्ली और कानपुर, औरैया जाने वाली बसे खड़ी होकर सवारियों का इंतजार करती हैं। जबकि बस स्टैंड इतना बड़ा है कि यहां बसें खड़ी हो सकती हैं। यात्री भी पहले बस स्टैंड पर आते हैं जब वहां उन्हें बस नही मिलती तब उन्हें मजबूरी में बस स्टैंड तिराहे पर जाना पड़ता है। रोडवेज चालक परिचालक यात्रियों के इंतजार में बसों को सड़क पर खड़ा करके जाम को दावत देते रहते हैं जबकि रोडवेज की बसों के खड़े होने की पूर्ण व्यवस्था बस स्टैंड परिसर में है मगर चालक परिचालक ज्यादा सवारी बैठाने की लालच में बसों को बस स्टैंड पर कम और सड़क पर ज्यादा खड़ा करते हैं।

- कोतवाली और यातायात पुलिस अराजकता देखकर भी करती है अनदेखा
- सीओ यातायात आयुषी सिंह ने कहा कि जल्द चलाया जायेगा अभियान, होगी कार्रवाई

इतना ही नहीं बसें जिन दुकानों के सामने खड़ी होती हैं उन दुकानदारों को भी परेशानी होती है मगर चालकों परिचलकों पर इसका कोई असर नहीं होता। इसके अलावा बस स्टैंड तिराहे पर खड़े होने वाले ऑटो और टेम्पो भी जाम का कारण बने हुए हैं। खास बात तो ये है कि यह क्षेत्र नया शहर चौकी में आता है और यातायात पुलिस भी यहां तैनात रहती है इसके बावजूद लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इस सम्बंध में सीओ यातायात आयुषी सिंह ने बताया कि जल्द ही अभियान चलाकर सड़क पर बसें खड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

## भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा

चकरनगर। ब्लॉक के सिरसा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य समापन हुआ। उन्होंने वासुदेव-नारद संवाद, सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष कथा का वर्णन किया। कथा के समापन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे प्रदेश महासचिव महिला सपा अनीता यादव ने कथा व्यास का सम्मान किया वहीं आयोजक गब्बर यादव की मां सावित्री ने सपा नेत्री का पुष्प पटका और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कथा के दौरान मानसिंह यादव, मुंशी यादव, अमर सिंह, राजकिशोर और अखिलेश द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जबकि परीक्षित भंडारे का आयोजन गुजरात से आए मुकेश शुक्ला और ज्योति बाई ने किया। कोला गांव के सोनू बाथम ने फल वितरित किये।

# व्यापारियों के सम्मान के लिए संकल्पित रहना होगा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। एसडी फील्ड स्थित कार्यालय पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें संगठन के विस्तार के साथ व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई।

बैठक में व्यवसायी राघवेन्द्र उर्फ प्रिन्स राठौर को जिला उपाध्यक्ष, अनुज राठौर को जिला सचिव, कुलदीप यादव को युवा जिला उपाध्यक्ष, दिलीप कुमार को युवा जिला सचिव का दायित्व सौंपा गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान ने कहा कि व्यापारियों के मान सम्मान सुरक्षा के लिए व्यापार मंडल दिन प्रतिदिन अपना कुनबा बढ़ा रहा है। सरकारी तंत्र सबसे ज्यादा उत्पीड़न हम व्यापारियों का ही करता है, इसलिए व्यापार मंडल का मजबूत होना आवश्यक है। जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि व्यापारियों की समस्या का समाधान कराने के लिए हम संकल्पित हैं, आपकी एकजुटता हमारा मनोबल ऊंचा करती है, व्यापारियों को अब तय करना होगा कि सही मायनें मे कौन उनकी आवाज बुलंद कर रहा है। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, मनोज भदौरिया, जीतू भदौरिया, उद्योग मंच के अध्यक्ष भारतेन्द्र भारद्वाज, प्रदेश मंत्री महिला गुड्डी बाजपेई, संरक्षक सुशीला राजावत, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, चित्रा परिहार आदि पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# सड़क किनारे बंद होंगी मुर्गा-मीट की दुकानें

## जिलाधिकारी ने 24 घंटे में दुकानें बंद कराने के दिए सख्त निर्देश, अवैध टैक्सी-बस स्टैंड भी हटाए जाएंगे

- एसडीएम और सीओ को संयुक्त रूप से सौंपा गया जिम्मा
- एक बार हटने के बाद दोबारा संचालन पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए डीएम ने जूम मीटिंग के माध्यम से अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। कार्यों की विस्तार पूर्वक समीक्षा करते हुए संबंधितों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र का निरीक्षण कर साफ-सफाई, जलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था, घाटों की बैरीकेटिंग, घाटों की प्रकाश व्यवस्था आदि को समय से दुरुस्त कराएं।

डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने उप जिलाधिकारी, सीओ, थानाध्यक्ष सहित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को अयाना, बीझलपुर और सिकरोड़ी आदि में संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर सड़क किनारे संचालित मुर्गा, मछली, बकरा आदि की दुकानों को 24 घंटे में हटवाने के लिए भी निर्देशित किया और कहा कि पुनः गोश्त की दुकानों का संचालन कतई न होने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि कहीं अवैध रूप से टैक्सी, बस स्टैंड संचालित किया जा रहा है तो उस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए बंद कराएं।


बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों व पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं का निरीक्षण कर गौआश्रय स्थलों में रक्षित पंजिका में संरक्षित गोवंशों की संख्या का अंकन किया जाए और उनके स्वास्थ्य परीक्षण के साथ दिए जाने वाले चारा, पानी, दाना सहित साफ-सफाई, छाया आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी उप जिलाधिकारी, अधिशाषी अधिकारी और खंड विकास अधिकारी चार दिन अभियान चलाकर खुले में घूम रहे गोवंशों को गौआश्रय स्थलों में पहुंचना सुनिश्चित करें और संरक्षित गोवंशों की ईयर टैगिंग भी सुनिश्चित की जाए। डीएम ने वनाधिकारी (डीएफओ) को पर्यावरण के दृष्टिगत नदियों का समय से पुनरोद्धार कराने को कहा। समीक्षा के दौरान जन शिकायतों के निस्तारण में विकास खंड व थाना स्तर पर संतुष्टि प्रतिशत कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विकास खंड स्तर पर निर्धारित मामलों की समीक्षा के लिए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस के निस्तारित संदर्भों की समीक्षा कर संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाएं और खराब निस्तारण पाए जाने वाले विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि संतुष्टि प्रतिशत प्रत्येक दशा में बढ़ाना है, जिससे जनपद की रैंकिंग में गुणोत्तर सुधार हो। उन्होंने थाना स्तर पर निस्तारित मामलों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए जिससे संतुष्टि प्रतिशत में सुधार हो सके।

विकास खंड बिधूना के ग्राम डोडापुर में संचालित व्यक्तिगत (प्राइवेट) गौआश्रय स्थल के संचालन की लगातार मिल रही शिकायतों पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि गौआश्रय स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखें और सीसीटीवी लगवाए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करें ताकि व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा सके और गौआश्रय स्थल से गौवंशों को छोड़ने के कारण कृषकों की फसलों के होने वाले नुकसान पर भी रोक लग सके।

### कुर्बानी के अवशेष नमक डालकर गड्ढे में दफनाएं

जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत राज अधिकारी व पुलिस विभाग तथा नगरीय क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि वह यह सुनिश्चित करें कि बकरीद के त्योहार पर की जाने वाली कुर्बानी के पशुओं के अवशेष कहीं इधर-उधर खुले में न डाले जाए। इसके लिए नियमानुसार चिन्हित स्थान पर गड्ढा खोदने, नमक आदि की व्यवस्था के साथ अवशेषों का (डिस्पोजल) निस्तारण कराया जाए। साथ ही यह भी नजर रखी जाए कि किसी प्रतिबंधित जानवर (पशु) की कुर्बानी न की जाए।

# कंस वध के साथ निकाली गईं झांकियां

संवाददाता, रुरुगंज

**अमृत विचार।** कस्बा के पंचवटी आश्रम पर आयोजित श्रीमदभागवत कथा में सरस संगीतमय भागवत कथा का रसपान कराते हुए पं श्याम बिहारी दुबे ने विभिन्न सूर्यवंशी राजाओं की कथा, कंस वध, उद्धव प्रसंग, जरासंध वध, कालयवन उद्धार, द्वारिका पूरी की महिमा, बलराम जी का विवाह और श्रीकृष्ण रुखमणी विवाह के बाद सुदामा चरित्र का वर्णन बताया। कथा आचार्य दुबे द्वारा श्रीकृष्ण रुखमणी विवाह व सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए, आंखों में अश्रु बहने लगे।


कथा की अमृत वर्षा में सराबोर हुए श्रद्धालु। अमृत विचार

कथाचार्य प. श्याम बिहारी दुबे ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र के दुःख को बिना कहे समझ जाए। दुःख, कष्ट के समय हमेशा सहयोग के लिए खड़ा रहे। अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे, परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। सुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त रहे हैं। वह जीवन में जितने गरीब नजर आए, उतने वे मन से धनवान थे। उन्होंने अपने सुख व दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया था। श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण ने मिलने आए तो उन्होंने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए। अगर सच्चा मित्र है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए। जीवन में मनुष्य को श्रीकृष्ण की तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए। इस दौरान कलाकारों द्वारा झांकिया निकालकर दर्शकों को रोमांचित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक श्यामबाबू दीक्षित ने बताया कि बुधवार को मन्दिर परिसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर हिमांशु श्रीवास्तव, शिवम तिवारी, रामवृक्ष यादव,, शैलेंद्र तिवारी, नन्दू पोरवाल, सुंगे पोरवाल, अनमोल पोरवाल, मैनेजर पोरवाल, अमन गुप्ता, सोनू यादव, सुनील गुप्ता प्रधान, रविन्द्र यादव पूर्व प्रधान सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।


कथा सुनाते आचार्य पं. श्याम बिहारी दुबे।

# प्यार, दुलार और अपनत्व ही डिस्लेक्सिया का इलाज

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** प्यार, दुलार और अपनत्व की भाषा से डिस्लेक्सिया ग्रसित बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकता है। डिस्लेक्सिया कोई बीमारी नहीं, बल्कि अगर सही समय पर इसे पहचान लें, तो निश्चित ही बच्चा सही दिशा में बढ़ जाएगा। कई बार बच्चों को पढ़ने, लिखने व बोलने में समस्या होती है।


डॉ. आंचल दुबे।

डॉ. आंचल दुबे ने बताया कि अक्सर माता-पिता बच्चे की इस समस्या को पढ़ने-लिखने में कमजोर समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन पढ़ने और लिखने में कठिनाई होना डिस्लेक्सिया डिसऑर्डर का कारण हो सकता है। डिस्लेक्सिया एक न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो व्यक्ति के लिखने वाली भाषा को प्रोसेस करने और डिकोड करने की क्षमता को प्रभावित करता है। यह व्यक्ति के खराब बुद्धि या कोशिश करने की कमी के कारण नहीं होता है, बल्कि दिमाग के जानकारी प्रोसेस करने के तरीके में अंतर के कारण होता है। डिस्लेक्सिया हर उम्र के बच्चों को प्रभावित कर सकता है। डॉ. आंचल दुबे के अनुसार डिस्लेक्सिया एक सीखने से जुड़ा डिसऑर्डर है, जो बच्चे के पढ़ने, लिखने और बोलने की क्षमता को प्रभावित करता है। इसका पता लगाकर इलाज की मदद से बच्चों की समस्याओं को मैनेज किया जा सकता है।

# एक दिन पहले खाया जहर, दूसरे दिन मालगाड़ी से मौत

- एक दिन पहले जहर खाने के बाद अस्पताल से मिली थी छुट्टी
- अछल्दा स्टेशन के पूर्वी सिग्नल के पास ट्रेन की चपेट में आया

संवाददाता, अछल्दा

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रूट के रेलवे स्टेशन अछल्दा की पूर्वी रेलवे क्रासिंग आउटर सिग्नल के खंबा नंबर 1116/19-17 के मध्य अप लाइन पर आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। इससे एक दिन पहले युवक ने जहरीला खाया था। अस्पताल में इलाज के बाद उसे छुट्टी मिली थी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।


रिनूद्दीन।

अछल्दा थाना क्षेत्र के मुक्खे की मड़ैया निवासी 42 वर्षीय रिनूद्दीन पुत्र इशाक खां टेलर की दुकान पर कपड़ा सिलने का काम करता था। सोमवार देर रात घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होने के कारण परिजन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा में भर्ती कराया गया। सीएचसी में उपचार बाद चिकित्सक ने सकुशल सुबह चार बजे घर भेज दिया। घर जाकर बिना बताए युवक मंगलवार सुबह निकल आया।


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

सुबह 10 बजे के करीब दिल्ली-हावड़ा रूट के रेलवे स्टेशन अछल्दा की पूर्वी रेलवे क्रासिंग आउटर सिग्नल के खंबा नंबर 1116/19-17 के मध्य अप लाइन पर आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मालगाड़ी चालक ने ट्रेन को रोक दिया फिर लोको पायलट ने घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने आरपीएफ व सिविल पुलिस को सूचना दी। रेलवे ट्रेक पर शव पड़ा होने के चलते कानपुर सेंट्रल से चलकर इटावा जा रही 64603 पैसेंजर मेमू 10 मिनट के लिए पीछे खड़ी रही। रेल कर्मचारियों ने ट्रैक से शव को हटाने के बाद मेमू पैसेंजर को रवाना किया गया। थाना वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेश चन्द्र पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### महिला को बेहोश कर कुंडल लूटकर भागे लुटेरे

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के मोहम्दाबाद निवासनी रामदेवी पत्नी राम स्वरूप दिवाकर दोपहर 12:30 बजे अपने पुत्र सर्वेश के साथ सब्जी मंडी सब्जी लेने आई थी। उसका पुत्र दवाई लेने सीएचसी चला गया। रामदेवी सब्जी लेकर मंडी रोड की तरफ आकर बैठ गई, तभी दो युवक बाइक से आए और भरथना जाने का रास्ता पूछने लगे। एक युवक ने सफेद रुमाल निकालकर मुंह के सामने हिला दिया, जिससे रामदेवी बेहोश हो गई। रामदेवी को रेलवे स्टेशन की तरफ ले जाकर कानों के कुंडल निकालकर रफूचक्कर हो गए। कई घंटे बाद होश आने पर रात में रामदेवी ने घर पहुंचकर पूरी बात बताई। पीड़िता ने मंगलवार सुबह थाने में तहरीर दी। पुलिस जांच कर रही है।


भिखरा गांव की कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ राम कथा महोत्सव शुरू

**बिधूना।** तहसील क्षेत्र के भिखरा में श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ एवं राम कथा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ हो गया। मंगलवार को कलश यात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी एवं रवि सेंगर के नेतृत्व में निकाली गई। यह कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से महादेव मंदिर होकर आदित्यनाथ मंदिर होते हुए बिधूना-रामगढ़ मार्ग होकर प्राचीन शिव मंदिर, प्राथमिक विद्यालय ब्रह्मदेव मंदिर व दुर्गा मंदिर होकर राम जानकी मंदिर शंकर जी मंदिर पहुंची। जहां यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर व्यास पीठ के समक्ष वैदिक रीति नीति एवं मंत्रोच्चारों के बीच कलशों की स्थापना की गई। सरस कथा वाचक आचार्य हरिओम महाराज ने कहा कि धर्म को छोड़कर शांति की प्राप्ति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म पर चलने वालों के सामने मुसीबतें अवश्य आतीं हैं, लेकिन अंत में विजय उन्हीं की होती है। उन्होंने कहा कि कठोर कासन को बर्दाश्त करने वालों को बाद में परमधाम व परपरी की प्राप्ति भी सुनिश्चित है। इस मौके पर सौरभ त्रिपाठी, योगेंद्र प्रताप सिंह सेंगर, रवि सेंगर, अमित त्रिपाठी, गोविंद दुबे, रामकुमार दुबे, हरिकांत द्विवेदी, विजय त्रिपाठी, पूतन दुबे, मिंटू दुबे, रामू सेंगर, अनूप सोनी, लालू बाजपेई आदि मौजूद रहे।

### चौराहे पर स्टाल लगाकर पिलाया गया शर्बत

**बिधूना।** पेट्रोल पंप चौराहे के पास जयश्री महाकाल सरकार सेवा समिति की ओर से शर्बत का वितरण किया गया। इस अवसर पर गौरव भदौरिया, धनंजय सिंह सेंगर, मोहित प्रताप सिंह, गौरव दीक्षित, विनय शुक्ला आदि समिति के लोगों ने गर्मी से बेहाल लोगों को शरबत पिलाया। नगर एवं क्षेत्र के लोगों द्वारा गर्मी के इस मौसम में समिति द्वारा शरबत वितरण की सराहना की गई। समिति के अध्यक्ष गौरव भदौरिया ने कहा कि समिति गरीब बेसहारा मजलूमों, दिव्यांग जनों की सेवा के साथ रचनात्मक कार्यों को करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा समिति की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### बिधूना तहसील के पांच गांवों में चकबन्दी प्रक्रिया पूरी

**औरैया।** बिधूना तहसील के पुनावर, ऐरवाटीकुर, रामपुरखास, रघुनाथपुर और गनूपुर में चकबन्दी प्रक्रिया पूरी हो गई है। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) नीरज प्रसाद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम 1953 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार उपधारा (1क) उपधारा (1) के अधीन विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से चकबन्दी क्रियाएं इन ग्रामों में समाप्त हो गई हैं।

# 775 हुनरमंदों को जिला उद्योग केंद्र में दिया जाएगा प्रशिक्षण

- सरकार की ओर से विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** हुनरमंद लोगों को रोजगार दिये जाने के लिए सरकार की ओर से विश्वकर्मा श्रम सम्मान की शुरुआत की गई है। इसके लिए कारीगरों को उद्यम के आधार पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस बार शासन की ओर से 775 का लक्ष्य आवंटित किया गया है। प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के बाद हुनरमंद लोगों को किट वितरित की जाएगी।

उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन दुर्गेश कुमार ने बताया कि शासनादेश द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू की गयी है। इस योजनान्तर्गत जनपद के पारम्परिक कारीगर जैसे-बढई, दर्जी, नाई, लोहार, हलवाई, राजमिस्त्री, मोची एवं हस्तशिल्पियों के आजीविका के साधनों का सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत किये जाने का प्राविधान है। इस योजना के तहत कौशल वृद्धि प्रशिक्षण, इसके अन्तर्गत पारम्परिक कारीगरों को उद्यम के आधार पर कौशल वृद्धि हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद लाभार्थियों का एससेमेन्ट कराकर आरपीएल सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है।

इसके अन्तर्गत व्यवसाय के सफल संचालन के लिए आधुनिकतम तकनीक पर आधारित उन्नत किस्म के टूलकिट का वितरण कौशल वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरान्त सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान किया जाता है। निदेशालय के द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मानयोजनान्तर्गत प्रशिक्षण एवं टूलकिट हेतु जनपद औरैया को 775 का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसमें जनपद के कुशल कारीगर विभिन्न ट्रेडवार जैसे- बढई, दर्जी, नाई, लोहार, हलवाई, राजमिस्त्री, मोची ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन विभागीय वेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन-पत्र निःशुल्क कर सकते है। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो एवं आवेदक पारम्परिक बढई, दर्जी, नाई, लोहार, हलवाई, राजमिस्त्री, मोची के क्षेत्र में कार्य करता हो।

# ग्राम प्रबंधन समिति की बैठक में पट्टे के प्रस्ताव

**बिधूना।** ग्राम पंचायत इकघरा बिधूना के ग्राम सचिवालय में ग्राम प्रधान छुमी देवी की अध्यक्षता में भूमि प्रबंधन समिति की खुली बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पूर्व की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया। मौजूद सदस्यों एवं ग्रामीणों द्वारा पुष्टि की गयी। इस अवसर पर विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा के साथ कृषि योग्य एवं आवासीय पट्टा आवंटन हेतु प्रस्ताव तैयार किए गए। इस अवसर पर ग्राम सभा के दो तिहाई से अधिक सदस्यों के अलावा भूमि प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ग्राम प्रधान, भूमि प्रबंधन समिति के सचिव क्षेत्रीय लेखपाल, एवं ग्रामीण मौजूद थे। ग्राम प्रधान छुमी देवी ने कहा कि पात्र लोगों को चयनित कर अतिशीघ्र कृषि योग्य एवं आवासीय पट्टा आवंटन की कार्यवाही की जायेगी।

# अतिक्रमण हटाने की उठाई गई मांग

- सभासदों ने ऑटो चालकों पर सख्ती बरतने की मांग की

संवाददाता, दिबियापुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के सभासदों ने थानाध्यक्ष रुद्र नारायण त्रिपाठी को नगर की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं सभासद रिशी पोरवाल ने स्टेशन रोड पर आटो चालकों की मनमानी पर सवारी भरने पर सख्ती बरतने की मांग की। सभासदों ने भी आटो चालकों के खिलाफ अभियान चलाने की मांग की।

सभासद राजीव शर्मा ने नगर क्षेत्र में नाली तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाने और दूसरी बार अतिक्रमण पाये जाने पर सम्बधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने सभासदों को आश्वस्त किया कि अतिक्रमण के खिलाफ अधिशाषी अधिकारी से मिलकर जल्द अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा बेतरतीब आटो खड़े करने वाले चालकों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई अमल में लाइ जाएगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल ने मौजूद सभासदों का थाना प्रभारी से परिचय कराया। इस मौके पर इकरार खान, राजकुमार, राहुल अम्बेडकर, कृष्ण कुमार कश्यप, सचिन गुप्ता, इन्द्रपाल सिंह, योगेन्द्र सिंह छोटू, रिशी पोरवाल, राजीव शर्मा एवं अजय पोरवाल के अलावा व्यापारी उमेश पालीवाल मौजूद रहे।

**तैयारी** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए रूपरेखा तैयार, अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

# ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होंगे योग शिविर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए डीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई। 15 से 21 जून तक मनाए जाने वाले योग सप्ताह के लिए जिम्मेदारी तय करते हुए निर्देशित किया कि कार्यक्रम को वृहद और आकर्षक ढंग से संपन्न किया जाए। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत स्तर, विकासखंड स्तर, तहसील स्तर तथा जिला मुख्यालय स्तर पर माइक्रोप्लान के तहत आयोजित किया जाए। साथ ही कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए।

जिलाधिकारी डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन की सफलता के लिए कार्यक्रम स्थलों का चयन किए जाने के साथ-साथ ग्राम स्तर पर कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए मास्टर ट्रेनरों को योग क्रियाओं से संबंधित प्रशिक्षण दिलाते हुए ग्राम पंचायत वार नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, जिसकी सूची तैयार कर उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर कार्यक्रम में सहभागिता करने वालों को योग क्रियाएं कराते हुए उससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ के संबंध में भी आमजन को जागरूक करें ताकि योग क्रियाओं के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़े और वह योग को अपने आम जीवन में सम्मिलित करते हुए स्वस्थ जीवन जी सकें।



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि योग शिविर आयोजित किए जाने के समय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित कर लिए जाएं जिससे आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा सके। कहा कि प्रत्येक ग्राम स्तर पर मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया जाए और मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण का कार्यक्रम 15 जून से पूर्व पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने यह निर्देश दिए कि जिला मुख्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले वृहद और आकर्षक आयोजन करने के लिए नोडल अधिकारी समय रहते व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें जिससे कार्यक्रम आकर्षक ढंग से संपन्न हो।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के लिए ककोर स्थित तिरंगा मैदान में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए ताकि कार्यक्रम में किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी सुरेंद्र कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. संतोष कुमार, प्रभारी जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमर रतन गौतम, प्रभारी आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ आलोक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष गौरव पांडेय, मास्टर ट्रेनर शशिराज सेठ, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक जीएस राजपूत एवं जनपद स्तरीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# मढ़नई का सलामत रास्ता नहीं

- सड़क निर्माण नहीं होने से लोग परेशान, अफसर अनजान

संवाददाता, कंचौसी

**अमृत विचार।** सहार ब्लॉक के अंतर्गत मढ़नई ग्राम पंचायत के मजरा मढ़नई मजरा में कई सालों से कच्ची सड़कों का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है। इस कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इस बारे में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को कई बार अवगत कराया है लेकिन अभी तक रास्तों की सुध नहीं ली गई। जिस कारण ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति रोष पैदा हो रहा है।

प्रदेश सरकार की ओर से ग्रामीण आंचल में शहरों की तरह सुविधा उपलब्ध कराये जाने का दावा किया जा रहा है। लेकिन, जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते कई क्षेत्रों में ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। जिस वजह से उन्हें परेशान होना पड़ता है। गांव मढ़नई में कई वर्षो से ग्रामीण समस्याओं से घिरे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीण लाखन सिंह, कल्याण सिंह, अंकित सिंह, सर्वेश सिंह, दीपू सिंह राजावत, लोकेंद्र प्रताप सिंह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में यह समस्या कोई नई नहीं है।


सहार ब्लाक के मढ़नई गांव जाने वाला कच्चा रास्ता। अमृत विचार

बीते कई सालों से उनके गांव की पंचायत व जिला प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली गई है। जिसके चलते आज गांव में एक भी सड़क ऐसा नहीं है जिससे गांव से बाहर आसानी से निकला जा सके। उन्होंने बताया कि सड़क और नाली का निर्माण कार्य नहीं होने से उनको हर कार्य करने में परेशानी आ रही है। बरसात में निकलना भी मुश्किल हो जाता है। जिला प्रशासन के साथ कई स्थानीय नेताओं से भी इस बारे में गुहार लगाई है लेकिन आज तक किसी ने भी उनके गांव के रास्तों को सुध नहीं ली है। बरसात रास्ते में बहुत अधिक मात्रा में कीचड़ जमा हो जाता है।

## एक नजर

### दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार पर परिवहन कर्मी होंगे दंडित

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार करने वाले परिवहन निगम कर्मी दंडित होंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। राज्यमंत्री मंगलवार को विधानभवन में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में राज्यमंत्री ने दिव्यांगजनों की यात्रा सुविधाओं पर चर्चा की। यात्रियों का विस्तृत रिकॉर्ड बनाने व चालक-परिचालकों को संवेदनशील व्यवहार का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों की यात्रा का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जाय। यह रिपोर्ट समयबद्ध ढंग से तैयार कर विभाग को प्रस्तुत की जाए।

# सभी जिलों में सीटी स्कैन होगा निःशुल्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अब तक लखनऊ, गोरखपुर रायबरेली समेत कई जिलों में सीटी स्कैन के लिए जमा कराए जा रहे थे 500 रुपये**
- **उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर मरीजों को दी गई राहत**
- **12 मेडिकल संस्थानों में 464.70 लाख रुपये से बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं**

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी जिलों में अब निःशुल्क सीटी स्कैन जांच की सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर लागू हुई इस सुविधा से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

दरअसल, सभी जिला अस्पतालों में पैथोलॉजी, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड समेत दूसरी जांचों की भांति सीटी स्कैन भी निःशुल्क हो रहा है, लेकिन छह जिलों में सीटी स्कैन जांच के एवज में मरीजों से 500 रुपये शुल्क जमा कराया जा रहा था। लखनऊ, आगरा, गोरखपुर, कुशीनगर, मुरादाबाद एवं रायबरेली में सीटी स्कैन जांच के लिए रोगी कल्याण निधि में बतौर यूजर चार्जेज 500 रुपये जमा कराए जा रहे थे। ब्रजेश पाठक की पहल पर यह शुल्क माफ कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 12 मेडिकल कॉलेज व कानपुर के दो संस्थानों में मरीजों के हितों में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इसमें आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, बांदा, आजमगढ़, सहारनपुर, अम्बेडकर नगर, जालौन, कन्नौज व बदायूं और कानपुर के हृदय रोग संस्थान, जेके कैंसर संस्थान के लिए 464.70 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस क्रम में अवमुक्त धनराशि में से प्रति मेडिकल कॉलेज को 33.5 लाख तथा जेके कैंसर संस्थान को 31 लाख रुपये आवंटित किया गया है। इससे मेडिकल कॉलेज व संस्थान आवश्यक उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# 47 जिलों में मोटे अनाज की खेती को आगे आई सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **24 जिलों में ज्वार, 38 में बाजरा, 13 में कोदो व 12 में सावां की खेती की तैयारी**

**अमृत विचार :** योगी सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। 47 जिलों में न्यूट्री सीरियल्स (मोटे अनाज/श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देने की व्यापक योजना तैयार की गई है।

यह योजना वर्ष 2025-26 की राज्य कार्ययोजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के अंतर्गत संचालित की जाएगी। अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, सीतापुर समेत प्रदेश के 47 जिलों में इसकी पूरी योजना तैयार कर ली गई है। सरकार का उद्देश्य इस योजना के जरिए छोटे और मझोले किसानों को लाभान्वित करना है। जिससे एक ओर किसानों की आमदनी में इजाफा हो और दूसरी ओर लोगों को पोषणयुक्त अनाज उपलब्ध कराया जा सके। इसमें ज्वार, बाजरा, कोदो और सावां जैसे परंपरागत और स्वास्थ्यवर्धक अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**इन जिलों में ज्वार की फसल से बढ़ेगी आमदनी :** अयोध्या, बाराबंकी, बांदा, चित्रकूट, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फतेहपुर, जालौन, हमीरपुर, सुल्तानपुर, कौशाम्बी, महोबा, रायबरेली, प्रयागराज, अमेठी, सोनभद्र, सीतापुर, हरदोई, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, उन्नाव, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी।

**इन जिलों में बाजरे से होगा मोटा मुनाफा :** आगरा, बदायूं, अलीगढ़, फिरोजाबाद, सम्भल, हाथरस, एटा, मथुरा, कासगंज, इटावा, औरैया, प्रयागराज, कानपुरदेहात, मैनपुरी, गाजीपुर, बरेली, जालौन, मिर्जापुर, बुलन्दशहर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, चित्रकूट, भदोही, फतेहपुर, वाराणसी, फर्रुखाबाद, जौनपुर, चन्दौली, बांदा, कन्नौज, शाहजहांपुर, हरदोई, अमरोहा, मुरादाबाद, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, कानपुरनगर एवं सीतापुर।

**इन जिलों में सावां के जरिए बढ़ेगी कमाई :** जालौन, सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, जौनपुर, हरदोई, प्रतापगढ़, फर्रुखाबाद, भदोही, वाराणसी, चन्दौली एवं हमीरपुर।

**इन जिलों में कोदो की फसल से बदलेगी किसानों की तकदीर :** जालौन, सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, फर्रुखाबाद, चन्दौली, भदोही, प्रतापगढ़, जौनपुर, हरदोई, वाराणसी, मुरादाबाद एवं हमीरपुर।

# सरकारी राशन बांटने को बनेंगे अन्नपूर्णा भवन

## यूपी कैबिनेट का फैसला : हर जिले में प्रतिवर्ष 75 से 100 भवन बनाए जाएंगे, सरकारी खजाने से होगा निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

**अमृत विचार :** राज्य सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और मजबूत बनाने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए अन्नपूर्णा भवन योजना शुरू करने जा रही है। हर जिले में प्रतिवर्ष 75 से 100 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाएंगे। इन भवनों के निर्माण को गति देने के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में सरकारी खजाने से भी इनका निर्माण कराने का फैसला लिया गया है। यह भवन ग्राम समाज की आय का साधन भी बनेंगे। यहां राशन के अलावा अन्य सामान की भी बिक्री हो सकेगी।

इस बाबत वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुंदेलखंड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केंद्र सरकार की योजना से अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग बचत से धनराशि की व्यवस्था करेगा।सुरेश खन्ना के अनुसार, 484 वर्ग फुट में इसे बनाया जाएगा। वर्ष 2025-26 में 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक अन्नपूर्णा भवन का निर्माण 8.50 लाख रुपये में कराया जा रहा है।

### विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी

अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय शुरू करने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। इसके लिए लेटर आफ परमिशन (एलओपी) जारी किया गया है। वहीं, गाजियाबाद स्थित अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कालेज को निजी विश्वविद्यालय का दर्जा देने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) सौंपा गया है। इसके अलावा, सिद्धार्थनगर जिले में स्थित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के भवन निर्माण को भी स्वीकृति मिल गई है।

**5 मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति :** कैबिनेट ने उप्र. औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा 5 इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रालि., बाराबंकी को अनुमन्य वितीय प्रोत्साहन व सुविधाओं की प्रथम किस्त के रूप में 38,73,01,888 रुपए, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रालि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपये, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेन्ट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून वेबरेजेज हापुड़ को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन व सुविधाओं की प्रथम किस्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई।

**नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत :** हल्दीराम स्नैक्स प्रा.लि. गौतमबुद्ध नगर में 662 करोड़ रुपये से खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग तैयार करने की इकाई स्थापित करेगी। कैबिनेट की बैठक में इस संदर्भ में एलओसी (लेटर आफ कंफर्ट) जारी करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

**दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति :** राज्य में डाटा सेंटर (प्रथम संशोधन) नीति-2021 के अंतर्गत निवेशक मेसर्स एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर्स इंडिया प्रालि. को दो ग्रिड लाइनों द्वारा विद्युत आपूर्ति का लाभ प्रदान किए जाने के संबंध में कैबिनेट से प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

# लखनऊ में बनेगी देश की पहली स्वदेशी फैब लाइन

- **आईआर डिटेक्टरों का होगा निर्माण, परियोजना पर खर्च होंगे 2000 करोड़**
- **आईआरडीई देहरादून और यूपीडा के बीच हुआ एमओयू**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


समझौता ज्ञापन दिखाते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अधिकारी।

**अमृत विचार :** राजधानी में आईआर डिटेक्टरों के निर्माण के लिए देश की पहली स्वदेशी फैब-लाइन स्थापित होगी। यूपी डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड में 25 एकड़ क्षेत्र में इसका निर्माण होगा। इस परियोजना पर दो हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। लगभग 650 नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

सोमवार को लोकभवन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (आईआरडीई) देहरादून और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

एमओयू के तहत रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अधीन एक अग्रणी प्रयोगशाला आईआरडीई, आईआर डिटेक्टरों के विकास और निर्माण के लिए फैब-लाइन की स्थापना होगी। इस अवसर पर आईआरडीई के निदेशक डॉ. अजय कुमार, डॉ. सुधीर खरे, डॉ. निमिष दीक्षित, अजय मिश्रा, डॉ. प्रभात शर्मा, एसएन सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

आईआरडीई के अधिकारियों ने डिफेंस नोड पर प्रस्तावित साइट का भ्रमण भी किया।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

## प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में योगी ने कार्यकर्ताओं को समझाई रणनीति



लखनऊ में कार्यशाला के दौरान मुख्यमंत्री योगी, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व अन्य पार्टी नेता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से मंगलवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनजागरण की रणनीति समझाई और बूथ स्तर तक संवाद करने का मंत्र दिया। कहा कि आजादी के अमृत वर्ष में देश को मोदी जैसा नेतृत्व मिलना हम सबका सौभाग्य है।

'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष' थीम पर हुई इस कार्यशाला की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि से हुई। मुख्यमंत्री योगी ने 9 जून से 21 जून तक कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संवाद का मंत्र देते हुए कहा कि मोदी सरकार की 11 साल उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है। योगी ने प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की रूपरेखा का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को अखिल भारतीय स्तर पर प्रचारित करने का समय है, जिसमें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां शामिल होंगी। योगी ने केंद्र सरकार की योजनाओं से यूपी में आए व्यापक बदलावों और विकास की विस्तार से चर्चा की।

### पेशेवर समूहों को भी जोड़ें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केवल पार्टी कार्यकर्ताओं तक सीमित न रहें, बल्कि आम जन, पेशेवर समूहों, और लाभार्थियों को भी अभियान से जोड़ें।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, बसंत त्यागी, भूषण सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल समेत भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिहार में नाबालिग के साथ दुष्कर्म व हत्या चिंतनीय



**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर में अनुसूचित वर्ग के नाबालिग के साथ दुष्कर्म, चाकू से गोदकर मारने व पटना अस्पताल में इलाज में लापरवाही से मौत की घटना बदहाल कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था का जीता जागता प्रमाण है। यह अति निंदनीय व चिंतनीय है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि बिहार सरकार दोषियों के खिलाफ त्वरित सख्त कानूनी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

# पांच डॉक्टर होंगे बर्खास्त, कई अन्य पर भी गिरी गाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **उप मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव को बछरावां में तैनात चिकित्सकों पर कार्रवाई के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** मरीजों के प्रति असंवेदनशील और कार्य में लापरवाह पांच चिकित्सक बर्खास्त होंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पांचों डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को दिए हैं।

बछरावां में तैनात डॉ. नीलिमा आर्या, डॉ. अंजू वर्मा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार और डॉ. अभिलाषा भारद्वाज लगातार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रही थीं। मरीजों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार भी था। ब्रजेश पाठक के मुताबिक, बछरांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। अपर निदेशक, लखनऊ मंडल के निरीक्षण में कई शिकायतें सही पाई गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार को बछरांवा से बलिया में स्थानांतरित करते हुए आरोप-पत्र देकर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं, अनधिकृत रूप से बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित डॉ. इन्द्रभूषण जायसवाल के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की गयी है।

उन्होंने बताया कि अमेठी के गौरीगंज स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप कुमार को शासन ने 3 जनवरी को जिला चिकित्सालय, बलिया स्थानान्तरित किया था। इसके बावजूद डॉ. संदीप ने बलिया जिला चिकित्सालय में ज्वाइन नहीं किया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बृजेश यादव की पीजी पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद उनकी तैनाती जिला चिकित्सालय, हरदोई (वर्तमान में स्वशासी मेडिकल कॉलेज, हरदोई) में 21 जनवरी 2021 को की गई थी, लेकिन डॉ. बृजेश यादव ने तैनाती स्थल पर अब तक ज्वाइन नहीं किया। ऐसे में दोनों चिकित्साधिकारियों को शासन के आदेशों को न मानने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के बाद डॉ. बृजेश यादव को लखनऊ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय, जबकि डॉ. संदीप कुमार को आजमगढ़ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया है।

### लखनऊ के चिकित्सकों पर भी कार्रवाई

लखनऊ के लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉ. ऊषा चन्द्रा बिना सूचना गैरहाजिर हैं। उनके विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई के निर्देश हैं। बलरामपुर स्थित मेमोरियल चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शारदा रंजन के विरुद्ध भी चिकित्सालय की साफ-सफाई न रखने, मरीजों के चिकित्सकीय कार्यों एवं पदीय दायित्वों में लापरवाही बरतने के लिए आरोप-पत्र देकर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिये गये हैं।

# श्रमिकों को मिलेगा डिजिटल न्याय, जल्द शुरू होगा ई-कोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार सिर्फ निवेश ही नहीं, बल्कि श्रमिक सम्मान का राष्ट्रीय मानक गढ़ने के लिए औद्योगिक विवादों के समाधान में डिजिटल तकनीक अपनाने की तैयारी है। श्रम न्यायालयों और अधिकरणों के निर्णयों का शत-प्रतिशत अनुपालन के साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और त्वरित बनाने के लिए ई-कोर्ट व्यवस्था लागू होगी। साथ ही, श्रम आयुक्त की अनुमति के निरीक्षण नहीं होगा और निरीक्षण के 48 घंटे में रिपोर्ट सार्वजनिक करनी होगी।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग डिजिटल तकनीक के माध्यम से श्रम विवादों के समाधान को आसान बनाएगा। जल्द ही ई-कोर्ट के जरिए केस फाइलिंग से लेकर सुनवाई तक की सुविधा शुरू होगी। इससे धन व समय की बचत के साथ पारदर्शिता भी आएगी। इससे आनुतोषिक भुगतान, कर्मचारी प्रतिकर, वेतन भुगतान, समान पारिश्रमिक, मातृत्व लाभ, और श्रमजीवी पत्रकारों से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित होगा।


## वर्ग पहेली- 451

**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर; कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।



### वर्ग पहेली -450 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 नी | ■ | 2 दा | ■ | 3 नौ |
| 4 त | र | हे | ल | ■ | ब |
| ■ | स | ■ | द | ■ | त |
| ■ | ता | ■ | लि | ■ | ख़ा |
| ■ | ■ | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 7 म | न | मे | ला |

## सुडोकू-175

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| | | | | 6 | | | | |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | | | | | 9 | | | |

### सुडोकू - 174 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- नवमी 23 .54 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तराफाल्गुनी 5 जून 03 .35 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज पिछले काफी समय से जिस कार्य में फंसे थे, वो पूर्ण हो सकता है। कारोबार में महत्वपूर्ण समझौते कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको भाग-दौड़ी करनी पड़ेगी। एकांत में आपको समय अवश्य बिताना चाहिए। पिता के कार्यों में आप सहयोग देंगे।

**वृष** – आज आपको अपनी प्रबंधन क्षमताओं को दुरुस्त करना होगा। ऑनलाइन शॉपिंग में छूट का लाभ उठा सकते हैं। किसी दूसरे व्यक्ति की सलाह को अधिक महत्व न दें, लेकिन लोग आपकी सलाह से लाभान्वित होंगे।

**मिथुन** – आज मन में उलझनों का अंबार रहेगा। क्रोध में आकर प्रतिक्रिया देने से बचें। परिजनों के साथ डिनर पर जा सकते हैं। तकनीक शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई में समस्या होगी। काम को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कर्क** – आज बेरोजगार लोग यदि प्रयास करें तो जॉब मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। परिवार में एकता का वातावरण रहेगा। आप नए कार्यों में अत्यधिक रुचि ले सकते हैं। सरकारी अधिकारियों को पदोन्नति मिल सकती है।

**सिंह** – आज संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। महिलाओं को शॉपिंग करते समय अत्यंत सावधानी रखनी होगी। अचानक खर्चे बढ़ सकते हैं। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को थोड़ी समस्या हो सकती है। गैस और कब्जियत की शिकायत होने की संभावना है।

**कन्या** – आज व्यापार की समस्याओं का निवारण होगा। अनुभवी लोगों से आपको मार्गदर्शन मिलेगा। प्रियजनों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। आपके काम की सर्वत्र प्रशंसा होगी। व्यवहार में नरमी और सौम्यता का भाव रखें।

**तुला** – आज आपको किसी से झूठ नहीं बोलना चाहिए। पैरों में सूजन और दर्द की शिकायत हो सकती है। अपनी गलतियों को ढकने से बचें। कानूनी मामलों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। किसी को उधार देने से बचें।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में बड़े अनुबंध और ऑर्डर मिलने की प्रबल संभावना है। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। घर का वातावरण बहुत ही शांत रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। समय पर सारे कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

**धनु** – आज कारोबार में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। कला की ओर आप आकर्षित रहेंगे। रुके हुए कार्य पुनः प्रारंभ होंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वभाव में चंचलता का भाव रहेगा। शुभ कार्यों में अधिक धन खर्च कर सकते हैं।

**मकर** – आज जॉब में अचानक ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है। कार्यक्षेत्र के वातावरण में थोड़ी कड़वाहट हो सकती है। छात्रों को शिक्षा में थोड़ी अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।

**कुंभ** – आज अनैतिक कार्यों से धन कमाने का प्रयास न करें। बातचीत के दौरान सही शब्दों का चयन करें। धार्मिक यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है। सहकर्मियों के साथ व्यवहार खराब न करें। किसी पारिवारिक सदस्य से झगड़ा हो सकता है।

**मीन** – आज अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पूरी एकाग्रता से साथ सभी कार्य करें। वैवाहिक जीवन सुखद रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। मेहनत का लाभ मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है, जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है, जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# महत्व और चुनौतियां

देश के कई हिस्सों में प्री-मानसून की सक्रियता बढ़ गई है। मानसून भारत की कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। मानसून वार्षिक वर्षा में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। मानसून के कारण देश में जल संसाधनों का पुनर्भरण होता है, जिससे जल विद्युत उत्पादन और जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है। परंतु मानसून राहत के साथ कुछ चुनौतियां भी लेकर आता है। इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश से कैसे हालात पैदा होंगे, इसका सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है। दक्षिण-पूर्व मानसून का आगमन मूसलाधार बारिश के साथ हुआ है और अनुमान के मुताबिक ही उसने तबाही मचाई है। मानसून के आगमन से पहले विभिन्न राज्यों में भारी बारिश से जान-माल का बड़ा नुकसान हुआ। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य में 5.35 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। उत्तर, पूर्वी और मध्य भारत में भी बारिश का दौर जारी है। उत्तर सिक्किम में, लगातार बारिश से सड़कें बाधित होने के साथ ही भूस्खलनों के चलते लगभग सैकड़ों पर्यटक फंसे हुए हैं। त्रिपुरा में भी सप्ताहांत के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई और लगभग पूरे सप्ताह अत्यधिक वर्षा होने का अनुमान है।

आधिकारिक आकलनों के मुताबिक, बारिश के चलते भू-स्खलन, बाढ़, औचक बाढ़ और बिजली गिरने से पूर्वोत्तर क्षेत्र में 29 मई तक 30 जानें गईं और 31 मई को 22 लोगों ने अपनी जान गंवाई। एक बस उफनाती तीस्ता नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और बाकी यात्री लापता हैं। खबरें हैं कि आने वाले समय में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अभी तो जून की शुरुआत ही है और मानसून 15 जुलाई के आसपास पूरे देश को कवर करता है। मानसून के सामान्य से अधिक रहने के अनुमान को देखते हुए आपदाओं की बाढ़ का अनुमान स्वाभाविक माना जाएगा। जब तक बाढ़ और जल प्रबंधन की प्रक्रिया सतत जारी रखने की परंपरा विकसित नहीं होगी, चुनौतियों से पार नहीं पाया जा सकता। जल निकासी प्रणाली में सुधार न होने से बड़े शहरों में बारिश के दौरान जगह-जगह जलभराव के हालात पैदा हो जाते हैं। चिंता की बात है कि जलाशयों का रास्ता नहीं मिलने से बारिश का पानी व्यर्थ बह जाता है। मानसून की बारिश को नुकसान के बजाय अधिकाधिक लाभ में बदला जाना चाहिए। इस दिशा में भी दीर्घकालीन नीतियों बनाने की जरूरत है। दरअसल देश को मजबूत मानसून प्रबंधन तंत्र की जरूरत है।

# तीसरे विकल्प के रूप में बढ़ रही प्रचंड की स्वीकार्यता



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं।

नेपाल में राज संस्था और हिन्दू राष्ट्र की बहाली की तेज होती मांग के बीच नेपाली जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है। जन चर्चाओं पर गौर करें तो लोगों में पूर्व पीएम व माओवादी नेता प्रचंड की स्वीकार्यता बढ़ रही है। बता दें कि राज संस्था की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल एक साथ हो लिए हैं। दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमशः राजेंद्र लिंगदेन और पूर्व गृहमंत्री कमल थापा के बीच पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की पंचायत में सहमति बनी है। इसके पहले भले ही मंजिल एक हो, लेकिन दोनों के रास्ते अलग थे। दोनों ही हिंदूवादी नेता और राजशाही के समर्थक हैं। हाल ही 29 मई से राज संस्था की बहाली की मांग को लेकर शुरू किए गए राप्रपा के आंदोलन में राप्रपा नेपाल भी शामिल हुआ है। नेपाल में विभिन्न नामों से सक्रिय हिंदूवादी संगठन भी राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग के समर्थन में इनके साथ आ गए हैं। नेपाल में राप्रपा और राप्रपा नेपाल के मुकाबले हिंदू संगठनों की स्थिति बहुत मजबूत है। लिहाजा राप्रपा के नेतृत्व में शुरू हुआ राज संस्था की मांग को लेकर तीसरा आंदोलन संख्या बल के हिसाब से काफी सशक्त था। ओली सरकार इसे देख घबरा गई। अंततः हिंसा की संभावना का बहाना बताकर सरकार ने आंदोलन के चौथे दिन यानी एक जून को इस आंदोलन को वैन कर दिया।

दरअसल एक जून को स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी, क्योंकि राप्रपा नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल थापा के नेतृत्व में आंदोलनकारी बालुआटार प्रधानमंत्री आवास परिसर में ज़बरदस्ती प्रवेश करना चाहते थे। आंदोलनकारियों के जबरन प्रवेश पर पुलिस ने सख्ती की, कमल थापा से हाथापाई हुई, वे जमीन पर गिर पड़े। राजेंद्र लिंगदेन ने इसे आंदोलन कुचलने की ओली सरकार की साजिश करार देते हुए आंदोलन और उग्र करने की धमकी दी। इसी के बाद ओली सरकार ने किसी भी प्रकार के आंदोलन प्रदर्शन को अगले दो महीने तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया, लेकिन आंदोलनकारी काठमांडू में कुछ चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन कर सकते हैं। ओली सरकार के इस आदेश के बाद भी काठमांडू वैली में हिंदू वादी संगठन तथा राप्रपा के कार्यकर्ता अलग-अलग ठिकानों पर जमे हुए हैं। राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक मैसेज यह गया कि ओली सरकार नकारा है। उसके नेता और मंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं।

> प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता।

यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं। नेपाल में दोनों दलों की मिलीजुली साझा सरकार भले ही है, लेकिन ये जनता में स्वीकार्य नहीं हैं। दोनों के शीर्ष नेताओं की आलोचना नेपाल में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक खूब हो रही है, लेकिन एक सच यह है कि नेपाली जनता राजशाही और मौजूदा सरकार के इतर तीसरे विकल्प की तलाश में है। ऐसे में लोगों की जुबान पर प्रचंड के नाम की चर्चा है। प्रचंड भी कट्टर माओवादी नेता हैं और तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय तक चले राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक हैं।

अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं की अपेक्षा उनकी छवि इमानदार व सिद्धांतवादी नेता की है। 2008 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे, तो ठीक नौ महीने बाद तत्कालीन राष्ट्रपति से सेना के एक अफसर की नियुक्ति के मामले में उत्पन्न मतभेद के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था। प्रचंड के इस कदम की चर्चा आज नेपाल में खूब है। हाल ही ओली के समर्थन से वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार भ्रष्टाचार की जांच को लेकर ओली ने समर्थन वापस लेकर प्रचंड को पदच्युत कर दिया और नेपाली कांग्रेस के समर्थन से खुद प्रधानमंत्री बन गए। भ्रष्टाचार की जांच हो पाती तो ओली की पार्टी एमाले और नेपाली कांग्रेस के कई बड़े नेताओं पर गाज गिरना तय था। ऐसे समय ओली ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर, उन्हें भले ही सत्ता से बेदखल कर दिया, लेकिन प्रचंड की छवि नेपाल में हीरो की उभरी है।

एक यह बात भी गौर करने लायक है कि आने वाले दिनों में नेपाल के प्रतिनिधि सभा का चुनाव तराई बनाम पहाड़ होगा। यानी तराई को इग्नोर कर कोई पार्टी सत्ता में नहीं पंहुच सकती। इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने तराई में संगठन विस्तार और लोगों तक पंहुच बनाने में ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया है। तराई के 20 जिलों की आबादी करीब 18 लाख है। यहां माइनॉरिटी की संख्या भी चुनाव परिणाम की दृष्टि से निर्णायक है। मजे की बात यह है कि नेपाल के तराई का यह वोटर जो कभी नेपाली कांग्रेस का हुआ करता था अब, एमाले और माओवादी केंद्र में बंट गया है। हिंदू राष्ट्र की मांग का उन पर गहरा असर पड़ा है। तराई जिसे मधेश भी कहा जाता है, यहां राजशाही समाप्त होने के बाद मधेशी दलों का वर्चस्व बढ़ा था। चूंकि मधेशी दल कई पार्टियों में बंटे हुए हैं, इसलिए बड़ी पार्टियां इनका इस्तेमाल केवल सरकार बनाने के लिए करती रही हैं। इनका वजूद बस इतना था कि पद पाकर किसी भी नेतृत्व की सरकार को समर्थन देते रहें। आज भी इनका यही वजूद है, लेकिन तराई में इन दलों के पास अभी भी कुछ न कुछ वोट बचा है। प्रचंड का कहना है कि आगामी चुनाव वे अकेले लड़ेंगे, लेकिन अंदर खाने मधेशी दलों के साथ भी उनकी खिचड़ी पक रही है।

प्रचंड के राजनीतिक सफर पर गौर करें तो निस्संदेह उनकी भी छवि भारत विरोधी ही रही है, लेकिन इनमें खास यह है कि ये राजनीतिक रूप से अन्य नेपाली नेताओं की अपेक्षा समझदार हैं। कब क्या फैसला लेना है, यह समझ इनमें है। ओली उत्तराखंड के लिपुलेख, लिंपियाधुरा और काला पानी क्षेत्र को मुद्दा बनाकर भारत के खिलाफ रहते हैं। वहीं प्रचंड इस मुद्दे को दोनों देशों के बीच बातचीत से हल करना वाजिब मानते हैं। वे इसके बदले दार्जिलिंग में जमीन की मांग करते हैं। वे यह जानते हैं कि यह आसान नहीं है, लेकिन कम से कम बातचीत का माहौल तो बनाए रखना चाहते हैं।

प्रचंड नेपाल के लिए चीन के महत्व को नकारते नहीं हैं, लेकिन भारत को दरकिनार कर चीन की गोद में बैठ जाना भी नेपाल के हित में नहीं मानते। बीते कुछ महीनों में भारत के प्रति प्रचंड के नजरिए में आश्चर्यजनक बदलाव आया है। वे साफ कहते हैं कि भारत के बिना नेपाल अधूरा है। भारत का भी प्रचंड के प्रति नजरिया बदला है। प्रचंड इस बात को लेकर मुत्मइन हैं कि भारत चूंकि स्वयं को लोकतंत्र की जननी कहता है इसलिए नेपाली लोकतंत्र के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा सकता और न ही लोकतंत्र विरोधियों को शह दे सकता है। बेशक भारत के हिंदूवादी संगठन चाहते हैं कि नेपाल हिंदू राष्ट्र फिर बन जाए या राज संस्था की बहाली हो जाए, लेकिन ऐसा भारत भी चाहता हो यह जरूरी नहीं, क्योंकि वह जानता है कि नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र अब राजा लायक नहीं रह गए। हां आज यदि स्वर्गीय वीरेंद्र शाह का कोई वंश बचा होता तो हिन्दू राष्ट्र और राज संस्था दोनों की बहाली आसान होती।

प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता। प्रचंड यह भलीभांति जानते हैं कि उनके प्रधानमंत्री बनने में भारत की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। भारत भी भारत के लिए नेपाल की राजनीति में प्रचंड को जरूरी मान रहा हो, यह जरूरी नहीं, लेकिन नेपाल के राजनीतिक विश्लेषकों का मत है कि नेपाल की राजनीतिक परिस्थितियां देखते हुए भारत को अपना हित ध्यान में रखते हुए प्रचंड पर दांव लगाने पर सोचना चाहिए।

## प्रसंगवश

# शहरीकरण की बेरहम कहानी



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शहरों के फैलते नक्शे में सबसे पहले मिटने वाला स्थान अक्सर तालाब होता है। कभी गांव - कस्बों के मध्य में बने तालाब जीवन का केंद्र हुआ करते थे- पूजा, विवाह, तीज-त्योहार, खेलकूद, पानी भरना, जानवरों को नहलाना सबकुछ इन्हीं के चारों ओर होता था, लेकिन आज वही तालाब कंक्रीट की बस्तियों के नीचे दब रहे हैं। नगरों के शहरी विकास ने पारंपरिक जल-संरचनाओं की अहमियत को भुला दिया है।

भूमाफिया और रियल एस्टेट लॉबी ने इन्हें जमीन के खाली टुकड़े मान लिया है और जब शासन-प्रशासन की चुप्पी या मिलीभगत हो, तो ये तालाब धीरे-धीरे नक्शे से भी गायब हो जाते हैं। पहले पाटे जाते हैं, फिर रेत और मलबे से भरे जाते हैं, और अंततः प्लॉटिंग कर दी जाती है। यही प्लॉट कुछ वर्षों में दुकान, मकान या शॉपिंग मॉल में बदल जाता है। पानी, जो कभी वहां का आधार था, अब वहां से भटककर बस्तियों में घुस आता है। इस अतिक्रमण से भूजल स्तर गिरता है, बारिश का जल ठहरता नहीं और शहर जलजमाव से कराहते हैं। तालाब का मरना केवल एक प्राकृतिक संसाधन का अंत नहीं, एक सांस्कृतिक मृत्यु भी है और विडंबना यह है कि यह मृत्यु हमारी आंखों के सामने, हमारी सहमति से हो रही है। अतिक्रमण की इस कहानी के उदाहरण देशभर में बिखरे पड़े हैं, जिनमें प्रशासन की लापरवाही और स्थानीय दबाव साफ दिखते हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में सुंदरवल गांव का मामला सामने आया, जहां सरकारी तालाब की भूमि पर दिनदहाड़े दुकानें बना दी गईं। स्थानीय लोगों ने विरोध किया, लेकिन राजस्व विभाग मौन रहा।

अयोध्या के मीरापुर मोहल्ले में स्थित एक ऐतिहासिक तालाब लगभग पूरी तरह पाट दिया गया। 90 प्रतिशत हिस्से में अब निर्माण हो चुका है। बिजनौर जिले के नहटौर कस्बे में 120 बीघा तालाब पर वर्षों से अवैध कब्जा था, जिसे प्रशासन ने हाल ही में मुक्त कराया। ये घटनाएं बताती हैं कि अतिक्रमण केवल गरीबों की जरूरत से नहीं, बल्कि पैसे और सिफारिश की ताकत से होता है। कहीं तालाब को स्कूल बनाने के बहाने कब्जाया जाता है, तो कहीं पार्क का नाम देकर दीवार खड़ी कर दी जाती है। फिर वो दीवार साल-दर-साल पक्के निर्माण में बदल जाती है। अफसोस की बात है कि जिन दस्तावेजों में तालाब दर्ज हैं, वहां भी प्रशासनिक रिकॉर्ड को नकार दिया जाता है। इससे यह साबित होता है कि कागज की लड़ाई सिर्फ ईमानदार नागरिक ही हारते हैं, भूमाफिया नहीं। प्रशासन की चुप्पी इस संकट की सबसे खतरनाक परत है। जब शिकायतें दर्ज होती हैं, तो उन्हें 'पुराना मामला' या 'न्यायालय में लंबित' कहकर टाल दिया जाता है। फाइलें महीनों चलती हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। कई बार तो सरकारी रिकॉर्ड से तालाब की पहचान ही मिटा दी जाती है या तो उसे 'खाली भूमि' दर्ज कर दिया जाता है या 'अराजी' घोषित कर दिया जाता है। यही वह प्रशासनिक चाल है, जिससे जमीन का मालिकाना बदल जाता है। स्थानीय नेताओं और अफसरों की मिलीभगत से तालाब पाटे जाते हैं और जमीन का नक्शा बदल जाता है। यही कारण है कि भारत के अधिकांश शहरों और कस्बों में आज के तालाब केवल 'कहानी' रह गए हैं। बच्चे पूछते हैं: "तालाब क्या होता है?" और हम तस्वीर दिखाकर बताते हैं। यह एक सांस्कृतिक शून्यता है, जो चुपचाप हमारे चारों ओर पनप रही है। इसलिए प्रश्न अब केवल प्रशासन से नहीं, हम सब से भी है कि हम क्या खो रहे हैं?

अंततः, तालाबों का संरक्षण केवल जल प्रबंधन का सवाल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, विरासत और भावी पीढ़ियों के अधिकार का सवाल है। यह अतिक्रमण केवल भूमि हथियाने की कहानी नहीं, बल्कि एक सभ्यता के स्मृति-चिन्हों को मिटाने की साज़िश है। अगर हमने अब भी नहीं चेता, तो आने वाले वर्षों में बच्चों को तालाब केवल किताबों में मिलेंगे जैसे आज सिंधु घाटी की सभ्यता मिलती है। हमें यह समझना होगा कि तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं, सामाजिक एकता, परंपरा और पर्यावरण का बुनियादी आधार हैं। प्रशासन को सख्त नीति अपनानी होगी, तालाबों का डिजिटल नक्शा तैयार कर सार्वजनिक करना होगा और प्रत्येक अवैध निर्माण पर सज़ा तय करनी होगी। साथ ही हमें शिक्षा, संवाद और सामूहिक प्रयासों के जरिए यह चेतना फैलानी होगी कि "तालाब बचाओ" केवल नारा नहीं, आवश्यकता है। यदि हम सच में एक जीवंत समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें उसके 'जल स्रोत' को नहीं, 'जल चेतना' को पुनर्जीवित करना होगा।

# समुद्री सीमा पर मंडराता प्रदूषण का खतरा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है।

लाइबेरियाई कंटेनर जहाज केरल के अलपुजा तट पर थोतापल्ली से कोई 14.6 समुद्री मील दूर समुद्र में डूबने के बाद सारे क्षेत्र में गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा हो गया है। यह शनिवार 24 मई को एक तरफ झुकना शुरू हुआ और रविवार 25 मई की सुबह लगभग 7.50 बजे पूरी तरह से डूब गया। भारतीय तटरक्षक दल ने तो तत्परता से जहाज पर सवार सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन समुद्र कैसे बचे, इसके लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। जहाज में भरा तेल और भट्टी में जलाने के काम आने वाला तेल तो सागर के जैविक संसार के लिए खतरनाक है ही, उसमें लदे कंटेनर में भरे रासायनिक पदार्थ लंबे समय तक तबाही का कारण बन सकते हैं। इस जहाज में कुल 640 कंटेनर लदे थे। इस लेख को लिखे जाने तक कम-से-कम 54 कंटेनर कोल्लम (43), तिरुवनंतपुरम (9) और अलप्पुझा (2) के समुद्र तटों पर बहकर आए हैं। इसके बावजूद, केरल के तट के पास उच्च समुद्र की लहरों से क्षतिग्रस्त कंटेनरों का मलबा केरल के दक्षिणी समुद्र तटों पर आ सकता है। तिरुवनंतपुरम के तट पर छोटे-छोटे प्लास्टिक और पॉलीथीन के दाने बहकर आए हैं, जो लंबे समय तक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण का खतरा बन सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि रबर सॉल्यूशन समुद्र के पानी के साथ प्रतिक्रिया कर चुका है, जिसके कारण प्लास्टिक के ये दाने पाए जा रहे हैं। अभी तक इनके सुरक्षित तरीके से निपटाने का कोई स्पष्ट समाधान नहीं है।

राज्य सरकार ने इसे प्रादेशिक स्तर की आपदा घोषित कर स्वयंसेवकों की मदद से समुद्र तट की सफाई शुरू की है। कैल्शियम कार्बाइड वाले पांच कंटेनर, जो एक और प्रदूषण का खतरा हैं, समुद्र के तल पर पड़े हैं और इन्हें सुरक्षित तरीके से निपटाना आवश्यक है ताकि वे नुकसान न करें। मुख्य चिंता यह है कि जो चीजें लदी थीं, उनमें से 13 को "खतरनाक कार्गो" के रूप में वर्गीकृत किया गया था और 12 में कैल्शियम कार्बाइड था। इसके अलावा, जहाज में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस तेल भी है। ये कंटेनर कोई तीन किलोमीटर की गति से समुद्र में बह रहे हैं और कहा नहीं जा सकता कि कौन-सा कंटेनर किस दिशा में कहां जाए और क्या-क्या नुकसान करे। केरल सरकार ने भी नुकसान कम करने, इसका आकलन करने की दिशा में कुछ फौरी कदम उठाए हैं। 20 समुद्री मील की दूरी तक मछली पकड़ने पर रोक लगा दी गई है। ड्रोन से निगरानी करने के साथ सफाई करने के ख्याल से हर 100 मीटर पर वॉलिंटियर लगाए गए हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नेतृत्व में रैपिड रेस्पॉन्स टीम तैनात करने के अलावा तेल रिसाव की स्थिति पर नजर रखी जा रही। केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) ने समुद्री पर्यावरण पर जहाज दुर्घटना के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है। दरअसल मानसून समय से पहले आ गया है और मुख्य चिंता यह है कि यह समय समुद्री जीवों, खासकर मछलियों का प्रजनन काल होता है। ऐसे में तेल और खतरनाक रसायन का रिसाव समुद्री उत्पादकता को नुकसान पहुंच सकता है। ज्यादा और गंभीर रिसाव होने पर समुद्री जीवों का दम घुट सकता है, जिससे दूरगामी नुकसान की आशंका है। शुरुआती आकलन यह है कि इस जहाज में लदे कैल्शियम कार्बाइड से भरे कंटेनरों से सबसे भयावह नुकसान की आशंका है। जहाज की ईंधन टंकी में रखे डीजल की बड़ी मात्रा का रिसाव भी समुद्र के लिए घातक है। तेल अगर समुद्र तटों, मैंग्रोव जंगलों और दलदली भूमि पर जमा हो गया, तो यह संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकता है। जहाज में लदा फर्नेस तेल वेरी लो सल्फर फ्यूल ऑयल (वीएलएसएफओ) कहलाता है। पेट्रोलियम के इस उत्पाद का उपयोग जहाजों के इंजन में ईंधन के रूप में किया जाता है। इसमें गंधक की मात्रा कम होती है, लेकिन कुप्रभाव डीजल की तरह ही होता है।

भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्यपालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इनमें से 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। केन्द्र सरकार भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाजों की उम्र तय करने पर विचार कर रही हैं। जलयान विभाग के महानिदेशक श्याम जगन्नाथन के मुताबिक, जहाज की उम्र अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत कोई बंधन नहीं हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है कि भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाज समुद्री मानदंडों का पालन करें।

## सोशल फोरम

# इतिहास का एक सबक



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बांग्लादेश देश बनने के बाद से पाकिस्तान ने 'हजार घाव देकर भारत का खून बहाते रहने' की नीति अपना ली, जिसे वह निरंतर आतंकी हमलों के माध्यम से अंजाम देता रहा है। लिहाजा दोनों के बीच लगातार छद्मयुद्ध जारी है। 22 मई 2025 को पहलगाम में हुए नृशंस हत्याकांड को इस दीर्घ सिलसिले की अंतिम कड़ी कहने की तीव्र इच्छा होने के बावजूद, निश्चित रूप से इसे अंतिम कहना कठिन है।

इतिहास गवाह है कि विभाजन के बावजूद भारत की हिन्दू-मुस्लिम समस्या का हल नहीं हुआ। दोनों देशों में रह गए अल्पसंख्यकों का सवाल किसी ने नहीं उठाया। कांग्रेस ही उठा सकती थी, किंतु वह पाकिस्तान प्रस्ताव को स्वीकार कर लेने के बावजूद अपने इतिहास से, एक राष्ट्र सिद्धांत से बंधी हुई थी। लिहाजा पश्चिमी पाकिस्तान से अल्पसंख्यकों का लगभग सफाया हो गया। पूर्वी पाकिस्तान में यह काम किस्तों में हुआ। विभाजन के समय, फिर 1950 में, जो नेहरू लियाकत पैक्ट की पृष्ठभूमि बना। फिर बांग्लादेश युद्ध के पूर्व और उसके दौरान। फिर शेख हसीना के तख्तापलट के पहले और उसके बाद। भारत में भी अल्पसंख्यकों की स्थिति सामान्य नहीं है। चीन ने 1963 से ही पाकिस्तान से होकर अरब सागर में ग्वादर तक 3000 किमी लंबा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण की योजना पर काम करना शुरू कर दिया था।

इस गलियारे की काफी दूरी पाकिस्तान अधिकृत (गिलगित-बाल्टिस्तान के) तथा चीन-अधिकृत (शक्सगाम घाटी के) भारतीय भूक्षेत्र से होकर गुजरती है। हमारे दोनों शत्रु नाभिकीय अस्त्रों से संपन्न हैं। दोनों देशों के इस सामरिक और आर्थिक गठजोड़ ने भारत की सुरक्षात्मक स्थिति को बेहद नाजुक बना दिया है। देश का विरोधी पक्ष युद्ध विराम के लिए सरकार को लगातार कोस रहा है। सरकार भी, शायद फेससेविंग के तहत, पाकिस्तान को लगातार ललकार रही है। बस भूलकर भी चीन का नाम नहीं लेती। जैसे किसी यूटोपिया में जी रही हो।

**-फेसबुक वॉल से**

# कोविड संक्रमण से बचने के लिए चमगादड़ों पर अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है।

कोविड-19 विषाणु के संक्रमण से फैली महामारी से छुटकारा मिला ही था कि इस विषाणु के दो नए विभेदों (वेरिएन्ट्स) ने फिर से दुनिया में खतरा पैदा कर दिया है। ये दोनों वेरिएन्ट्स अत्यधिक सक्रियता दिखा रहे हैं, लेकिन अधिक खतरनाक नहीं है। भारत में इस समय सार्स कॉव-2 के दो वेरिएन्ट्स एलएॅफ़.7और एनबी.1.8.1 सक्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और कोविड-19 वैक्सीन संरचना पर इसका तकनीकी सलाहकार समूह (टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप-कोविड-वैक्सीन) नियमित रूप से कोविड-19 वैक्सीन के उक्त वेरिएन्ट्स पर असर का आकलन करना जारी रखता है ताकि वैक्सीन संरचना के अपडेट पर निर्णय लेने में मदद मिल सके।

15 मई 2025 को प्रकाशित नवीनतम अनुशंसा में तकनीकी सलाहकार समूह ने सलाह दी कि कोविड-19 वैक्सीन के लिए जेएन.1 या केपी.2 रेकॉम्बिनेंट/मोनोवैलेंट एंटीजन असरदार बने रहेंगे। मोनोवैलेंट एलपी.8.1 एक उपयुक्त वैकल्पिक वैक्सीन एंटीजन है। भारत में अभी उक्त वेरिएन्ट्स से 4000 से अधिक व्यक्ति प्रभावित हो चुके हैं और कम से कम 32 व्यक्तियों की मौत भी हो चुकी है। स्थिति पर भारत सरकार का डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ रिसर्च एवं आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल पूरी तरह से नज़र रखे हुए हैं। गत शनिवार 31 मई 2025 को इस बाबत बैठक हो चुकी है। प्रांतीय सरकारों के स्वास्थ्य विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कोरोना विषाणु की बायोलॉजी, जूनॉटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, विषाणु और संक्रमित व्यक्ति के संबंधों (होस्ट-पैथोजन रिलेशनशिप), विषाणुओं के व्यवहार और इनके रिजर्वायर (चमगादड़) के अलावा इनकी किस्मों के बारे में अध्ययन के अलावा टीका विकसित करने के लिए विषाणुओं की जरूरत और टीका का विकास के बारे में सोचें तो वैज्ञानिकों का सबसे पहला ध्यान चमगादड़ पर ही जाता है। लंबे समय से दुनिया के वैज्ञानिक दुनिया के अनेक हिस्सों में रहने वाले चमगादड़ों के शरीर में निवास करने और पलने वाले अनेक किस्म के विषाणुओं का अध्ययन कर चुके हैं, लेकिन इन्हें प्रयोगशाला में उत्पन्न करने और टीका विकास में इनका इस्तेमाल करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे। मौजूदा समय में जो दर्जनभर टीके दुनिया में माइक्रो-रायिबोन्यूक्लिक (एम-आरएनए) टेक्नोलॉजी और पुराने तरीके से विषाणु को कमज़ोर करके (एटेन्युएटेड एवं किल्ड वायरस) इस्तेमाल से शरीर में एंटीबाडीज विकसित करने के लिए किए गए हैं। उनके लिए विषाणु को संक्रमित मनुष्यों से ही प्राप्त किया गया था। इस प्रकार प्राप्त विषाणुओं के करैक्टरायिज़ेशन और प्रोटीन संरचना को समझ कर टीका विकसित किया गया ताकि वायरल प्रोटीन के विरुद्ध एक इच्छित स्तर तक प्रतिपिंड बना सके।

साइंस पत्रिका के 15 मई सन् 2015 के अंक में प्रकाशित लेख -एक्स्पैन्डेड यूटिलिटी बेल्ट फॉर टैक्लिंग बैट वायरसेस के माध्यम से मालूम हुआ है कि वैज्ञानिकों को चमगादड़ों से प्राप्त ऊतकों में कोरोना वायरस को विकसित करने में सफलता मिली है। इससे टीका विकास में सटीकता आएगी। चमगादड़ों में वायरस की एक बड़ी और विविध श्रृंखला होती है, जिसमें उन वायरस के रिश्तेदार भी शामिल हैं, जिनकी वजह से मनुष्यों में गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम (एसएआरएस), मध्य-पूर्व देशों में देखे गए श्वसन सिंड्रोम (एमईआरएस) और कोविड-19 महामारी का प्रकोप हुआ था। फिर भी इन वायरस को ले जाने वाले चमगादड़ों में बीमारी के न्यूनतम लक्षण दिखाई देते हैं।

ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने रूसेट्टस इजीप्टियाकस चमगादड़ के फेफड़ों और आंत की भीतरी झिल्ली के ऊतकों का इस्तेमाल किया। चमगादड़ की यह किस्म मिस्र देश में होती है और फलों को खाती है। चमगादड़ की यह किस्म अफ्रीका, मध्य-पूर्व के देशों, भूमध्य सागर के निकट के देशों और भारत में भी पाई जाती है, जिसकी छह प्रजातियां हैं। सन् 1810 से इस चमगादड़ पर अध्ययन किए जा रहे हैं और सतत निगरानी भी रखी गई है। ये चमगादड़ ईरानी बकैण, जंगली खजूर, संतरा, केला, लोकाट और गूलर के फल खाते हैं। इनके शिकारी पक्षी जब इन चमगादड़ों को खाते हैं, तो इनके शरीर में भी वायरस और परजीवी प्रवेश करते हैं। संक्रमित पक्षियों से भी मनुष्य में संक्रमण प्रवेश कर सकता है। जानकार हैरानी हो सकती है कि संसार में चमगादड़ों की 1400 किस्मों के शरीर में अब तक 8176 प्रकार के विषाणुओं के बारे में मालूमात दर्ज की गई हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के छानी खुर्द गांव निवासी जामवती पत्नी राजेश कुमार अनुरागी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के सलमान से फसल की सिंचाई के रुपयों के मांगने पर पति को देने से इनकार कर नाराजगी जाहिर करते हुए अभद्रता करने लगा। पति के खेत में चले जाने पर सलमान, सलीम, बंगाली, करिया चारों युवकों ने घर में घुसकर उसे अकेला पाकर जमकर मारपीट की। शोर के मचाने पर चारों युवक जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। पति के साथ आई महिला ने चारों युवकों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर चारों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवकों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

**मौदहा।** मंगलवार तड़के विदेश से लौटे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। जो कस्बे सहित क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कस्बे के मोहल्ला फत्तूबाबा निवासी बाबू (25) पुत्र मेराज जो लगभग डेढ़ सप्ताह पहले यूएई से लौटा था, ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक द्वारा आत्महत्या करने की सूचना से परिजनों सहित पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया और परिजनों ने आनन फानन में बिना पुलिस को सूचना दिए मृतक का अंतिम संस्कार भी कर दिया। जो मामले को संदिग्ध बनाने के लिए काफी है। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित एक बेटी को रोता बिलखता छोड़ गया है। युवक की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जबकि अभी तक पुलिस की ओर से मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

### बोर्ड गठन के लिए डिप्टी सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**हमीरपुर।** बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के सरकारी बोर्ड गठन के लिए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को बोर्ड गठन का आश्वासन दिया है। बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल में डॉ.आशुतोष कपूर अवध इलेक्ट्रो होम्योपैथिक इंस्टीट्यूट लखनऊ, डॉ.गौरव द्विवेदी जिला प्रभारी इलेक्ट्रो होम्योपैथी उन्नाव, डॉ.नरेन्द्र भूषण निगम बुंदेलखंड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेंटर पटकाना हमीरपुर आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जिला प्रभारी डॉ.गणेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रो होम्योपैथी का सरकारी बोर्ड गठन करने की मांग की जाएगी।

### करंट से झुलस कर महिला गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**राठ।** चिकासी थाना क्षेत्र के जिगनी गांव में घरेलू कार्य करने के दौरान करंट की चपेट में आने से छत्तीस वर्षीय एक महिला झुलसकर घायल हो गई। तभी उसी दौरान मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में महिला को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकासी थानाक्षेत्र के जिगनी गांव की निवासी 36 वर्षीय महिला भारती पत्नी रामस्वरूप जो कि आज मंगलवार की सुबह करीब 5:00 बजे अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थी। तभी अचानक उसी दौरान करंट की चपेट में आने से वह झुलसकर घायल हो गई। जिसे मौके पर मौजूद परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

### स्कॉर्पियो चालक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के बांधुर बुजुर्ग गांव निवासी भान सिंह पुत्र भद्दी वर्मा बाइक में मां शांति देवी को बैठाकर घर आ रहा था। तभी बरेठी गांव के रास्ते में पीछे से आ रही स्कॉर्पियो के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मां के कूल्हे में फ्रैक्चर होने की आशंका के चलते एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सूचना पर कुनेहटा चौकी प्रभारी अखिलेश प्रसाद ने स्कॉर्पियो के चालक को हिरासत में ले लिया है। भान सिंह ने स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

### जेल में मिलाई को लेकर वसूली का वीडियो वायरल

**हमीरपुर।** मुख्यालय के कारागार में बंदियों से मिलाई के नाम पर अवैध वसूली करने का एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। मंगलवार को वायरल हुए वीडियो में जिला कारागार का जेल कर्मी बंदियों से मिलाई को आए लोगों से रुपये लेकर कारागार में प्रवेश करने के लिए मोहर लगाता दिखाई दे रहा है। जिसका किसी ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है।

# चयन में धांधली के खिलाफ उठी आवाज

## एआरपी चयन प्रक्रिया और ब्लॉक आवंटन में अनियमितता का आरोप, डीएम से निष्पक्ष जांच कराने की मांग



मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे एआरपी अभ्यर्थी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- अंतिम तिथि के बाद बैक डोर से लिए गए आवेदन
- मेरिट सूची को दरकिनार कर ब्लॉक आवंटित किए

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित विद्यालयों के लिए एआरपी की चयन प्रक्रिया में धांधली, भ्रष्टाचार एवं अनियमितता का आरोप लगाते हुए एआरपी अभ्यर्थियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

एआरपी वर्षा सिंह, कालीदीन, मुख्तार अहमद खां, पुनीत त्रिवेदी, नीलम आदि ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि जिले में संचालित परिषदीय विद्यालयों में एआरपी चयन प्रक्रिया संचालित है। जिसमें भ्रष्टाचार व अनियमितता के चलते अपने चहेतों का चयन किया जा रहा है। आरोप है कि विज्ञप्ति प्रकाशन के बाद अंतिम तिथि के बाद भी बैक डोर से आवेदन लिए गए। साथ ही मेरिट सूची में जो अभ्यर्थी पीछे थे, उन्हें मनमाने ब्लॉक आवंटित किए गए और मेरिट में उच्च स्थान प्राप्त अभ्यर्थियों को डरा-धमकाकर दूरस्थ ब्लॉक लेने का दबाव बनाया गया।

सवाल उठाया कि काउंसिलिंग का आधार डेट ऑफ ज्वाइनिंग थी तो जारी की गई सूची मेरिट के अंकों के आधार पर क्यों बनाई गई? त्रिस्तरीय चयन परीक्षा का प्रहसन क्यों किया गया। सूची में डेट ऑफ ज्वाइनिंग क्यों नहीं अंकित की गई? वरीयता सूची में चयन परीक्षा परिणाम को क्यों आधार बनाया गया? उन्होंने चयन समिति के अध्यक्ष पर चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता एवं भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। अभ्यर्थियों ने गहन निष्पक्ष जांच कराकर नियमानुसार मेरिट के आधार पर एआरपी ब्लॉक आवंटन करने की मांग की है और नियमानुसार प्रक्रिया न अपनाए जाने पर अदालत की शरण में जाने को कहा है।

## आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया की जांच कराने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जिला कार्यक्रम अधिकारी गंभीर आरोप

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता करने सहित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे कार्यक्रम अधिकारी की ओर से आवेदिका को जारी पत्र के आधार पर मंगलवार को आवेदिका ने डीएम को पत्र सौंपा, जिसमें मामले की जांच कराकर नियमानुसार आंगनबाड़ी में चयन करने की मांग की गई है।

कुरारा विकास खंड के पतारा निवासी सुदामा देवी पुत्री कालका प्रसाद ने डीएम को दिए गए पत्र में बताया कि उसने आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता करने सहित भर्ती के नाम पर रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए 24 अप्रैल को प्रार्थना पत्र दिया था। उसके पहले 22 मार्च को विकास भवन में शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रपत्र व अभिलेखों की जांच की गई, जो जांच में सत्य पाए गए थे। शिकायत करने के बाद कार्यक्रम अधिकारी ने उसे पत्र जारी कर बताया कि लक्ष्मी देवी ने उनके आवेदन पर आपत्ति लगाई थी कि आवेदिका विवाहित है, जो अपात्र है।

आवेदिका सुदामा ने जवाब में बताया कि विवाह के बाद से ही वह अपने मायके पतारा में ही निवास कर रही है, जिसके सारे साक्ष्य भी उसके पास उपलब्ध हैं। नियमानुसार पद के लिए पात्र है। कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह महिला लक्ष्मी को आवेदिका सहित उसके गांव के कोई भी व्यक्ति उसे जानते और पहचानते नहीं हैं। आवेदिका ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर चयन करने की मांग की है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें



शिविर में जानकारी देते सचिव महेंद्र कुमार पांडेय। अमृत विचार

## स्थाई लोक अदालत के बारे में दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- मुकदमा दाखिल करने के लिए अधिवक्ता की जरूरत नहीं
- बिजली, बीमा, अस्पताल आदि वादों का नि:शुल्क निस्तारण

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार अपर सिविल जज सीडि/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा तहसील सभागार में स्थाई लोक अदालत में होने वाले कार्यों के विषय में जानकारी देने के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष प्रमोद कुमार-IV ने बताया कि स्थाई लोक अदालत में बिजली, बीमा, अस्पताल, नगर पालिका व परिवहन से संबंधित वादों का निस्तारण नि:शुल्क किया जाता है। जिसमें कुल एक करोड़ रुपये तक के मामलों की सुनवाई का क्षेत्राधिकार प्राप्त है। अपर सिविल जज सीडि महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्थाई लोक अदालत में वादी को मुकदमा दाखिल करने के लिए किसी अधिवक्ता की आवश्यकता नहीं होती है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम से चीफ आनंद सक्सेना ने बताया कि जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता दी जाती है। तहसीलदार रवींद्र पाल ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

## मई महीने की रैंकिंग में जनपद को चौथा स्थान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- अप्रैल माह में हमीरपुर को मिला था छठवां स्थान

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना के मार्गदर्शन व निर्देशन में जनपद को आईजीआरएस में जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण में माह मई की रैंकिंग में प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तर पर जारी मई माह की रैंकिंग में जनपद को 90 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। शिकायतकर्ताओं से प्राप्त संतुष्ट फीडबैक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। माह अप्रैल में भी जनपद को 85 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त हुआ था।

ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कुमार चक्रेश त्रिवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में जनसमस्याओं का पूर्ण गंभीरता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण किये जाने के उपरांत शिकायतकर्ता से प्राप्त फीडबैक के आलोक में प्रभावी कार्यवाही कर संतुष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। आईजीआरएस सन्दर्भों सहित संपूर्ण समाधान दिवस सन्दर्भ, ऑनलाइन सन्दर्भ तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सन्दर्भ की शिकायतों के निस्तारण में भूमि विवाद सहित अन्य विवादित प्रकरणों में पुलिस केसाथ मौके पर जाकर समस्या का स्थलीय निस्तारण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई सेल में कार्यरत शिखा, कुलदीप, अनूप, सुरेन्द्र, अजय सहित सभी कार्मिकों को इसी प्रकार प्रभावी कार्यवाही करने एवं अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

## दर्दनाक हादसा: दो ट्रकों के बीच में फंसने से खलासी की गई जान

संवाददाता, सुमेरपुर

- सुमेरपुर कस्बे की सीमेंट फैक्ट्री में हुआ हादसा
- फैक्ट्री में सीमेंट लोड करने आया था खलासी

**अमृत विचार।** कस्बे की एक फैक्ट्री में सीमेंट लादने आए हेल्पर की दो ट्रकों में मध्य चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वह भाई के साथ खलासी का कार्य करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।



मृतक देवेंद्र कुशवाहा

मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद के सटई का रहने वाला देवेंद्र कुशवाहा (25) अपने भाई रामस्वरूप कुशवाहा के साथ ट्रक में खलासी का कार्य करता था। सोमवार की शाम वह कस्बे की एक सीमेंट फैक्ट्री में सीमेंट लादने आया था। सीमेंट लोड करने के बाद वह ट्रक के पीछे खड़ा होकर कुछ कर रहा था, तभी ट्रक संख्या यूपी- 32 एलएन 6768 के चालक सोनू कुमार ने उसे टक्कर मारकर कुचल दिया।

हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए देवेंद्र को आनन फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। इंगोहटा चौकी इंचार्ज शिवशंकर पांडेय ने बताया ट्रक से कुचलकर खलासी की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### तीन बाइकें आपस में भिड़ीं, चार लोग घायल

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकरी के निकट हुई तीन बाइकों की टक्कर में दंपति सहित चार लोग घायल हो गए। सिसोलर थानाक्षेत्र के ग्राम छानी निवासी सुधा (33) अपने पति सुरेंद्र (36) के साथ बाइक से जा रही थी। तभी उनकी टक्कर सामने से आ रही बाइक से हो गई। जबकि उसकी भिड़ंत में टिकरी से मजदूरी कर लौट रहे छानी निवासी रामस्वरूप प्रजापति (45) और राम भजन (28) पुत्रगण सुंदर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से रामस्वरूप और सुधा को गंभीर चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

### शचींद्रनाथ सान्याल की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित

**सुमेरपुर।** वर्णिता संस्था के तत्वावधान में शचींद्रनाथ सान्याल की जयंती मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने कहा कि शचींद्रनाथ सान्याल एक बेजोड़ क्रांतिधर्मी थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनका जन्म 3 जून 1893 को हरिनाथ सान्याल और वासिनी देवी के घर बनारस में हुआ था। उन्होंने 15 वर्ष की उम्र में अनुशीलन समिति का गठन किया। 1923 में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना की। बनारस षड़यंत्र और लाहौर षड़यंत्र केस में गिरफ्तार हुए। 1915 के सशस्त्र विद्रोह की योजना के यही सूत्रधार थे। इनको दो बार काले पानी की सजा हुई। 1937 में प्रांत में कांग्रेस की सरकार बनने पर यह जेल से रिहा कर दिए। बाद में क्षय रोग से 1942 में नहीं रहे। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, राधारमण गुप्ता, बाबूलाल, सिद्धा, संतोष, प्रेम, प्रिन्स, महावीर, रामनारायन, मनबोधन, विकास, रिचा, पंकज सिंह, भोलू सिंह, अजय और दस्सी आदि शामिल रहे।

### मारपीट कर हाथ तोड़ने पर चार पर मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के पत्योरा गांव में चचेरे भाइयों के साथ खेत से जबरन ट्रैक्टर निकालने के विवाद में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पत्योरा डांडा के यमुना नदी किनारे से बालू माफिया रात के अंधेरे में चोरी से बालू का अवैध खनन कर आसपास के गांवों में ले जाकर बेच रहे हैं। नदी से आने वाले ट्रैक्टरों को जबरिया किसानों के खेतों से निकाला जा रहा है। बीते 25 मई की रात 11:00 बजे चचेरे भाइयों वीर सिंह, जनार्दन सिंह के विरोध करने पर गांव निवासी कुवरा निषाद, भरोसे, शंकर, बउवा यादव ने गाली गलौज करके मारपीट की थी। इस घटना में वीर सिंह का बायां हाथ टूट गया था और जनार्दन का सिर फटा था। पीड़ित किसान ने 31 मई की शाम पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने वीर सिंह की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 117(2), 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी भूमिगत हो गए हैं।

### खेलते समय गिल्ली लगने से किशोर की मौत

**मौदहा।** गिल्ली डंडा खेलते समय लगी गिल्ली से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला बड़ा चौराहा कम्हरिया रोड निवासी फैजान (16) पुत्र मोहम्मद नजीर आम दिनों की तरह मोहल्ले के युवाओं के साथ गिल्ली डंडा खेल रहा था। तभी अचानक कैच पकड़ते समय गिल्ली फैजान की गर्दन में लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों सहित मोहल्ले के लोगों द्वारा घायल किशोर को तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## ग्रामीणों ने खुद नलकूप का वाल्व खोल पानी की आपूर्ति चालू की

संवाददाता, बिवांर

- दो दिनों से कस्बे के लोगों को नहीं मिल रहा था पानी
- कस्बेवासियों ने अवर अभियंता के नहीं मिलने का आरोप मढ़ा

**अमृत विचार।** दो दिन से पानी न मिलने पर नाराज ग्रामीणों ने जल संस्थान पहुंचकर ऑपरेटर द्वारा पानी न खोलने से ग्रामीणों ने स्वयं पानी का वाल्व खोला कर पानी की आपूर्ति चालू कर दी।

कस्बे के लोग पिछले दो सप्ताह से पानी के लिए परेशान है। दो दिन से एक बाल्टी पानी न मिलने से मंगलवार की सुबह एक दर्जन से अधिक दो मोहल्लों के ग्रामीणों ने जल संस्थान के परिसर में पहुंच गए। वहां तैनात आपरेटर ने पानी देने में बहाने बाजी कर टंकी सत्तर प्रतिशत भरी है पूरी भरने के बाद पानी दिए जाने की बात कहकर पल्ला झाड़ने लगा। जिससे कस्बा वासियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए स्वयं पानी का वाल्व खोल दिया। तब जाकर मुश्किल से कस्बे में पेयजल की आपूर्ति चालू हो सकी।

ग्रामीण अनिल कुशवाहा, सोमबाबू, मोहनलाल, मनोज कुमार कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, अमित मिश्रा ने बताया कि जेई कभी मिलते नहीं है न ही परिसर में रहते हैं। पेयजल न मिलने की शिकायत किससे करें। आपरेटर अपनी मनमानी करता है। उधर जेई आशीष कुमार ने बताया कि लाइट की कटौती से पेयजल आपूर्ति बाधित रहती है। ऑपरेटर से भरपूर पानी देने को कहा गया है।

## फोन पर गाना सुनने में ससुराल वालों ने पीटा

संवाददाता, बिवांर

**अमृत विचार।** महिला के फोन से गाना सुनने पर ससुरालीजनों के उसको जमकर थप्पड़-घूंसों और डंडों से मारपीट की। महिला के नाक और मुंह से खून बहने से अचेत होकर गिर गई। महिला के होश में आने पर ससुरालीजनों ने घर से निकाल दिया। पीड़िता मां व भाई के साथ थाने पहुंचकर ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के छानी खुर्द गांव निवासी शीलता पत्नी राकेश कुमार प्रजापति ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि रात को मोबाइल फोन पर गाना सुन रही थी। तभी सास बिंदी ने पति को फोन से गाना सुनने की जानकारी दे दी है। नाराज पति राकेश, सास बिंदी, ननद अनुसुइया व मौसेरे देवर कुलदीप ने मिलकर उसे जमीन में पटक कर थप्पड़, घूंसों व डंडों से जमकर मारपीट की। नाक, मुंह से खून बहने से वह अचेत हो गई। सुबह मां व भाई के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी। एसआई रवीन्द्र कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**20 साल से कब्जा** — चबूतरा तोड़ने के बाद भगत तालाब के मंदिर में स्थापित की गई शिवजी की पिंडी

## परमेश्वरी तालाब से हटाया गया अतिक्रमण

संवाददाता, कुरारा

**अमृत विचार।** कस्बा के परमेश्वरी तालाब में नगर पंचायत द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। इसके साथ ही भगवान शंकर की पिंडी को भगत तालाब में स्थापित कराई गई।

कस्बा के परमेश्वरी तालाब में 20 सालों से वार्ड के कई लोग अवैध तरीके से अतिक्रमण कर चबूतरा बनाकर भगवान शंकर की पिंडी स्थापित कर 20 सालों से कब्जा किए हुए थे। वहीं कई बार नगर पंचायत द्वारा हिदायत देने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया था। जिसके चलते मंगलवार को प्रभारी अधिशासी अधिकारी बलराम गुप्ता व कानूनगो अशोक निगम, लेखपाल चंद्रशेखर भारती ने मौके में पहुंचकर जेसीबी से अवैध अतिक्रमण को ढहा दिया। अतिक्रमण हटाने के बाद शंकर जी की पिंडी को भगत तालाब के मंदिर में स्थापित करा दिया गया।

नगर पंचायत के प्रभारी अधिशासी अधिकारी ने बताया कि परमेश्वरी तालाब के अवैध अतिक्रमण की जगह पर पौधरोपण कराया जाएगा। अतिक्रमण हटाने के दौरान टीम में नगर पंचायत के अनिरुद्ध पांडेय, अमित द्विवेदी, संदीप आदि मौजूद रहे।





परमेश्वरी तालाब से चबूतरे का अतिक्रमण ढहाती जेसीबी। अमृत विचार

## लंबित समस्याओं के निस्तारण के लिए धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जनपद के समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लंबित पड़ी समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर मंगलवार को सीएमओ कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने 17 सूत्री मांगों का ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा है।

उप्र हेल्थ वर्कर के अध्यक्ष रामजीवन सोनी के नेतृत्व में सीएमओ को दिए ज्ञापन में उन्होंने प्रत्येक माह का वेतन माह के प्रथम सप्ताह में भुगतान करने, लंबित पड़े विभिन्न देयो का भुगतान करने, अजय मोहन फार्मासिस्ट के लंबित एरियर का भुगतान करने, सर्विस बुक का छह माह में अवलोकन करने, एसीपी नियमानुसार लगाने, पं.दीनदयाल कैशलेश चिकित्सा कार्ड उपलब्ध कराने सहित 17 सूत्री मांग की है। धरना प्रदर्शन में ऊषा कुशवाहा, अजय कुमार शिवहरे, अंकित सचान, प्रमोद कुमार वर्मा, नारायण दास कौशल, ललित वर्मा, मनोज कुमार सहित जनपद के स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।



सीएमओ कार्यालय के बाहर धरना देते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

## एक नजर

### विकास कार्यों की निविदा प्रकाशन पर बीडीओ सख्त

**गोहांड (हमीरपुर)।** ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों में प्रकाशित की जाने वाली निविदाओं को राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों में छापे जाने की प्रकिया का नियमानुसार अनुपालन खंड विकास कार्यालय ने शुरू कर दिया है। इसको लेकर सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों और प्रधानों ने कड़ाई से अमल करना शुरू कर दिया गया है। बीडीओ एसएन कश्यप ने बताया कि मनरेगा कार्यों की निविदा प्रकाशन राष्ट्रीय समाचार पत्रों में कराया गया है। शासनादेश के तहत आने वाले आदेश का शत् प्रतिशत पालन किया गया है। उधर विभागीय लेखाकार रमाशंकर का कहना है कि मनरेगा कार्यों की निविदाएं राष्ट्रीय समाचार पत्रों प्रकाशित कराने के आदेश पूर्व में जारी कर दिए गए। इस आदेश का ग्राम प्रधानों व सचिवों को पूर्णत: पालन कराया जा रहा है।

### मजदूरी दिए बगैर भट्ठा मालिक भाग निकला

**राठ।** जरिया थाने के रिगवारा गांव निवासी मजदूरों ने बताया कि ईंट भट्ठों का मालिक उनकी मजदूरी दिए बगैर ही चकमा देकर फरार हो गया। मजदूरों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। जरिया थाने के रिगवारा गांव निवासी मानिकचंद, महेंद्र, चेतराम, रिंकी, शीला, संतोष, गायत्री, गोविंद, सावित्री, बाबूराम, जानकी व माता प्रसाद सहित अन्य तमाम लोगों ने बताया कि वह लोग ईट भट्टों में मजदूरी का काम करते हैं। बताया कि उन लोगों ने इटावा में संचालित ईंट भट्ठे में मजदूरी का कार्य किया है। बताया की ईंट भट्ठा मालिक के द्वारा भेजे गये मिनी ट्रक से वह राठ आये थे। मजदूरों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ईंट भट्ठा मालिक ने उन्हें दिलासा दिया था कि राठ पहुंचकर वह सभी लोगों को उनकी मजदूरी के रुपये दे देगा। बताया कि लेकिन एट भट्ठा मालिक रास्ते से ही चकमा देकर गायब हो गया है। पीड़ित मजदूरों ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर अपनी-अपनी मजदूरी दिलाए जाने की गुहार लगाई है। कोतवाल ने बताया जांच की जाएगी।

### ट्रैक के किनारे चल रही वृद्धा की ट्रेन से टकराकर मौत

**महोबा।** झांसी-मानिकपुर रेल लाइन पर सूपा और पचपहरा के बीच में रेल ट्रैक के किनारे चल रही वृद्धा को ट्रेन का डिब्बा छू जाने से महिला ट्रैक के किनारे गिर कर घायल हो गई। चरवाहों ने महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। शहर कोतवाली के ग्राम रैपुरा निवासी मंजू यादव (70) पत्नी रामदास यादव खेत में भेंस चराने गई थी, शाम को भेंस लेकर लौटते समय ट्रैक के किनारे चल रही थी, उसी समय उदयपुर खजुराहो इंटरसिटी ट्रैक से निकली जिससे महिला को एक डिब्बा छू जाने से वह गिर कर बुरी तरह घायल हो गई। उसे नाजुक हालत मे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चार लोगों पर दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट

**मौदहा।** कस्बा इलाही तालाब निवासी आकाश बाल्मीकि ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में कहा कि सोमवार सुबह मोहल्ले के ही निवासी इमामुद्दीन उर्फ़ पप्पू, कमाल, सहजादा, शानू मंदिर के सामने आकर गाली गलौज करने लगे। गाली देने पर मेरी मां ने मना किया तो मां को धक्का देकर गाली गलौज करने लगे और धार्मिक उन्माद फैलाने के लिए कहने लगे इसके साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरे पक्ष के शहजादा ने बताया कि उक्त लोगों द्वारा सरकारी सीसी रोड खोदकर अवैध कब्जा किया जा रहा था और सरकारी बिजली का पोल काटकर चोरी से रख लिया गया है। उसी का उनके द्वारा विरोध किया गया था जिसकी प्रतिक्रिया में उक्त आकाश आदि ने राजनीतिक लोगों से मिलकर उनके ऊपर दलित उत्पीड़न का झूठा मामला दर्ज कराया है।

### ट्रक ने रोडवेज बस में मारी टक्कर, सवारियां घायल

**मौदहा।** मंगलवार दोपहर महोबा जा रही हमीरपुर डिपो की बस को कस्बे के पास पीछे से ट्रक ने ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी, जिसमें अमर पाल (58) निवासी सुमेरपुर, चंद्र प्रभा (54) पत्नी राज कुमार निवासी जहानाबाद, पच्ची (50) पुत्र शिवबालक निवासी कुरारा, मनीष (32) पुत्र अनोखी लाल सलांव, हिमांशु (22) पुत्र किशन बरीपाल, मीरा (40) पत्नी शिवकुमार पहाड़ी, मलखान (70) को चोटें आईं हैं। इन्हें पीआरबी और कोतवाली पुलिस ने कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां पर सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। चालक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि वह हमीरपुर से महोबा जा रहे थे, तभी ट्रक चालक टक्कर मार कर फरार हो गया। हादसे के बाद बस का परिचालक भी भाग गया और फोन भी स्विच ऑफ कर लिया। यात्री बकाया रुपया लेने के लिए परेशान नजर आए। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

चरखारी थाना क्षेत्र के रिवई गांव के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर

# कार की टक्कर से पति की मौत, मां और बेटी घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी थाना क्षेत्र के रिवई गांव के समीप तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई और बाइक सवार दंपति के साथ उनकी तीन वर्षीय पुत्री घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी ले गई, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां पर पति की मौत हो गई, जबकि मां-बेटी का इलाज किया जा रहा है।



अस्पताल में एम्बुलेंस से घायल को उतारते लोग। अमृत विचार

श्रीनगर कस्बे के रहने वाले रतिराम (30) अपनी पत्नी अश्वनी (24) और तीन वर्षीय पुत्री आर्वी के साथ मंगलवार को बाइक पर सवार होकर बिहूनी गांव जा रहे थे। जैसे ही बाइक चरखारी थाना क्षेत्र के रिवई गांव के समीप पहुंची, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने बाइक में टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगते ही रतिराम का बाइक से संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे खाईं में जा गिरी, जिससे दंपति और बच्ची बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ग्रामीणों को पास आता देख कार को छोड़कर भाग निकला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देने के साथ सभी घायलों को खाई से बाहर निकाला और पुलिस के आने पर सभी घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान पति रतिराम की मौत हो गई, जबकि मां-बेटी को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।पुलिस ने आल्टो कार को कब्जे में लेते हुए मामला दर्ज कर लिया और कार के नंबर के आधार पर फरार चालक की तलाश में जुट गई है। वहीं दुर्घटना के बाद कार और बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। रतिराम की मौत होने और उसकी पत्नी और बेटी की हालत नाजुक देख परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

- कार को मौके पर छोड़कर भाग निकला चालक
- कार को कब्जे में लेकर पुलिस तलाश में जुटी

### ट्रैक्टर ट्राली से टकरा कर बाइक चालक की मौत

**महोबा।** कबरई छानीकला मार्ग पर गांव के पास बाइक एक खड़े ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई, जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। रात का समय होने के कारण काफी देर तक लोगों ने उसे नही देखा। जिससे अधिक खून बह जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना कबरई के ग्राम छानीकला निवासी अरविंद यादव 31 मुन्ना यादव सोमवार को कस्बा कबरई में बाजार करने आया था, लेकिन खरीदारी करने और लोगों से मिलने जुलने के चक्कर में रात हो गई। रात को आठ बजे वह वापस अपने गांव छानीकला बाइक से जा रहा था, तभी गांव से पहले सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से वह भिड़ गया और खून से लथपथ होकर मौके पर ही गिर गया। अंधेरा होने के कारण काफी देर तक लोगों की नजर नही पड़ी बाद में कुछ लोगों ने खून से लथपथ हालत में देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

### हमले में पांच को 3 साल की सजा

**महोबा।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश) एससीएसटी एक्ट लखविंदर सिंह ने एक वृद्ध पर लाठी डंडो से हमला करने के मामले में दोष सिद्ध हो जाने पर पांच लोगों को तीन तीन साल की सजा सुनाई और चार चार हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका।

थाना कबरई के ग्राम स्योढ़ी में रंजिश के चलते गांव के ही पांच लोगों ने 18 अगस्त 2015 को दोपहर में 2:30 बजे अमरजू पर लाठी डंडों से हमला कर अधमरा कर दिया था, मारपीट में उसका पैर भी फ्रैक्चर हो गया था। घटना की रिपोर्ट चर्तुभुज पुत्र अमरजू निवासी स्याढ़ी में गांव के ही परमलाल पुत्र डल्ला ढीमर, हज्जू ढीमर पुत्र खलका ढीमर, हरिचरन पुत्र काशी, राजू पुत्र हरगोविंद, जियालाल पुत्र नंदौला के खिलाफ थाना पनवाड़ी में मुकदमा दर्ज कराया था, पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस और दलीलें सुनने के बाद परमलाल, हज्जू, हरिचरन, राजू और जियालाल को एक राह होकर लाठी-डंडों से हमला कर मारने पीटने का दोषी ठहराते हुए पांचों को तीन-तीन साल के कारावास सजा सुनाई साथ ही चार-चार हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका। इस मुकदमें की पैरवी सरकार पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद पालीवाल ने की।



जिला अस्पताल परिसर से हटाई गई गंदगी। अमृत विचार

## स्वास्थ्य विभाग जागा, जिला अस्पताल में गंदगी हुई साफ

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के पीछे गंदगी से बढ रही संक्रामक बीमारियों की खबर को 2 जून को 'अमृत विचार' ने प्रमुख्ता से प्रकाशित की। खबर छपने के बाद अधिकारियों की नींद टूटी और अस्पताल परिसर से कूड़े के ढेरों की सफाई करा दी गई।




2 जून को छपी थी गंदगी की खबर।

जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, डीएम गजल भारद्वाज, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य अभय प्रताप सिंह ने जिला अस्पताल के निरीक्षण दौरान साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए थे, इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इसे नजरंदाज कर दिया था। अस्पताल परिसर में गंदगी पड़ी रहने की खबर को अमृत विचार ने फोटो सहित प्रमुखता से प्रकाशित किया। समाचार पत्र में खबर छपने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और आनन-फानन में शवघर के आसपास पड़ी गंदगी को साफ कराया। अब इमरजेंसी वार्ड के पीछे शव घर में रखे जाने वाले शवों के साथ आने वाले परिजनों और रिश्तेदारों को अब गंदगी के पास नही बैठना पड़ेगा। इतना ही नही स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराई गई सफाई व्यवस्था से आसपास वार्ड में भर्ती मरीजों को भी राहत मिली है।



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी प्रबल प्रताप सिंह। अमृत विचार

## तैयारी: पुलिस लाइन में प्रशिक्षण लेंगे 411 रिक्रूट

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- एसपी ने आरक्षियों के प्रशिक्षण की तैयारियों का लिया जायजा
- ठहरने, खानपान और पेयजल बिजली दुरुस्त करने के निर्देश

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने मंगलवार को रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के लिए पुलिस लाइन में तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर एसपी ने आरक्षियों के ठहरने के लिए बैरकों की व्यवस्थाएं, खानपान के लिए मेस, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, साथ ही अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण में आने वाले आरक्षियों के ठहरने के लिए बैरकों की व्यवस्थाएं, खानपान के लिए मेस की सुव्यवस्था, क्लासरूम की तैयारी, शौचालय एवं स्नानगृह की स्वच्छता व्यवस्था तथा इंडोर व आउटडोर ट्रेनिंग की आवश्यक संसाधनों एवं संरचनाओं की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण शुरू होने से पूर्व समस्त व्यवस्थाओं को मानक के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी बैरकों की वर्तमान स्थिति, मेस की व्यवस्था, निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति एवं सुरक्षा संबंधित व्यवस्थाओं को देखा।

गौरतलब है कि जिले में जेटीसी प्रशिक्षण के लिए कुल 411 रिक्रूट आएंगे, जिनमें 62 महिला और 349 पुरुष रिक्रूट आवंटित किए गए हैं। आरटीसी प्रशिक्षण के लिए कुल 250 पुरुष रिक्रूट आवंटित किये गये हैं, जिनको पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, आरआई शिवकुमार, कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी तथा संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### पशु बाड़े से लाखों की बकरियां चोरी

**मौदहा।** तीन दिन पहले पशुबाड़े में बंधी लाखों रुपये कीमत की बकरियां चोरी हो गईं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गुसियारी निवासी सज्जन वकील खान ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते तीस मई को वह अपनी भतीजी की शादी में बाहर गया था। अपनी बकरियों की जिम्मेदारी पारिवारिक सफात के सड़क किनारे स्थित पशुबाड़े में बंधती हैं कि जिम्मेदारी बिल्लू पुत्र गोरेलाल को दे गया था। 30 मई को आधी रात उसे फोन पर सूचना मिली कि पशुबाड़े का बकरी वाला फाटक खुला हुआ है और बकरियां भी नहीं है।

## नरकपुरा बन गया नरियापुरा, कैसे गुजरें लोग

संवाददाता, कुलपहाड़

**अमृत विचार।** पनवाड़ी विकास खंड के भरवारा गांव के नरियापुरा के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। नरिया मोहल्ले से निकले नाला के पानी को निकालने की समुचित व्यवस्था न होने से घरों का दूषित पानी पूरे रास्ते पर जमा हो रहा है, जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। घरों के सामने पानी भरने से संक्रामक रोग फैलने की आशंका पैदा हो गई है। समस्या का निदान न होने से नाराज ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी।



नरियापुरा के रास्ते पर भरा कीचड़ और गंदा पानी। अमृत विचार

गांव के लोग कई बार ग्राम प्रधान सहित जिले के अधिकारियों से समस्या के समाधान की गुहार लगा चुके हैं। लेकिन आज तक समस्या का समाधान नही हो सका। ग्राम गांव भरवारा की आबादी लगभग छः हजार है। लेकिन गांव के रास्तों की खस्ता हालत से गांव की सफाई व्यवस्था का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। गांव के नरियापुरा मोहल्ले के प्रमुख रास्ते पर दूषित जलभराव के कारण लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

- घरों के बाहर रास्ते में भरा कीचड़ और गंदा पानी

ग्रामीण कई बार ग्राम प्रधान और समाधान दिवस में अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन सुनवाई न होने से गांव के लोग मायूस हैं। मोहल्ले में पूरा रास्ता नरक बना हुआ है। मोहल्ला निवासी शौकत अली, इमरान, शाहिद, सलीम, वीरपाल, रामस्वरूप आदि ग्रामीणों ने बताया कि अगर जल्द ही दूषित जल निकासी की व्यवस्था नहीं की जाती तो मुहल्ले के लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## सरकारी ऋण की वसूली के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में बैंको की जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं आरसेटी सलाहकार समिति की मंगलवार को बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक मे सरकारी ऋण और आरसी बसूली पर जोर दिया।



बैठक में निर्देश देती डीएम। अमृत विचार

बैठक में डीएम ने सरकारी ऋण योजनाओं, एनपीए की स्थिति, एनपीए में जारी आरसी वसूली, वार्षिक ऋण योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनाए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, वित्तीय समावेशन, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग, एफपीओ आदि विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेशियों कम है वे इसमे सुधार करें तथा सरकार समर्थित विभिन्न योजनाओं में जो भी आवेदन पेंडिंग हैं बैंकों द्वारा प्राथमिकता से उनका निस्तारण करके ऋण दिया जाय। उन्होने कहा कि बैंकों को विभिन्न योजनाओं में ऋण आदि का जो लक्ष्य दिया गया है, उसको समय से प्राप्त किया जाय। पशु पालकों, दुग्ध उत्पादकों एवं मत्स्य पालकों के किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन जहाँ भी लंबित हैं विभागों से संपर्क करके उनका निस्तारण किया जाए। और कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना हैए इसमें स्वयं सहायता समूह के जो आवेदन पत्र लंबित हैं उनका निस्तारण कराएं।

## सार-संक्षेप

### हत्यारोपी बंदी की इलाज के दौरान थम गईं सांसें



आलोक पालीवाल।

**हमीरपुर।** हत्या के आरोप में जिला कारागार में निरुद्ध बंदी की लखनऊ के पीजीआई में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। सूचना से सुमेरपुर कस्बे में मातम छा गया। सुमेरपुर कस्बे का पालीवाल परिवार रसूख वाले परिवारों में गिना जाता है। कस्बे में इस परिवार का हमेशा दबदबा रहा है। लेकिन जैसे ही पूर्व चेयरमैन आनंदी प्रसाद पालीवाल की मौत हुई। संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद उत्पन्न हो गए। बीते सात जनवरी को खेत में पानी लगाने के दौरान हुई गोली बारी में एक व्यक्ति के मौत हो गई थी। इस मामले में तीन सगे भाइयों सहित चार लोगों को जेल जाना पड़ा था। दो सप्ताह पूर्व तबियत बिगड़ने पर जेल प्रशासन ने कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां किडनी में इन्फेक्शन फैलने पर आलोक पालीवाल को कानपुर से पीजीआई लखनऊ भेज गया था। जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शव लखनऊ से कस्बे में लाया जा रहा है। आलोक पालीवाल के खिलाफ हत्या, हत्या की साजिश रचने सहित कई आपराधिक मुकदमे दर्ज है। आनंदी प्रसाद पालीवाल कस्बे के रसूखदार घरानों में गिने जाते हैं। यह तीन बार कस्बे के अध्यक्ष रहे। उनकी बहू जिला पंचायत सदस्य रह चुकी है। आलोक पालीवाल क्षेत्र पंचायत सदस्य रहे हैं। राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल चंद्रपुरवा बुजुर्ग के प्रधान रहे हैं। यह घराना जमींदार घराने में शामिल है। चंदपुरवा बुजुर्ग के मजरा इटरा में इनकी जमीदारी रही है।

### नो हेलमेट, नो फ्यूल पर बरती गई सख्ती

**महोबा।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी और जिलापूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी ने टीम के साथ नगर के पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो फ्यूल और आसपास दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट प्रयोग करने की स्थिति की जांच की गई। पेट्रोल पंप मालिकों को नो हेलमेट नो फ्यूल का कड़ाई से अनुपालन कराने और इसका बैनर, पोस्टर के माध्यम से प्रचार प्रसार कराने पर जोर दिया गया, साथ ही पेट्रोल पंपो पर इससे संबंधित बैनर लगाने के भी निर्देश दिए गए। चेतावनी दी गई कि अगर कोई पेट्रोल पंप मालिक बगैर हेलमेट के पेट्रोल देता पाया जाएगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर पेट्रोल पंपों मे चेकिंग की जा रही है, साथ ही नो हेल्मेट नो फ्यूल का अनुपालन न कराने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गयी। पम्पों पर पेट्रोल और आये वहां चालकों को हेल्मेट से जान की सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। उन्होने बताया कि सड़क परिवहन में चालकों की सुरक्षा पर जिलाधिकारी का विशेष ध्यान है। बिना हेलमेट के चल रहे 32 दोपहिया वाहन चालकों का चालान किया गया।

### आग लगने से फलदार बगीचा जलकर बर्बाद

**कुलपहाड़।** कोतवाली क्षेत्र के मुढारी गांव में एक फलदार बगीचे में आग लगने से बाग मालिक के पेड़ जल जाने से भारी नुकसान हुआ है। बाग मालिक ने गांव के एक दबंग पर आग लगाए जाने का आरोप लगाते हुए तहसील कुलपहाड़ में शिकायती पत्र दिया है। पीड़िता ने घटना की जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर आगजनी से हुई क्षति का आकंलन कर मुआवजा दिलाए जाने की भी मांग की है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। ग्राम मुढारी निवासी मुन्नी रैकवार ने मंगलवार को तहसील कुलपहाड़ में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह अपने ससुर मिहीलाल के खेत संख्या 1644 व 1593 में आम अनार अमरुद जामुन नीबू आदि के पेड़ का बागीचा लगाकर परिवार का पालन पोषण कर रहे थे। बताया कि गांव के एक दबंग ने फलदार बागीचे में आग लगा दी, जिससे वहां लगे फलदार वृक्ष आग की भेंट चढ़ गए, जिससे उसको भारी नुकसान उठाना पड़ा। शिकायती पत्र में बताया कि चरवाहा मंगू रैकवार व बोरा रैकवार ने बागीचे में आग लगी होने की सूचना दी। मौके पर ससुर द्वारा देखा गया तो फलदार पेड़ जल गए थे और फल भी बर्बाद हो गए थे। घटना के बावत विभाग को आगजनी के संबन्ध में जानकारी दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर मंगलवार को पीड़िता द्वारा तहसील कुलपहाड़ के अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने की मांग की। उठाई साथ ही आग में हुए नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

---

धर्म-अध्यात्म | बड़ी माता मंदिर परिसर में रामलीला के पांचवें दिन राम वनवास लीला का हुआ मंचन

# प्रभु राम के वनवास पर छलक पड़े आंसू

संवाददाता, कुलपहाड़

**अमृत विचार।** पनवाड़ी विकास खंड क्षेत्र के अंडवारा गांव स्थित बड़ी माता मंदिर परिसर में आयोजित श्रीविष्णु महायज्ञ के साथ चल रही सात दिवसीय रामलीला के पांचवें दिन भगवान राम के वनवास का मंचन किया गया। वन गमन के समय पुत्र वियोग महाराज दशरथ का विलाप देख कर बैठे दर्शकों की आंखों से आंसू बहने लगे।

अंडवारा के बड़ी माता मंदिर परिसर में चल रही रामलीला सजीव मंचन में सोमवार की रात अयोध्या नरेश महाराज दशरथ ने विचार किया कि राम को अयोध्या का राजा बनाया जाए। उन्होंने अपने मंत्री सुमंत को बुलाकर बड़े बेटे राम को राजा बनाए जाने के लिये राज्याभिषेक की तैयारी करने का आदेश दिया।



रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

यह सूचना जैसे ही महारानी कैकेयी की दासी मंथरा को प्राप्त हुई मंथरा ने महारानी के कान भरना शुरू कर दिया। महारानी कैकेयी मंथरा की बातों को मानकर राजा दशरथ से अपने पुराने दो वरदान मांगने पहुंच गई। राजा दशरथ ने महारानी कैकेयी को दोनों वरदान देने का निर्णय करते हुए कहा कि हम रघुवंशी हैं हम अपने दिए गए वचन को निभाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कैकेयी ने अपने पुत्र भरत को राजतिलक और कौशल्या पुत्र राम को चौदह वर्ष का वनवास मांगा। यह सूचना जैसे ही भगवान राम को मिली, भगवान राम तुरन्त वन गमन को तैयार हो गए। जैसे ही भगवान राम के वन गमन की सूचना महराज दशरथ को हुई, वो विचलित और व्याकुल हो गए। भगवान राम ने सीता और लक्ष्मण के साथ वन गमन करने को प्रस्थान किया। उसी समय राजा दशरथ फूट.फूट कर रोने लगे और पूरी अयोध्या नगरी में शोक छा गया।

भगवान राम के साथ अयोध्या के हजारों नर, नारी भी वन गमन करने को तैयार हो गए। इसके बाद भगवान राम तमसा नदी के किनारे पहुंचे। उन्होंने रात्रि विश्राम किया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजू राजपूत, सुमित राजपूत, रामसहाय प्रधान, दिनेश साहू, राजबहादुर, राजकुमार, चंद्रपाल भागीरथ राजेश कुमार सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

### जहरीले पदार्थ का सेवन कर दी जान

**राठ।** मझगवां गांव में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत की खबर सुन परिवार में कोहराम मच गया।

मझगवां निवासी मूलचंद यादव ने मंगलवार को संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर परिजन उसे लेकर नौरंगा सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मूलचंद की पुत्री शिखा ने आरोप लगाया कि परिवार वालों ने 15 वर्षों से पिता को अलग कर रखा था। वह मां सुमन और भाई आशीष व संदीप के साथ मामा शिवप्रसाद के यहां अटगांव धगवां में रह रही है। जहरीले पदार्थ का सेवन करने से उसके पिता की मौत हुई है। वहीं मामले में मझगवां थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### जिला जेल में होगा 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**चित्रकूट।** जिला कारागार में मंगलवार को 51कुंडीय गायत्री महायज्ञ के संबंध में बैठक हुई। इस मौके पर बंदियों ने गायत्री मंत्र लेखन किया। गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डा. रामनारायण त्रिपाठी ने इनको अच्छे कामों में मन लगाने की प्रेरणा दी। भोपाल निवासी प्रेमलाल कुशवाहा ने मंत्र लेखन के लाभ समझाए। कहा कि गायत्री मंत्र गुरुमंत्र है। इसे ही गुरु मान सकते हैं और गुरु दीक्षा मंत्र दीक्षा प्राप्त कर गायत्री मंत्र साधना का लाभ ले सकते हैं। जेल अधीक्षक शशांक पांडेय ने सभी बंदियों को समझाया कि वे इसे एकांत वास साधना के रूप में समय का सदुपयोग कर सकते हैं। बताया गया कि 51कुंडीय गायत्री यज्ञ 23 और 24 जून को जेल परिसर मे होगा, जिसमें जेल और प्रशासन के अधिकारी सम्मिलित होंगे।

### मप्र की पुलिस ने की जंगल में कांबिंग

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र अंतर्गत इलाकों में मप्र की पुलिस ने कांबिंग की। पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात विक्रम सिंह एवं एसडीओपी चित्रकूट रोहित राठौर की अगुवाई में चित्रकूट, मझगवां, धारकुंडी, बरौंधा, सभापुर की पुलिस ने गुप्त गोदावरी के गांव खमरिया बदरी के जंगलों में कांबिंग की। यहां मजदूरों, ठेकेदारों, चरवाहों एवं आम ग्रामीणों से चर्चा कर हथियारबंद बदमाशों के बारे में जानकारी ली।

### 15 लीटर शराब सहित दबोचा

**कालपी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लंगरपुर में अवैध रूप से शराब को बेचने का प्रयास कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में विधिक कार्रवाई करते हुए उसे भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी तथा टरनंनगंज चौकी इंचार्ज रणधीर सिंह दलबल के साथ गश्त कर रहे थे। तभी दिनांक 2जून 2025 को चौरासी गुम्बद के समीप लंगरपुर मौजे में स्थित एक घर में आरोपी युवक अंगद कुमार पुत्र कमल सिंह निवासी भानपुरा जिला गुना मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक के पास से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बारामद की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी को जेल भेज दिया।

### 13 वर्षीय किशोर गायब

**कालपी जालौन।** चार दिन पहले गायब हुए 13 वर्षीय किशोर के मामले को लेकर पीड़ित पिता के द्वारा कालपी कोतवाली में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई गई है। इस सम्बन्ध में अब्दुल हसन पुत्र उमराव खान निवासी ग्राम गुलौली थाना कालपी ने कोतवाली में सूचना दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 30-मई -2025 को प्रार्थी का पुत्र अब्दुल बासे खान घर से मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए निकला हुआ था। लेकिन घर वापस नहीं लौटा है। उसकी काफी खोजबीन भी की जा चुकी है। लेकिन अभी तक उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रशिक्षण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून

**चित्रकूट।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत कुम्हार / प्रजापति समाज के कारीगर उद्यमियों, शिल्पियों को 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले में 15 प्रशिक्षार्थियों के लिए लक्ष्य प्राप्त है। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदन पत्र एवं संबंधित प्रपत्रों की छायाप्रति जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में 20 जून तक जमा करनी है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**चित्रकूट।** बाल संरक्षण अधिकारी डा. सौरभ सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया जाना है। 18 से कम उम्र के बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। इसके लिए 31 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है।

### आठ आरोपियों पर हुई गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**चित्रकूट।** पुलिस ने आठ आरोपियों पर 3 यूपी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष पहाड़ी पंकज तिवारी ने सुंदरम पुत्र होरीलाल उर्फ होरिल प्रसाद मिश्रा निवासी ओरा, थानाध्यक्ष राजापुर ने मनीष मिश्रा पुत्र बच्चा निवासी डरिया, प्रभारी निरीक्षक रैपुरा विनोद कुमार शुक्ला ने दीपक पासी पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी लोधौरा, अखिलेश कुमार पुत्र छेदीलाल निवासी शंभूपुर मजरा लौरी, छोटा शुक्ला और रमेश शुक्ला पुत्र चंद्रशेखर निवासी लौरी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेंद्र प्रताप सिंह ने रामशरण निषाद उर्फ मैकू पुत्र सीताराम निवासी रानीपुर भट्ट हाल मुकाम पुरानी बाजार कर्वी, अमित पटेल पुत्र रामकरण निवासी शंकर बाजार कर्वी के विरुद्ध धारा तीन यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कार्रवाई की।

# सड़क हादसों में बालक समेत तीन की मौत

## नाले में ई-रिक्शा पलटने से दबकर बालक की गई जान, घर के अन्य लड़कों के साथ आटा लेने गया था बालक

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई। नाले में ई-रिक्शा पलटने से उसके नीचे दबकर एक बालक की मौत हो गई। वहीं साइकिल सवार श्रमिक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी और उसकी मौत हो गई। उधर, सड़क किनारे लघुशंका कर रहे युवक को किसी वाहन ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पहाड़ी संवाददाता के अनुसार, अरछा बरेठी निवासी मिश्रीलाल का पुत्र अनूप (12) अपने परिवार के ही चार लड़कों कमल, सुरेंद्र, विजय व शुभम के साथ मंगलवार को धोबिनपुरवा ई-रिक्शा से आटा लेने गया था। आटा लेकर वापस आते समय नारी नाला के पास चालक ने ई-रिक्शा से नियंत्रण खो दिया और ई-रिक्शा पुलिया के नीचे गया गया। वहीं अनूप ई-रिक्शा के नीचे दब गया। रिक्शे के अन्य लोगों ने मिलकर अनूप को बाहर निकाला तो देखा कि अनूप गंभीर रूप से घायल है। लोगों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी पंकज तिवारी मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल भिजवाया। वहां पर मौजूद डाक्टरों ने जाचं पड़ताल के बाद अनूप को मृत घोषित कर दिया। अनूप की मौत की जानकारी मिलते है परिजनों में कोहराम मच गया।

वह नवोदय विद्यालय मानिकपुर में कक्षा सात का छात्र था। अनूप के पिता ने बताया कि घर में एक महिला की मौत कुछ दिन पहले हो गई थी, जिसकी तेरहवीं नौ जून को है। उसी के लिए अनूप अन्य बालकों के साथ धोबिनपुरवा की आटा चक्की से आटा लेने गया था। कुछ लोगों ने बताया कि चार पहिया वाहन को क्रास करते समय ई-रिक्शा नाले के नीचे चला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाजसेवी विपुल मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।



नाले में गिरा ई-रिक्शा, जिसके नीचे दबकर गई बालक की जान। अमृत विचार



अस्पताल में लगी ग्रामीणों व परिजनों की भीड़। अमृत विचार

### लघुशंका कर रहे युवक को वाहन ने रौंदा

**भरतकूप (चित्रकूट)।** बहन को छोड़कर गांव जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। युवक के परिजन अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकुंदपुर निवासी विजय कुमार (23) पुत्र मिथलेश कुमार बीते दिन अपनी बहन को उसके गांव खोही छोड़ने गया था। बाइक से घर लौटते समय बरुआ नाले के पास वह बाइक खड़ी करके लघुशंका करने लगा। इसी दौरान किसी वाहन ने उसे कुचल दिया। किसी के न होने की वजह से वह देर तक तड़पता रहा। बाद में सूचना पर उसके परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया।

### साइकिल सवार मजदूर की वाहन की टक्कर से गई जान

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, कोनिया निवासी श्यामबली उर्फ बगवाली (38) पुत्र स्व. जमुना कोल मंगलवार की सुबह साइकिल से मजदूरी करने जा रहा था। पालीटेक्निक कालेज के पास किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे मौके पर उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी और पांच बेटियां छोड़ गया है। उसकी मौत से परिवार के सामने भरणपोषण का संकट उत्पन्न हो गया है। वहीं उसकी मौत से परिजना का रो रोकर बुरा हाल है।

# जल्द घोषित होंगी जिला और ब्लाक कार्यकारिणी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने बताया कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। बताया कि पांचों ब्लाकों में बैठक कर वहां की कार्यकारिणी भी गठित की जाएगी।

मंगलवार को कैंप कार्यालय में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे अपने घरों में पार्टी का झंडा अवश्य लगाएं। पीसीसी सदस्य रंजना पांडेय ने जिलाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि जिले में संगठन खड़ा करने में हर संभव मदद की जाएगी। सत्येंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय समस्याओं एवं मुद्दों को लेकर प्रत्येक ब्लाकों में विरोध प्रदर्शन एवं घेराव किया जाएगा। विजयमणि त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि ब्लाकों की ग्राम पंचायतो में 14वां वित्त एवं राज्य वित्त निधि से कराए जा रहे विकास कार्यों में सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है, जिसकी जांच कराई जानी चाहिए। रामकृपाल वर्मा ने गांवों में पानी की किल्लत का मुद्दा उठाया। दावा किया कि हर घर पेयजल नल योजना पूरी तरह से फ्लॉप है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला समन्वयक आदित्य स्वरूप पांडेय, राकेश वर्मा, अनिल गुप्ता, कामता प्रसाद द्विवेदी, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, सविता पाल, मेहंदी हसन, मोहन सिंह, जगजाहिर सिंह पटेल, ओमप्रकाश गुप्ता, योगेंद्र कुमार रैकवार, इंद्रजीत उपाध्याय, हरिहर, साहब विश्वकर्मा, महेंद्र सिंह पटेल, पुरुषोत्तम सिंह, अतुल राजपूत, हरिओम पांडेय, जितेंद्र कुमार, रामकृपाल आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद कांग्रेसी। अमृत विचार

# नवागंतुक थाना प्रभारी ने संभाला रामपुरा थाने का चार्ज

**माधौगढ।** रामपुरा थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी रजत कुमार सिंह ने कार्यभार संभालने के पश्चात नगर रामपुरा की सुरक्षा की व्यवस्था परखी, उसके पश्चात सभी चौकी प्रभारियों के साथ बैठक ली।



थाना प्रभारी रजत कुमार।

इस बैठक के दौरान उन्होंने जहां लंबित केसों का शीघ्र निपटान करने के आदेश दिए वहीं जुआ, सट्टा, मनचलो, व भू- माफियाओं पर कड़ी नजर रखने के भी निर्देश दिये। थाना प्रभारी ने सभी चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि के समय गश्त बढ़ाने के अलावा आम जनमानस के सहयोग से गांवों में जगह - जगह पहरा लगाने के लिए हिदायतें दी। इस अवसर पर समस्त एस आई एवं चौकी प्रभारी समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# देख लो आकर बजता है डंका बेरी वाले पीर का...

- खुद्दाम ने कुल शरीफ की फातिहा पढ़ने के साथ मुल्क में अमन चैन के लिए की दुआ
- कव्वालों ने बटोरी श्रोताओं की तालियां, देर रात तक लोगों ने उठाया लुत्फ

संवाददात उरई जालौन

**अमृत विचार।** कुल शरीफ की फतिहा के साथ ही हजरत बेरी वाले बाबा का सालाना 85 वां उर्स संपन्न हो गया। खुद्दाम नासिर अली व नाजिर अली ने कुल की दुआ में दुनिया में अमन और लोकतंत्र की कामना करते हुए आतंकी जमातों से बचने की बात कही। साथ ही कव्वाली का जोरदार मुकाबला हुआ।

कव्वालों ने अकीदत व सामाजिक सरोकारों वाले शेर सुनाकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कव्वाल अनीस नवाब ने पढ़ा, बस्ती बस्ती गली गली में, शाहों का न बजीर का, देख लो आकर बजता है डंका, बेरी वाले पीर का। इससे पहले फैजान रजा अजमेरी ने पढ़ा, सजी है महफ़िल बेरी वाले बाबा की, दीवाने खुशियाँ मना रहे है, कसम खुदा की अली का सदका बेरी वाले बाबा लुटा रहे हैं। दोनों ही कव्वालों ने कव्वाली प्रस्तुत कर लोगों को वाह वाह करने पर मजबूर कर दिया। उक्त कव्वाल जोड़ी ने सोने के कलश वाले ख्वाजा, मोईन मोईन मोईन ख्वाजा, इसराइल के लश्कर को अल्लाह डूबने वाला है। इस बेजोड़ मुकाबले को सुनने के लिए लोग अपनी जगह पर डटे रहे और अपनी फरमाइश के मुताबिक कलाम सुनते रहे। इस बीच वह रूहानी मंजर आया जब अकीदतमंदो की आंखों से आंसुओं को सैलाब बह उठा। बाबा के कुल शरीफ के दौरान लोग भावुक हो उठे। जायरीनो के लिए जगह-जगह लंगर के आयोजन किये गये। जिसमें जमकर लंगर को छका गया। उर्स में आये हुये मेहमान चेयरमैन प्रतिनिधि विजय चौधरी, गुलशेर सेठ, नजम हाशमी, पप्पू पठान, आरिफ कादरी, मुन्ना अंसारी, टिंकू शताब्दी, शोएब मिर्जा व नफीस पठान का उर्स कमेटी के अध्यक्ष अनुभव चतुर्वेदी व चीफ कंट्रोलर हाफिज अब्दुल जब्बार ने सर पर पगड़ी बांधकर का स्वागत किया। संचालन अपनी मुहावरेदार भाषा शैली से पप्पू थापा ने किया। इस दौरान भिक्के खां, फिरोज कैसेट, जुबैर खान, अब्दुल रब सुनार, अकील आदि मौजूद रहे।



उर्स में लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

### चौकी इंचार्ज ने संभाली सुरक्षा की कमान

**उरई।** बेरी वाले बाबा के उर्स मुबारक में दूसरे दिन अकीदतमंदो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिसमें मौजूद पुलिस कर्मियों के भी पसीने छुटते नजर आए। इस दौरान चौकी इंचार्ज विनोद कुमार सिंह ने खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली और उन्होंने पॉइंट टू पॉइंट पहुंचकर प्रोग्राम को शांतिपूर्ण संपन्न कराने का कार्य किया। जिसकी सराहना पूरे शहर में की जा रही है।

### दरगाह ख़ादिम ने सिर पर बंधा साफा

**उरई।** हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक इंसानियत के सूफी बुजुर्ग हजरत सैयद बेरी वाले बाबा के कार्यक्रम के दौरान जब दरगाह ख़ादिम नासिर शाह के द्वारा कव्वाल अनीस नबाब व फैजान रजा अजमेरी को सर पर साफा बांधा गया तो लोगों ने तालियों से दरगाह ख़ादिम और मेहमान कव्वालो का स्वागत किया, और लोग यह कहते नजर आए कि ये है मेरे देश की खूबसूरती।

## सार-संक्षेप



सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते कोआपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल।

### भरतकूप को ब्लाक का दर्जा देने की उठाई मांग

**चित्रकूट।** कोआपरेटिव बैंक के जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बीते दिन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्होंने सीएम को जिले की समस्याओं की जानकारी दी और उनके निस्तारण का अनुरोध किया। पंकज ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को दिए पत्र में देवांगना एयरपोर्ट की हवाई सेवा को पुनः सुचारु कराने, खोह के मातृ शिशु अस्पताल में स्टाफ की व्यवस्था, मंदाकिनी नदी की सफाई के संबंध में अनुरोध किया है। इसके अलावा उन्होंने सीएम को बताया कि कर्वी ब्लाक में 96 ग्रामसभा और 165 राजस्व ग्राम हैं, जो जिला मुख्यालय में होने के बाद भी बांदा के कार्यक्षेत्र में हैं। उन्होंने कर्वी ब्लाक को दो हिस्सों में बांटकर भरतकूप को ब्लाक का दर्जा दिए जाने की सीएम से मांग की।



गांव में मिट्टी खनन की जानकारी पर पहुंचे एसडीएम रामऋषि रमन।

### अवैध मिट्टी खनन करते जेसीबी व ट्रैक्टर सीज

**राजापुर चित्रकूट।** उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन मंगलवार को अवैध खनन की सूचना पर मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। उन्होंने खनन में लिप्त ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी को सीज कर दिया और इनको थाना रैपुरा में खड़ा करा दिया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि बीते दिन उनको जानकारी मिली कि ग्राम ग्रामसभा व्यास बन्ना की सरकारी भूमि में मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। पहले भी यह सूचना ग्रामीणों से प्राप्त हुई थी। इस पर वह शाम को वहां निरीक्षण को पहुंचे तो अवैध खनन पाया गया। खनन स्थल पर एक जेसीबी और मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी गई। उन्होंने बताया कि बिना किसी अनुमति के मिट्टी का अवैध खनन करने पर दोनों वाहनों को सीज करते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना रैपुरा के सुपुर्द किया गया। बताया कि जेसीबी का चालक सरकारी वाहन को देखकर भाग निकला। ट्रैक्टर चालक परशुराम त्रिपाठी निवासी नकेहली मौजूद मिला। यह खनन से संबंधित कोई प्रपत्र नहीं दिखा सका। बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज दी गई है। खनन अधिकारी के द्वारा अवैध खनन मिट्टी का परीक्षण भी कराया जाएगा। उप जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील क्षेत्र के गांवों में अवैध मिट्टी व बालू खनन, ओवरलोडिंग, परिवहन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### अवैध शराब समेत पांच आरोपी हुए गिरफ्तार

**चित्रकूट।** राजापुर के एसआई शैलेंद्र कुमार सिंह ने बबलू सोनकर निवासी कुसेली को 20 अदद पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी गनीवां ने राजेंद्र रैदास निवासी गोहानी कलां से 25 अदद पाउच बरामद किया, राजापुर के एसआई सुरेंद्र कुमार ने अमृतलाल गुप्ता निवासी भटरी से 23 पाउच, एसआई कन्हैया लाल बक्श ने कमलेश निषाद निवासी कलवलिया से 23 पाउच और सीतापुर चौकी प्रभारी अनिल गुप्ता ने रामखिलावन पुत्र छक्कीलाल निवासी डिलौरा को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों पर संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज की गईं।

### प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करने के दिये निर्देश

**कालपी जालौन।** आगामी बकरीद के पर्व को लेकर क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह व एसडीएम सुशील कुमार की मौजूदगी में आटा तथा चुर्खी थाना परिसरों में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग में सदभाव से पर्व मनाने की अपील की गई। बकरीद के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये चुरखी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि हमारे देश में त्योहारों को सदभाव से मनाने की परम्परा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को मिलजुल मनाकर गौरवशाली परम्परा को कायम रखें। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की समस्या होगी तो उसको प्राथमिकता से समाधान कराया जायेगा। उपजिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट न करें। अगर किसी तरह की गड़बड़ी पैदा होती है तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीओ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार के दौरान कोई ऐसा कार्य न किया जाएं जिससे किसी अन्य को कोई परेशानी हो। बकरीद के पर्व पर कोई भी व्यक्ति खुले में कुर्बानी न करे जिससे दूसरों की भावनाएं आहत हों। कुर्बानी के बाद बचे हुए अवशेषों को जमीन में दफन कर दें, इधर उधर खुले स्थान न फेंके। उन्होंने यह भी कहा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी कतई न करें। इसी प्रकार थाना आटा के परिसर में गणमान्य नागरिकों की मीटिंग आयोजित की गयी।

### किशोरी को भगाने में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कालपी जालौन।** घर में अकेली किशोरी को फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़ित पक्ष के द्वारा नामजद आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त घटना को लेकर पीड़ित वादी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 24- 5 -2025 को प्रार्थी एवं प्रार्थी की माता दवाई लेने के लिए कानपुर गए हुए थे। प्रार्थी की 16 वर्षीया नाबालिग बहन घर में अकेली थी। इसी दौरान आरोपी युवक अनुज यादव निवासी ग्राम दिदौरा थाना पूरा कला जनपद ललितपुर मेरी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। किसी तरीके से आरोपी के चंगुल से बहन वापस लौटी है। आरोपी ने बहन को धमकी दी है कि इस मामले को किसी को बताया या शिकायत की तो अच्छा नहीं होगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह चंदेल को विवेचना सौंप दी है।

# भूमि विवाद में किसान को दी जान से मारने की धमकी

**जालौन।** थाना रेंढर क्षेत्र के ग्राम परधानी निवासी अमित कुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि भूमाफियाओं द्वारा उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं।

प्रार्थी अमित कुमार अनुसूचित जाति से संबंध रखते हैं और उन्होंने आरोप लगाया कि दिनांक 24 मई 2025 को सुबह लगभग 9 बजे ग्राम बोहतपुरा थाना उरई में भूमि विवाद को लेकर दर्जनों लोग लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से लैस होकर उनके खेत में जबरन घुस आए। विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। इस दौरान मैं अपने बलकट पर लिए खेत पर जुताई करने के लिए गया था। आरोप हैं कि खेत की मालकिन मंजुल श्रीवास्तव से बलकट पर 4 लाख 20 हजार रुपये में खेत को जुताई व खेती के लिए एक साल के लिए अनुबंध किया था, जिसमे से आधा पैसा भूमि की मालकिन को दिया जा चुका है परंतु मंजुल श्रीवास्तव की बहू व उसके साथ गांव के लोगों के द्वारा विवाद उत्पन्न किया जा रहा है। शिकायत में जिन लोगों पर आरोप लगाया गया है उनमें रश्मि श्रीवास्तव, खुशी श्रीवास्तव, शिवपाल सिंह, सरताज यादव, विष्णु सिंह योगेंद्र सिंह, करण सिंह, भरत ,राम सिंह, सुधीर श्रीवास्तव , सोहन श्रीवास्तव, आरती, अशोक सहित लगभग 10-12 लोगों के नाम शामिल हैं।

# सहमति बनाकर शुरू करायें चकबंदी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी, जिला उप संचालक चकबंदी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को चकबंदी कार्यों की समीक्षा की। डीएम ने बंदोबस्त अधिकारी मनोहरलाल को निर्देश दिए कि गांवों में सहमति बनाएं और चकबंदी शुरू कराएं।

बैठक में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि भू चित्र पुनरीक्षण अंतर्गत 11 ग्रामों में चकबंदी का काम शुरू हो गया है। बताया कि औदहा, दरसेड़ा एवं भदेहदू बांगर में जनविरोध के कारण अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इन ग्रामों में बैठक करते हुए वस्तुस्थिति की जानकारी करें और गांववालों से सहमति बनाकर चकबंदी शुरू कराएं। चकबंदी न्यायालयों में विचाराधीन मुकदमों की समीक्षा में पाया गया कि जिले में पांच वर्ष से अधिक अवधि के मुकदमें विचाराधीन नहीं है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा चकबंदी के लिए तय समयसीमा में काम पूरा कराया जाए। बैठक में चकबंदी अधिकारी शैलेंद्र द्विवेदी, संजय शुक्ला, शरद चंद्र यादव तथा सहायक चकबंदी अधिकारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, रमाकांत यादव, श्यामलाल, मुन्नालाल व कल्लू व चकबंदी लेखपाल आदि मौजूद रहे।

**प्रथम चक्र की हो रही चकबंदी:** बंदोबस्त अधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में जिले में प्रथम चक्र की चकबंदी प्रारंभ है। नौ ग्रामों के तहत फिलहाल दो में पड़ताल का काम चल रहा है। शेष में चकबंदीकर्ता कब्जा परिवर्तन में लगे हैं, जिससे पड़ताल बाधित है। गढ़वारा में जन विरोध के कारण पड़ताल नहीं हो पा रही। इस पर डीएम ने यहां भी किसानों को समझाकर काम शुरू कराने का निर्देश दिया।

**एसडीएम मौजूद रहकर कराएं कब्जा परिवर्तन:** बंदोबस्त अधिकारी ने बताया कि ऐंचवारा, मिर्जापुर, डुडौली, महरुच व तेरा बुजुर्ग में चक सीमांकन कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में उपस्थित रहकर कब्जा परिवर्तन कराएं, जिससे सत्यापन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

निरीक्षण | चुरखी स्थित गौशाला पहुंचे क्षेत्राधिकारी और उपजिलाधिकारी सुशील कुमार ने दिये निर्देश

# गौशाला में कमियां मिलने पर भड़के एसडीएम

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी के साथ एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने ग्राम चुरखी स्थिति गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस दौरान कमियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। साथ ही गौशला के जिम्मेदारों को उचित व्यवस्था बनाए रखने के लिये निर्देश भी दिए।

बीती शाम को एसडीएम सुशील कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह के द्वारा चुरखी गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने गोवंशों को गर्मी से बचाव के उपायों को देखा तथा पानी की टंकी, भूसा, चारा की हकीकत परखी। गौशाला में हरे चारे की उपलब्धता न होने पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की। इसी प्रकार गोवंशों के छोटे बच्चों के खाने की उचित व्यवस्था न होने पर सवाल उठाए गौशाला में भूसे के स्टाक का कोई विवरण नहीं मिल सका न ही कोई अभिलेख या रजिस्टर प्रस्तुत किये गये। इतनी अवस्थाओं को देखकर एसडीएम का पारा चढ़ गया। ड्यूटी में मौजूद केयरटेकर से उप जिलाधिकारी ने पूछा गोवंशों को चराने जाते हो इस पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

गौशाला में कमियां मिलने पर उपजिलाधिकारी ने संबंधित जिम्मेदारों को तलब किया है। उन्होंने कहा कि गौशाला की व्यवस्था सुधारने के लिए उचित प्रबंध किए जायेंगे । लापरवाही बरतने वालों पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। एसडीएम ने हरे चारे की व्यवस्था करने, गोवंशों को शुद्ध पानी की व्यवस्था के लिये केयर टेकर को हिदायत दी । एसडीएम ने गौशाला में सफाई व्यवस्था उचित रखने के भी निर्देश दिये।



गौशाला का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

# बैंकों में चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**कालपी जालौन।** ग्राहकों तथा खातेदारों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा नगर के वित्तीय संस्थानों तथा बैंकों में चेकिंग की ।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी ने टरनंनगंज बाजार स्थित केनरा बैंक शाखा में पहुंच कर प्रबंधक अवनीश कुमार प्रजापति से सुरक्षा व्यवस्था सम्बंधित जानकारियां साझा की। इस दौरान उन्होंने परिसर में खड़े दुपहिया वाहनों तथा कारों के लाक चेक किये। इसी तरह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने इंडियन बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक,एसबीआई की सुरक्षा परखी।

## एक नजर

### पीएनबी ने शिक्षा ऋण पर ब्याज दर 0.2% घटाई

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने विद्या लक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण पर ब्याज दर में 0.2 प्रतिशत की मंगलवार को कटौती की। बैंक ने बयान में कहा कि यह पहल शिक्षा की सुलभता बढ़ाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। इसमें कहा गया, यह पहल उन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है जो समूचे भारत में 860 चिन्हित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों में मेरिट के आधार पर प्रवेश प्राप्त करते हैं।

### भारत में कर व्यवस्था को और भरोसेमंद बनाएं

**नई दिल्ली।** वैश्विक विमानन कंपनियों के समूह आईएटीए ने कहा कि भारत की कर प्रणाली को और भरोसेमंद बनाने की जरूरत है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइन कंपनियां अपने बेड़े और नेटवर्क का विस्तार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि भारत के विमानन बाजार में वृद्धि दर चीन से अधिक होगी।

# जवाबी शुल्क पर दोहरी रणनीति अपनाएं

## नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में अमेरिकी शुल्क के संबंध में भारत को दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाए जाने के बाद भारत को दोहरी नीति अपनानी चाहिए। इसके तहत अमेरिका से आयातित गैरसंवेदनशील कृषि वस्तुओं पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने के साथ घरेलू आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से रियायतें भी देनी चाहिए। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट यह कहा है।

आयोग ने 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता की स्थिति से निपटने को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए मूल्य



- अमेरिका से आयातित गैर संवेदनशील कृषि वस्तुओं पर उच्च शुल्क कम करने का सुझाव

स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। इसमें कहा गया, अब दोहरी नीति अपनाना आवश्यक है। अल्पावधि में भारत को गैर-संवेदनशील आयात पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने और पॉल्ट्री जैसे कमजोर माने जाने वाले क्षेत्रों पर गैर-शुल्क रक्षोपाय कदमों पर बातचीत करने पर विचार करना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार जनवरी, 2025 में डोनाल्ड ट्रंप के फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिकी निर्यात पर 'जवाबी शुल्क' की अचानक घोषणा और बाजार में पहुंच बढ़ाने से दुनियाभर में खासकर अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों को झटका लगा। भारत जहां घरेलू आपूर्ति में अंतर है, उसमें रणनीतिक रूप से रियायतें दे सकता है। इनमें खाद्य तेल और बादाम, अखरोट आदि शामिल हैं।

भारत खाद्य तेल का सबसे बड़ा आयातक है और अमेरिका के पास सोयाबीन का बहुत बड़ा निर्यात अधिशेष है, जो जीन संवर्धित है। ऐसे में भारत अमेरिका को सोयाबीन तेल के आयात में कुछ रियायत दे सकता है ताकि उस देश में मांग पूरी की जा सके और घरेलू उत्पादन को नुकसान पहुंचाए बिना व्यापार असंतुलन को कम किया जा सके।

### अमेरिका से व्यापार समझौते पर सहमति की उम्मीद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच निकट भविष्य में व्यापार समझौते होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौते के प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है। लुटनिक ने सोमवार को यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में अपने मुख्य भाषण में कहा कि जब दोनों ओर से सही लोग वार्ता के सामने आते है तो लगता है कि यह दोनों के लिए उचित होता है। उन्होंने कहा, आप निकट भविष्य में अमेरिका और भारत के बीच एक समझौते की उम्मीद कर सकते हैं। देशों के बीच समझौते के ऐसे प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है जो दोनों के लिए हितकारी है।

### पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर का पैकेज

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी है। यह राशि राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही है।

वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त बयान में इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि कुल राशि में 30 करोड़ डॉलर का नीति-आधारित ऋण और 50 करोड़ डॉलर की कार्यक्रम-आधारित गारंटी शामिल है। उन्होंने कहा, एडीबी ने संसाधन जुटाने के सुधार कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्त पोषण पैकेज को मंजूरी दी है। पाकिस्तान के लिए एडीबी की क्षेत्रीय निदेशक एम्मा फैन ने कहा, पाकिस्तान ने वृहद आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# मेकमाईट्रिप ने शुरू की सीट उपलब्धता पूर्वानुमान सेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने ट्रेनों में सीट उपलब्धता की जानकारी देने की सेवा शुरू की। इससे यात्रियों को किसी ट्रेन की टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी, यह जानकारी मिलेगी ताकि वे समय पर अपनी टिकट बुक करा लें।

गुरुग्राम स्थित कंपनी ने सोमवार को यह सेवा पेश की। बयान के अनुसार, भारत में आरक्षित रेल टिकट की बुकिंग प्रस्थान तिथि से 60 दिन पहले शुरू होती है। हालांकि, अधिकतर यात्री अपनी योजना को प्रस्थान तिथि के बहुत करीब आने पर ही अंतिम रूप देते हैं।

अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने कहा, सप्ताह-दर-सप्ताह मांग में काफी बदलाव होने के कारण कन्फर्म बुकिंग की अवधि बदलती रहती है। अप्रैल में




- मिलेगी जानकारी कब तक उपलब्ध रहेगा टिकट, समय पर बुकिंग करा सकेंगे रेलयात्री

अधिकतर हाई-स्पीड ट्रेन की टिकट प्रस्थान तिथि से करीब 13 दिन पहले ही बिक जाती हैं। मई तक बढ़ती मांग के कारण, वे आमतौर पर प्रस्थान से 20 दिन पहले ही बुक हो जाती हैं।

बयान में कहा गया कि इससे यात्रियों को यह पता होता है कि उन्हें कौन सी ट्रेन की टिकट लेनी है लेकिन वे इस बात का अंदाजा नहीं लगा पाते कि आखिर ये टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी। इससे समय पर योजना बनाना कठिन हो जाता है। यह सेवा मेकमाईट्रिप ऐप और वेबसाइट दोनों पर उपलब्ध है।

# भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत

**ओस्लो, एजेंसी**

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में मंगलवार को यहां कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और नॉर्वे की कंपनी कॉन्ग्सबर्ग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता किया जिससे भारत को अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत स्वदेश में बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

इस मौके पर सोनोवाल ने कहा, यह समझौता उम्मीद और प्रगति की एक किरण है, जो भारत की वैज्ञानिक उन्नति और सतत विकास



- नार्वे की कंपनी से हुआ समझौता स्वदेश में ही होगा निर्माण

के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सिर्फ एक पोत नहीं बना रहे, बल्कि नवाचार, खोज और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक विरासत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह समझौता भारत की वैज्ञानिक खोज, ध्रुवीय और समुद्री अनुसंधान में क्षमता वृद्धि और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में योगदान का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि यह पोत अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से लैस होगा, जिससे शोधकर्ता समुद्र की गहराई, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का अध्ययन और ग्रह के अतीत, वर्तमान और भविष्य की जानकारी जुटा सकेंगे। यह भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं का प्रमाण होगा, जो 'मेक इन इंडिया' पहल को और आगे बढ़ाएगा। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई देते हुये कहा मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब यह ध्रुवीय अनुसंधान पोत रवाना होगा।

### भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात 10 माह के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात मई में बढ़कर 10 महीने के उच्चस्तर 19.6 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंच गया है। वैश्विक बेंचमार्क कीमतों की तुलना में रूसी तेल पर लगातार मिलने वाली महत्वपूर्ण छूट इसकी मुख्य वजह रही। केप्लर के पोत परिवहन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है। यह विदेशों से करीब 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है जिससे रिफाइनरियों में पेट्रोल एवं डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। भारत का तेल आपूर्तिकर्ताओं में रूस की सबसे बड़ी 38 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है। वहीं इराक से भारत को प्रतिदिन 12 लाख बैरल कच्चा तेल मिलता है। इराक देश के लिए दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। सऊदी अरब ने 6,15,000 बैरल प्रति दिन का निर्यात किया, जबकि संयुक्त अरब अमीरात ने 4,90,000 बैरल प्रति दिन की आपूर्ति की।

# तीसरे दिन भी सेंसेक्स में 636 अंकों की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तीसरे दिन भी गिरावट जारी रही, जिससे सेंसेक्स 636 अंक और निफ्टी 174.10 अंक टूटकर नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली ने बाजार को काफी प्रभावित कर रखा है। घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन ऊर्जा, वित्त और आईटी के शेयरों में बिकवाली देखने को मिली।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 636.24 अंक गिराकर 80,737.51 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 798.66 अंक तक टूटा



- विदेशी निवेशकों की निकासी और चौतरफा बिकवाली ने किया प्रभावित
- अदाणी ग्रुप की 11 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में भी दर्ज की गई गिरावट

था। एनएसई का निफ्टी 174.10 अंक टूटकर 24,542.50 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,266 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,731 शेयरों में तेजी रही। 147 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मिले-जुले वैश्विक संकेतों, वैश्विक स्तर पर तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के साथ अस्थिर मुद्रा बाजार के बीच घरेलू बाजार में गिरावट रही। आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में मुनाफावसूली हुई। उन्होंने कहा कि बेहतर आय वृद्धि और मूल्यांकन में कमी से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बड़ी कंपनियों की तुलना में अपेक्षाकृत कम गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई।



## एक नजर

### लापता जवानों की तलाश के लिए छातेन पहुंची टीम

**गंगटोक।** छातेन में सेना के एक शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता हुए छह सैनिकों की तलाश के लिए मंगलवार को एनडीआरएफ के 23 कर्मियों का एक दल नार्थ सिक्किम के छातेन भेजा गया। एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ का दल सैटेलाइट फोन और आवश्यक आपातकालीन उपकरणों से लैस है। टीम को लेकर एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को पाकयोंग हवाई अड्डे से छातेन के लिए रवाना हुआ। छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और छह सैनिक लापता हो गए।

### कोरोना: पांच और की मौत सक्रिय मामले हुए 4026

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 2700 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं।

### कन्नड भाषा पर टिप्पणी के लिए हासन को फटकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता कमल हासन को उनके हालिया विवादास्पद बयान (कन्नड़ भाषा तमिल से निकली है) को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस टिप्पणी ने कन्नड़ लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। कोर्ट ने हासन से पूछा कि क्या वह इतिहासकार या भाषाविद् हैं, जो ऐसा दावा कर रहे हैं। हासन की फिल्म ठग लाइफ के सहनिर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा कि हासन के माफी मांगने से मामला सुलझ जाएगा।

### क्षीर भवानी मेले में शामिल हुए कश्मीरी पंडित

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में गंदेरबल जिले के तुलमुल्ला में मंगलवार को बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित वार्षिक क्षीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। यह मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। पिछले साल 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इस साल सुरक्षा चिंताओं के कारण भागीदारी प्रभावित हुई है, फिर भी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

# संसद का विशेष सत्र बुलाएं प्रधानमंत्री

## पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए विपक्ष के 16 दलों ने प्रधानमंत्री मोदी से किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के 16 घटक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम की घोषणा किए जाने से जुड़े मुद्दों चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नेताओं में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रमुख हैं।

मंगलवार को एक बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने संवाददाताओं से कहा, इंडिया गठबंधन के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया



- सशस्त्र बलों को धन्यवाद अदा करने और आगे की रणनीति पर चर्चा करने की जताई मंशा

जाना चाहिए। पहलगाम आतंकवादी हमले तथा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान, सभी विपक्षी दल हमारे सशस्त्र बलों और भारत सरकार के समर्थन में खड़े थे। जब अमेरिका ने संघर्षविराम की घोषणा की, तो हमने मांग की कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए ताकि सभी दल हमारे सशस्त्र बलों को धन्यवाद दे सकें तथा सरकार बिंदुवार अपनी बात रखे।

हुड्डा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम का एलान किए जाने तक पर विभिन्न विषयों पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। आतंकवाद को कैसे खत्म किया जाए, इस पर और अपनी आगे की रणनीति पर भी संसद में हमें चर्चा करनी चाहिए। अब जब भारत सरकार दुनिया के सामने अपने विचार रख रही है तो मुझे लगता है कि सरकार को संसद में भी ऐसा ही करना चाहिए।

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा, सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है, संसद जनता के प्रति उत्तरदायी है। इसलिए हम संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा, हम सरकार से जानना चाहते हैं कि किन देशों ने हमारा समर्थन किया।

### राहुल गांधी ने कहा- ट्रंप' के आगे नरेंदर सरेंडर

**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के आगे सरेंडर करने का तीखा आरोप लगाया। राहुल यहां प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरूआत करने आए थे। उन्होंने कहा, बीजेपी आरएसएस वालों को मैं अच्छी तरह जानता हूं। इन पर थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का मारो, डरके भाग जाते हैं ये लोग। जैसे उधर से ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा मोदी जी, क्या कर रहे हो... 'नरेंद्र सरेंडर'। और जी हुजूर करके, नरेंद्र मोदी जी ने, ट्रंप के इशारे का पालन किया। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी सरकार ने कांग्रेस के दबाव में जातिगत आधार पर जनगणना का फैसला लिया है, लेकिन वे खानापूर्ति करना चाहते हैं।

### महबूबा ने कहा- पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री तथा पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा है और किसी भी राजनीतिक प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उन्हें अहम भूमिका निभानी होगी। महबूबा ज्येष्ठ अष्टमी के अवसर पर कश्मीरी पंडितों के समुदाय को बधाई देने गंदेरबल जिले के तुलमुला गई थीं। गंदेरबल में उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पंडितों बिना अधूरा है। पीडीपी का मानना है कि जम्मू-कश्मीर मुद्दे को बंदूकों से नहीं सुलझाया जा सकता। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं है और आतंकवादियों की बंदूक भी इसका समाधान नहीं है। इसके लिए राजनीतिक प्रक्रिया होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक कश्मीरी पंडित भाई-बहन कश्मीर में वापस नहीं लौटते, तब तक राजनीतिक प्रक्रिया संभव नहीं है।

# भगवंत मान के विवादित बयान पर भाजपा ने जताई आपत्ति

**चंडीगढ़, एजेंसी**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घर-घर सिंदूर भेजने की भाजपा की कथित योजना को लेकर मंगलवार को विवादित टिप्पणी की। मान ने संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा की घर-घर सिंदूर बांटने की कथित योजना पर पूछे गए सवाल पर कहा, क्या यह वन नेशन, वन हसबैंड योजना है।

उन्होंने कहा, भाजपा ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर वोट मांग रही है। इन लोगों ने 'सिंदूर' को मजाक में बदल दिया है। वे हर घर में सिंदूर भेज रहे हैं। क्या अब आप मोदी के नाम का 'सिंदूर' लगाएगे। पिछले

- पंजाब के सीएम ने कहा- क्या मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगी महिलाएं

दिनों मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि पाकिस्तान के आतंकवादियों के खिलाफ सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के मद्देनजर भाजपा घर-घर सिंदूर भिजवाएगी, हालांकि भाजपा ऐसा कोई कार्यक्रम चलाने का पहले ही खंडन कर चुकी है।

मान की टिप्पणी की भाजपा नेता एवं हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री पहले कॉमेडियन भी रहे हैं और राजनीति में भी ये कॉमेडी करना चाहते हैं।

### भविष्य के जांबाज



राष्ट्रीय एकता यात्रा के तहत द्रास (लद्दाख) के आर्मी गुडविल स्कूल छात्रों का एक समूह मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिला। राष्ट्रपति ने बातचीत के दौरान उनसे भविष्य के इरादों के बारे में पूछा। एजेंसी

### पंजाब: गुरुद्वारे में एसी कंप्रेसर फटने से महिला की मौत

**रूपनगर (पंजाब)।** रूपनगर में सतलुज नदी के किनारे एक गुरुद्वारे में मंगलवार को एसी का कंप्रेसर फटने से एक महिला की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। यह घटना एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। विस्फोट के बाद गुरुद्वारे में मौजूद लोग भागने लगे। घायलों में ज्यादातर महिलाएं हैं, जो एसी के पास बैठी थीं। कुछ लोग इसके बाद हुई भगदड़ में घायल हो गए। मृत महिला की पहचान रूपनगर के हरगोबिंद नगर निवासी कश्मीर कौर के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर में रेफर कर दिया गया है।

# पॉक्सो मामले के आरोपी को सामुदायिक सेवा करने का दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) मामले के एक आरोपी को सरकारी अस्पताल में सामुदायिक सेवा करने और युद्ध हताहत सेना कल्याण कोष में 50,000 रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने एक नाबालिग स्कूली छात्रा को पैसे की मांग पूरी न करने पर उसकी निजी तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी देने वाले आरोपी के आचरण को अस्वीकार करते हुए कहा कि इस तरह का व्यवहार डिजिटल मंच के घोर दुरुपयोग और सहमति और निजी गरिमा के प्रति चिंताजनक अनादर को दर्शाता है। अदालत ने कहा कि आरोप निस्संदेह गंभीर हैं, जिसमें एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न और शोषण के आरोप शामिल हैं, जो सोशल मीडिया युग के नकारात्मक पहलुओं का प्रतीक है।

# संसद के अगले सत्र में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ लाया जाएगा महाभियोग प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार संसद के आगामी सत्र में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी और कथित भ्रष्टाचार के मामले में आरोपों का सामना कर रहे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई के लिए सर्वदलीय सहमति बनाने का प्रयास करेगी।

सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू विभिन्न दलों के नेताओं से

- संसदीय कार्य मंत्री विभिन्न दलों के नेताओं से करेंगे बात

बात करेंगे ताकि उन्हें तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की न्यायाधीश के खिलाफ सौंपी गई रिपोर्ट के बाद उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए राजी किया जा सके। इस वर्ष मार्च में राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर जली हुई नकदी बरामद हुई। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। न्यायाधीश वर्मा ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने उन्हें दोषी ठहराया। विवाद के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किए गए न्यायमूर्ति वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा।

### निर्वाचन आयोग देगा मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह अनुमानित मतदान प्रतिशत आंकड़ों पर समय पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक सुव्यवस्थित एवं प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली शुरू कर रहा है, जिससे पूर्व की पारंपरिक पद्धतियों से लगने वाला समय-अंतराल काफी कम हो जाएगा। इस पहल के तहत, प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी अब मतदान के दिन हर दो घंटे में नए ईसीआईएनईटी एप्लीकेशन पर मतदाता उपस्थिति दर्ज करेंगे, ताकि अनुमानित मतदान रुझानों को अद्यतन करने में लगने वाला समय कम किया जा सके। निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर इसे स्वचालित रूप से एकत्रित किया जाएगा। आयोग ने कहा कि अनुमानित मतदान प्रतिशत डेटा पहले की तरह हर दो घंटे में प्रकाशित होता रहेगा। विशेष रूप से, मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतदान केंद्र छोड़ने से पहले, मतदाता मतदान डेटा अब पीठासीन अधिकारी द्वारा ईसीआईएनईटी में दर्ज किया जाएगा।

# जी-7 में प्रधानमंत्री का न जाना एक और कूटनीतिक विफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस ने किया दावा, कहा- पिछले छह सालों में पहली बार हो रहा है ऐसा

कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जी7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेना भारत-पाकिस्तान के बीच अमेरिका को मध्यस्थता करने देने के बाद एक और कूटनीतिक विफलता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों, ब्रिटेन, जापान, इटली और कनाडा के प्रधानमंत्रियों और जर्मनी के चांसलर का जी7 शिखर सम्मेलन 15 जून, 2025 से कनाडा के अल्बर्टा में हो रहा है। शिखर सम्मेलन में ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के राष्ट्रपति और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जी7 कई वर्षों तक जी8 था क्योंकि इसमें रूस भी शामिल था। डॉ. मनमोहन सिंह को जी8 शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया जाता था जहां उनकी आवाज सुनी जाती थी। उन्होंने कहा, भारतीय प्रधानमंत्रियों को आमंत्रित करने की परंपरा 2014 के बाद भी जारी रही। लेकिन अब 6 साल में पहली बार 'विश्वगुरु' कनाडा सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। भले ही बातों को घुमाने का प्रयास किए जाए, तथ्य यह है कि यह एक और बड़ी कूटनीतिक विफलता है।




**औरेंज कैप**
साईं सुदर्शन
(गुजरात)



**759 रन**

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25 विकेट**

**उच्चतम स्कोर**

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 717 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

**सर्वाधिक विकेट**

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 22 विकेट |
| 4. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

# पंजाब किंग्स ने आरसीबी को 190 रनों पर रोका

## विराट कोहली बड़ी पारी खेलने से चूके, अर्शदीप और जैमीसन ने 3-3 विकेट लेकर बेंगलुरु की पारी को समेटा

अहमदाबाद, एजेंसी




अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन के नेतृत्व में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल में मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को नौ विकेट पर 190 रन पर रोक दिया। आईपीएल में अब तक खिताब से वंचित आरसीबी के बल्लेबाज फाइनल में अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके।

चार बार फाइनल हार चुकी आरसीबी के लिये विराट कोहली भी 35 गेंद में 122.85 की स्ट्राइक रेट से 43 रन बनाकर आउट हो गए। मैदान पर 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के शोर के बीच विराट पहले की तरह पारी के सूत्रधार की भूमिका नहीं निभा सके। कोहली ने अपनी पारी में सिर्फ तीन चौके लगाए। पावरप्ले में आरसीबी का स्कोर एक विकेट पर 55 रन था लेकिन छठे से 11वें ओवर के बीच सिर्फ 42 रन बने। फिल साल्ट (16) ने पहले ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया लेकिन अगले ओवर में विकेट गंवा बैठे। मिडआन पर खड़े पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने दस कदम से अधिक पीछे की ओर लेते हुए जैमीसन की गेंद पर शानदार ऊंचा कैच लपका। साल्ट के आउट होने का आरसीबी की पारी पर बड़ा असर पड़ा क्योंकि मयंक अग्रवाल (24), रजत पाटीदार (26) और लियाम लिविंगस्टोन (25) अच्छी शुरूआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल पाये।

जैमीसन ने सटीक लैंग्थ और लाइन के साथ गेंदबाजी की और विविधता से बल्लेबाजों को उलझाये भी रखा। उन्होंने चार ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि अर्शदीप ने चार ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट चटकाए। दूसरे ओवर में साल्ट को अय्यर के हाथों लपकवाने के बाद जैमीसन ने 11वें ओवर में शानदार यॉर्कर पर पाटीदार को पगबाधा आउट किया। जैमीसन के चौथे और पारी के 17वें ओवर में जितेश शर्मा ने दो और लिविंगस्टोन ने एक छक्का लगाकर कुल 23 रन बंटोरे। जितेश ने दस गेंद में दो चौकों और दो छक्कों के साथ 24 रन बनाए। जैमीसन ने फुलटॉस पर लिविंगस्टोन को पगबाधा आउट किया । पहले तीन ओवर में 37 रन देने के बाद भारत के स्टार तेज गेंदबाज अर्शदीप ने आखिरी ओवर में सिर्फ तीन रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने कृणाल पंड्या (चार), भुवनेश्वर कुमार (एक) और रोमारियो शेफर्ड (17) को आउट करके आरसीबी को 200 रन तक नहीं पहुंचने दिया।

### कोहली ने धवन का तोड़ा रिकॉर्ड

आईपीएल के इतिहास में विराट कोहली सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली ने पंजाब के खिलाफ फाइनल मैच में कुल तीन चौके लगाए। अब कोहली के नाम पर 771 चौके दर्ज हो गए हैं। कोहली ने अपनी इस पारी के दम पर शिखर धवन को पछाड़ते हुए उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

**190/9** (20 ओवर)

- फिल साल्ट का अय्यर बो जैमीसन 16
- विराट कोहली का और बो उमरजइ 43
- मयंक अग्रवाल का अर्शदीप बो चहल 24
- रजत पाटीदार पगबाधा बो जैमीसन 26
- लियाम लिविंगस्टोन पगबाधा बो जैमीसन 25
- जितेश शर्मा बो विशाख 24
- रोमारियो शेफर्ड पगबाधा बो अर्शदीप 17
- कृणाल पंड्या का अय्यर बो अर्शदीप 4
- भुवनेश्वर कुमार का आर्य बो अर्शदीप 1
- यश दयाल नाबाद 1

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-3, उमरजइ 4-0-35-1, विशाख 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1

### ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर हुआ समापन समारोह

**अहमदाबाद।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑपरेशन सिंदूर के थीम पर आयोजित समापन समारोह के दौरान भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया गया। मशहूर गायक शंकर महादेवन ने अपने प्रदर्शन से सभी का दिल छू लिया। महादेवन के बेटों शिवम और सिद्धार्थ ने भी परफॉर्म किया। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य को भी ऑडियो-विजुअल माध्यम से प्रदर्शित किया गया। महादेवन ने अपने बेटों के साथ मैं रहूं या न हूं, भारत ये रहना चाहिए। हां यही रास्त है तेरा, जैसे गीतों से समां बांधा। स्टेडियम में मौजूद दर्शक भी सुर से सुर मिलाते दिखे।

## खेल डायरी

### बेंगलुरु में 5 जुलाई से नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता

**बेंगलुरु।** भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब 5 जुलाई को आयोजित होगी। आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत में पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को होनी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है।

### विलियमसन ने फिर न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया

**वेलिंगटन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को फिर से अस्वीकार कर दिया है और उनका अगले महीने जिंबॉब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में खेलना संदिग्ध है। विलियमसन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध को स्वीकार नहीं किया था ताकि वह टी-20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र हो सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक अनौपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में न्यूज़ीलैंड ने जो 13 टेस्ट मैच खेले उनमें से नौ मैच में हिस्सा लिया और 1,000 से अधिक रन बनाए। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जिन 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची जारी की उसमें विलियमसन का नाम शामिल नहीं है। उनके अलावा डेवॉन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन भी इस सूची में नहीं है।

### इंग्लैंड-वेस्टइंडीज क्रिकेट मैच में ट्रैफिक जाम के कारण विलंब

**लंदन।** लंदन में ट्रैफिक जाम से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच की शुरूआत में विलंब हो गया चूंकि दोनों टीमों की बसें जाम में फंस गई थी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने बस से उतरकर बाइक से स्टेडियम पहुंचने का फैसला किया। इंग्लैंड के खिलाड़ी मैच से पहले वार्मअप के लिए समय पर पहुंच गए, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बस में ही रहे और टॉस के निर्धारित समय से दस मिनट बाद पहुंचे। वेस्टइंडीज के कप्तान शाइ होप ने कहा कि हमें पैदल चलकर आना चाहिए था। ब्रिटेन की पीए समाचार एजेंसी के अनुसार वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का होटल ओवल से पांच किलोमीटर दूर था। टॉस 40 मिनट विलंब से हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।

### ऑस्ट्रेलिया अगले साल कर सकता है पाकिस्तान का दौरा

**कराची।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ ने अगले साल सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने पर सहमति जताई है। ग्रीनबर्ग ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और अधिक दौरों के लिए पाकिस्तान जाने का इच्छुक है तथा दोनों देशों के बोर्ड के बीच चर्चा चल रही है। जब भी विंडो उपलब्ध हो, हम पाकिस्तान के साथ लाल और सफेद गेंद की श्रृंखला का कार्यक्रम बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रीनबर्ग ने कहा कि 2022 में और फिर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने के अनुभव के आधार पर वे चाहते हैं कि ज्यादा दौरे आयोजित किए जाएं।

### विंबलडन में चोटिल होने से नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन।** विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने से इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है। उन्होंने मियामी ओपन के रूप में अपना अंतिम टूर्नामेंट खेला था, जहां उन्होंने लगभग ढाई साल में पहली बार कोई मैच जीता था। किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, मेरी रिकवरी में छोटी सी बाधा आई है और दुर्भाग्य से मैं इस साल नहीं खेल पाऊंगा।

# थाईलैंड के खिलाफ गत दो जीत से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा भारत

पथुम थानी (थाईलैंड), एजेंसी

भारत बुधवार को जब अंतर्राष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा तो उसकी नजरें गत दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। भारत और थाईलैंड अक्सर एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है। जकार्ता में 1962 के एशियाई खेलों में पहली बार इन दोनों टीम के बीच मुकाबला हुआ था। भारत ने उसमें 4-1 से जीत हासिल की थी। तब से लेकर अब तक दोनों टीमें 26 बार भिड़ चुकी हैं। भारत ने 7 जबकि थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी 7 ड्रॉ रहे हैं। इन दोनों टीम के बीच 2019 में जो दो मैच खेले गए थे उन दोनों में भारत ने जीत हासिल की थी। भारत बुधवार को होने वाले मैच में इन जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। भारत ने थाईलैंड के खिलाफ अबू धाबी में 2019 एएफसी एशियाई कप में 4-1 से जीत हासिल की थी। इसके बाद उसने थाईलैंड को उसकी धरती पर किंग्स कप में 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता था।

# एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर गुकेश



स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

**नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट**

- **गुकेश की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दूसरे दौर में मिली हार का लिया बदला**

भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया, जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था।

इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जाने बाकी हैं। महिला वर्ग में, यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया, जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली चीन की लेई टिंगजी से हार गई।

# सिंधु और सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

**इंडोनेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट**

- **लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से हुए बाहर**

जकार्ता, एजेंसी




दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

सिंधु ने महिला एकल में जापान की नोजोमी ओकुहारा को रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। अब राउंड 16 में उनका सामना थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्णपावी चोचुवोंग से होगा। सिंधु ने मैच के बाद कहा, पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है। सेन को पुरुष एकल में चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हार मिली। भारत के इस खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। वहीं, सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।

मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।

# भारत की वजह से क्रिकेट की 100 साल बाद ओलंपिक में हुई वापसी

अहमदाबाद, एजेंसी

- **ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सुनक ने इसे भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा**



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक सदी के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी को भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की परिवर्तन लाने की काबिलियत की सराहना की। क्रिकेट को 1900 के बाद पहली बार लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 की स्पर्धाओं की सूची में शामिल किया गया है।

अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच फाइनल देखने पहुंचे सुनक ने कहा, यह 21वीं सदी में भारत के असर का संकेत है। भारत के जुनून, भारत के स्वाद का वैश्विक प्रभाव है। क्रिकेट की 100 साल में पहली बार ओलंपिक में वापसी क्यों हुई है? भारत की वजह से। सुनक ने आईपीएल से आए बदलावों पर कहा, आईपीएल ने क्रिकेट को बदल दिया है। महिला क्रिकेट के लिए भी यह बहुत बढ़िया रहा है क्योंकि महिला प्रीमियर लीग में काफी ज्यादा लड़कियां खेल रही हैं। उन्होंने आईपीएल के इंग्लैंड के क्रिकेट पर हुए असर पर जैकब बेथेल जैसे खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन का उदाहरण दिया। सुनक ने कहा, इंग्लैंड के खिलाड़ियों को देखिये जो इसमें खेल रहे हैं और वे बेहतर होते जा रहे हैं। मैं पिछले हफ्ते एजबेस्टन में इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज वनडे देख रहा था।

# सालुंखे से तीसरे चरण में उम्मीदें बढ़ीं

अंताल्या (तुर्की), एजेंसी

**तीरंदाजी विश्व कप**



पिछले महीने शंघाई विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को आकर्षित करने वाले पार्थ सालुंखे बुधवार को जब तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में भारत के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश फिर से चमकदार प्रदर्शन करने की होगी। महाराष्ट्र के सतारा के 21 वर्षीय तीरंदाज ने शंघाई में दो बड़े नामों को हराकर तीरंदाजी की दुनिया को चौंका दिया था।

उन्होंने शुरुआती दौर में शूट-ऑफ में तुर्की के तोक्यो ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज और फिर क्वार्टर फाइनल में दो बार के ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम जे-देओक को बिना सेट गंवाए हराकर उलटफेर किया था। पूर्व युवा विश्व चैंपियन सालुंखे ने अपने दूसरे ही विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया, जिसमें उन्होंने प्लेऑफ में पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता फ्रांस के बापटिस्टे एडिस को मात दी। उनके लिए सबसे अलग चीज सिर्फ उनकी उपलब्धि नहीं थी, बल्कि दक्षिण कोरियाई तीरंदाजों के खिलाफ उनका स्वभाव और परिपक्वता थी जिन्हें लंबे समय से इस खेल में भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। सेमीफाइनल में सर्वकालिक महान खिलाड़ी किम वूजिन के खिलाफ सालुंखे ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी कर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। लेकिन पांच सेटों के मुकाबले में निर्णायक सेट में उन्हें मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। सालुंखे ने कहा, मेरा ध्यान सिर्फ पदक पर नहीं था बल्कि इस बात पर अधिक था कि मैंने जिसके लिए अभ्यास किया था, क्या मैं वह कर सकता हूं।

# बुब्लिक के बेहतर प्रदर्शन से ड्रेपर हारे

पेरिस, एजेंसी



कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी जैक ड्रेपर को शिकस्त दी। 23 वर्षीय जैक ड्रेपर पर सबसे कम रैंक वाले रूस के बुब्लिक ने 5-7, 6-3, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ कजाकिस्तान के बुब्लिक ने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टरफाइनल में बुब्लिक का सामना जैनिक सिनर से होगा।

मैच के बाद ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने कहा कि विश्व के 62वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक से मिली आश्चर्यजनक हार के बाद उन्हें फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का 'अवसर गंवाने' जैसा महसूस हो रहा है। ड्रेपर की हार ने एकल में ब्रिटेन के अभियान को समाप्त कर दिया है। एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी से मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व नंबर वन इटली के जैनिक सिनर ने 17वीं वरीयता प्राप्त रूस के एंड्री रूबलेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में इटली के सिनर का अगला मुकाबला कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा।

### सेमीफाइनल में स्वियातेक व सबालेंका होंगी आमने-सामने


इगा स्वियातेक


एरिना सबालेंका

**पेरिस।** चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो पर लगातार 26वीं जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका से होगा। स्वियातेक ने स्वितोलिना को हराया। रोलां गैरो पर सबसे ज्यादा 29 जीत का रिकॉर्ड क्रिस एवर्ट के नाम है। सबालेंका ने ओलंपिक चैंपियन झेंग किंवेन को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा अध्यक्ष

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- रूस ने की गुप्त मतदान की मांग, 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया
- 167 वोट मिले, आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने



संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा श्मिड को लिखित रूप में सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया।

जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए श्मिड को नामित किया था, लेकिन हाल में हुए चुनाव में देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी में आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलियांस्की ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है। सितंबर में 80वें सत्र की शुरुआत में बेयरबॉक कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमोन यांग की जगह लेंगी। वह सितंबर के अंत में दुनियाभर के नेताओं की वार्षिक सभा और संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के वर्षगांठ समारोह की अध्यक्षता करेंगी। महासभा में अध्यक्ष पद के लिए प्रति वर्ष चुनाव होते हैं। अध्यक्ष पद के लिए चुने जाने के बाद बेयरबॉक ने अपने भाषण में कहा कि उनके अध्यक्ष पद का विषय बेटर टुगेदर होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया इस चुनौतीपूर्ण समय में अनिश्चितता की राह पर है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि बेयरबॉक ऐसे समय में अध्यक्ष का पद संभालेंगी, जब विश्व न केवल संघर्षों, जलवायु आपदा, गरीबी और असमानता'' का, बल्कि विभाजन और अविश्वास का भी सामना कर रहा है।

# एआई से बना रहे डीपफेक

एआई से डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल झूठी जानकारी या प्रचार करके जनता को गुमराह करने के लिए किया जा रहा है। डीपफेक वीडियो में किसी विश्व नेता या सेलिब्रिटी को कुछ ऐसा कहते हुए दिखाया जा सकता है जो उन्होंने नहीं कहा है, जिसे फेक न्यूज़ भी कहा जाता है जो जनता की राय बदल देता है। साइबर अपराधी डीपफेक प्रौद्योगिकी का उपयोग घोटाले, झूठे दावे और झांसे बनाने के लिए कर सकते हैं जो संगठनों को कमजोर और अस्थिर करते हैं। उदाहरण के लिए, कोई हमलावर किसी वरिष्ठ अफसर का कोई झूठा वीडियो बना सकता है जिसमें वह वित्तीय अपराध जैसे आपराधिक कृत्य को स्वीकार कर रहा हो या संगठन की गतिविधि के बारे में झूठे दावे कर रहा हो। इसे गलत साबित करने में समय और पैसा खर्च करने के अलावा, इससे व्यवसाय के ब्रांड, सार्वजनिक प्रतिष्ठा और शेयर की कीमत पर बड़ा असर पड़ सकता है।

**96%**
खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी से

**24**
घंटे के भीतर शिकायत के बाद भारत में हटाना होगा वीडियो



### ज्यादातर सेलिब्रिटी बनते हैं निशाना

- डीपफेक से होने वाला एक बड़ा खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी है, जो इंटरनेट पर 96% तक डीपफेक के लिए जिम्मेदार है। इनमें से ज्यादातर सेलिब्रिटी को निशाना बनाया जाता है। डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल बदला लेने के लिए पोर्न बनाने के लिए भी किया जाता है। नवंबर 2024 में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हआ था। इसी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एक्ट्रेस आलिया भट्ट, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के डीपफेर फोटो, वीडियो जारी हो चुके हैं।

### सांसद ने दिखाई एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर

- न्यूजीलैंड की महिला सांसद लॉरा मैक्लर ने संसद में अपनी एक एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर दिखाई। उनका मकसद लोगों को ये बताना था कि ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाना कितना आसान है और ये कितना खतरनाक हो सकता हैं। 14 मई को लॉरा ने संसद में कहा कि उन्होंने एक गूगल सर्च के जरिए मिली वेबसाइट का इस्तेमाल करके कुछ ही मिनटों में अपनी डीपफेक तस्वीर बना ली। उन्होंने डीपफेक और एआई को नियंत्रित करने के लिए कानून की मांग की है।

### भारत में डीपफेक को लेकर नियम

- डीपफेक कंटेंट मिलते ही कोई भी एफआईआर करा सकता है। विक्टिम व उसकी तरफ से नियुक्त व्यक्ति को भी केस दर्ज कराने के अधिकार होंगे। सोशल मीडिया यूजर्स से यह शपथ लेगा कि वह डीपफेक कंटेंट नहीं डालेगा। प्लेटफॉर्म यूजर्स को इस संबंध में अलर्ट मैसेज देंगे। सहमति के बाद ही यूजर अकाउंट एक्सेस कर सकेगा। डीपफेक कंटेंट को 24 घंटे में हटाना होगा। उसका अकाउंट बंद कर सूचना दूसरे प्लेटफॉर्म को देनी होगी, ताकि अकाउंट न बना सके।

## एक नजर

### पुलिस कार्रवाई से भारतवंशी व्यक्ति की हालत नाजुक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में 42 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति को गिरफ्तारी के दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा उसके गले पर कथित तौर पर घुटना रखने के बाद गंभीर हालत में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। पुलिस अधिकारी को लगा कि व्यक्ति घरेलू हिंसा में शामिल है, जिसके बाद उसने यह कार्रवाई की। यह घटना पिछले सप्ताह एडिलेड के पूर्वी हिस्से में रॉयस्टन पार्क के पेनहैम रोड पर हुई थी।

### पोलैंड के पीएम बोले- 11 को विश्वास मत करेंगे साबित

**वारसॉ।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार संसद में 11 जून को विश्वास मत साबित करेगी। बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति चुनाव में उनके राजनीतिक सहयोगी और उदारवादी नेता के वारसॉ के मेयर करोल नवरोकी से हारने के बाद टस्क ने विश्वास मत का आह्वान किया। पोलैंड की राजनीतिक व्यवस्था में अधिकांश शक्ति संसद द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री के पास होती है।

### तुर्किये के भूमध्यसागर तट पर 5.8 तीव्रता का भूकंप

**अंकारा।** तुर्किये में भूमध्यसागर से सटे तटीय शहर मारमारिस में सोमवार देर रात 5 .8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के कारण घबराकर लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर भागने की कोशिश करने लगे जिससे कम से कम सात लोग घायल हो गए। तुर्किये की आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी डिजास्टर एंड एमरजेंसी मैनेजमेंट प्रेसीडेंसी' ने कहा कि भूकंप का केंद्र भूमध्य सागर में था और यह देर रात दो बजकर 17 मिनट पर आया।

### द. कोरिया राष्ट्रपति चुनाव में ली की जीत का अनुमान

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति चुनाव पर जारी एग्जिट पोल में लिबरल पार्टी के उम्मीदवार ली जे-म्यांग की जीत का अनुमान जताया गया है। दक्षिण कोरिया के तीन प्रमुख टीवी चैनलों केबीएस, एमबीसी और एसबीएस द्वारा किए गए एग्जिट पोल में ली को 51 .7 फीसदी मत और कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार किम मून सू को 39 .3 फीसदी वोट मिलने का अनुमान जताया गया है। दक्षिण कोरिया में मंगलवार को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान हुआ।

# असम में बाढ़ से 5.35 लाख प्रभावित प्रधानमंत्री ने मदद का दिया आश्वासन

## मोदी ने सीएम हिमंत से की बात, 20 जिलों में स्थिति गंभीर, भारी बारिश का पूर्वानुमान

गुवाहाटी, एजेंसी



असम में बाढ़ के कारण राजमार्गों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई।

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बात कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें केंद्र सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

शर्मा दिन में कछार जिले का दौरा करेंगे, जो मौजूदा बाढ़ से राज्य के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी), गुवाहाटी ने मंगलवार के लिए चार जिलों धुबरी, दक्षिण सलमारा मानकाचर, ग्वालपारा और कोकराझार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बाढ़ तथा भूस्खलन की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है, जबकि दो अन्य लापता हैं। राज्य के 22 जिलों के 65 राजस्व मंडलों और 1,254 गांवों में 5.15 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें श्रीभूमि सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 1,94,172 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। कुल 165 राहत शिविरों में 31,212 विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया है, जबकि 157 अन्य राहत वितरण केंद्र भी कार्यरत हैं। पिछले 24 घंटे में 12,610 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें जलमग्न हो गई हैं, जबकि 94 जानवर बाढ़ के पानी में बह गए हैं। ब्रह्मपुत्र, बराक और कोपिली नदियां खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं, जबकि सुबनसिरी, बूढ़ी दिहिंग, धनसिरी, रुकनी, धलेश्वरी, कटाखल और कुशियारा सहित अन्य नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

### अरुणाचलः जान गंवाने वालों की संख्या 11 हुई

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में दीवार गिरने की घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। इससे राज्य में लगातार जारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11 पर पहुंच गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, एक जून को भूस्खलन के दौरान दीवार गिरने से 38 वर्षीय भावेन मुर्मू की मौत हो गई, जबकि इस घटना में जीआरईएफ के तीन कर्मचारी घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि 23 जिलों के 156 गांवों में बाढ़ से कुल 938 लोग प्रभावित हुए हैं।

### मिजोरम : पांच की मौत और 152 घर क्षतिग्रस्त

**आइजोल।** मिजोरम में पिछले दस दिनों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मकान ढहने और अन्य घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण मकान और दीवारें ढहने से चंफाई जिले में तीन और आइजोल तथा सेरछिप जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य के कई स्थानों पर भूस्खलन की 552 घटनाएं हुईं, जबकि इसी अवधि के दौरान बारिश के कारण 152 मकान ढह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

# भारत तभी पाकिस्तान से बात करेगा जब वह आतंक के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे

- सांसद थरूर ने कहा- सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत

ब्रासीलिया, एजेंसी



मिस्र में सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में भारत का बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान देश में मौजूद हर आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ उल्लेखनीय कार्रवाई करता है, तो भारत उससे बातचीत कर सकता है।

ब्राजील में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने यह भी कहा कि उनकी टीम ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को लातिन अमेरिकी देशों तक सफलतापूर्वक पहुंचाया, जिनमें वे देश भी शामिल हैं जिन्हें कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं। थरूर ने कहा, हम अपने वार्ताकारों से यही कहते हैं कि अगर पाकिस्तान इतना ही निर्दोष है जितना वह दावा करता है, तो वह वांछित आतंकवादियों को पनाह क्यों देता है, आखिर (आतंकवादी) वे (पाकिस्तान में) सुकून से रहने, प्रशिक्षण शिविर चलाने और लोगों को कट्टरपंथी बनाने, हथियारों से लैस करने तथा लोगों को अपने हथियारों और कलाश्निकोव (राइफल) का अभ्यास करने के लिए प्रेरित कैसे कर पाते हैं? पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। थरूर ने कहा, आप आतंकवाद के बुनियादी ढांचे पर नकेल कसें जो आपके देश में हर जगह दिखाई देता है।

### अरब लीग के महासचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

**काहिरा।** सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मिस्र में अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल गईत से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख को नयी दिल्ली और अरब लीग दोनों के लिए प्राथमिकता बताया। राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अरब लीग के महासचिव से मुलाकात की। ये प्रतिनिधिमंडल के चार देशों की यात्रा का अंतिम पड़ाव है। मिस्र में भारतीय दूतावास ने कहा कि बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अरब लीग के साथ भारत के व्यापक राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जुड़ाव पर चर्चा की। इसमें कहा गया, आतंकवाद का मुकाबला करना अरब लीग और भारत दोनों के लिए प्राथमिकता है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के एकीकृत रुख और सामूहिक दृढ़ संकल्प को रेखांकित किया।

# यूक्रेन में रॉकेट हमले में तीन की मौत रूस में कीव ने पुल किया क्षतिग्रस्त

- यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा की

कीव, एजेंसी



रूस ने मंगलवार को यूक्रेन के शहर सुमी को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह इस बात को रेखांकित करता है कि मॉस्को का तीन साल से जारी युद्ध को रोकने का कोई इरादा नहीं है।

इस बीच, यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने कहा कि उसने रूस के अंदर फिर से हमला किया है। इसके दो दिन पहले यूक्रेन ने ड्रोन के जरिये रूस के अंदर घुसकर उसके हवाई अड्डों पर भीषण हमला किया था जिसमें कई विमान नष्ट हो गए थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रत्यक्ष शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं होने के एक दिन बाद उत्तर-पूर्वी शहर के केंद्र में स्थित इमारतों और एक अस्पताल पर रॉकेटों की बौछार कर दी गई।

जेलेंस्की ने कहा इस युद्ध को समाप्त करने से जुड़ी रूस की इच्छा के बारे में आपको बस इतना ही जानना चाहिए। यह स्पष्ट है कि वैश्विक दबाव के बिना, अमेरिका, यूरोप और दुनिया के सभी सत्तारूढ़ लोगों की निर्णायक कार्रवाई के बिना, (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होंगे।

# भूकंप के बाद निकासी के दौरान पाकिस्तान की जेल से 200 कैदी भागे

**कराची।** पाकिस्तान में भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर वहां की एक जेल से कैदियों को निकाले जाने के दौरान मची अफरा-तफरी के बाद कम से कम 216 कैदी जेल से भाग गए। मंगलवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। कराची की मलीर जेल में सोमवार रात हुई घटना में एक कैदी की मौत हो गई और अर्द्धसैनिक फ्रंटियर कोर के तीन जवान तथा एक जेल कर्मचारी घायल हो गया।

जेल अधिकारियों के अनुसार, 80 से अधिक कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया। कराची में पिछले 24 घंटे में कई बार भूकंप के झटके आए। जेल अधीक्षक अरशद शाह ने कहा कि भूकंप के दौरान 600 से अधिक कैदियों को उनके बैरक से बाहर निकाला गया था। शाह के हवाले से खबर में कहा गया है, अफरा-तफरी के बीच 216 कैदी भाग निकले।

# राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे 27 लोगों की इजराइली सेना ने की हत्या

यूनिस (गाजा पट्टी), एजेंसी

- फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने गोलीबारी का लगाया आरोप



गाजा में मौत पर विलाप करती महिला।

फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि इजराइली सेना ने मंगलवार को एक राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे लोगों पर गोलीबारी करके कम से कम 27 लोगों की हत्या कर दी। यह तीन दिन में इस तरह की तीसरी घटना है। लेकिन इजराइली सेना ने कहा कि उसने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के पास गोलीबारी की जो निर्धारित मार्ग से हटकर सेना की ओर बढ़े थे और उन्होंने इस दौरान दी गई चेतावनी की अनदेखी की थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोलीबारी उसी जगह पर हुई जहां एक दिन पहले इजराइली सुरक्षा बलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये भीड़ दक्षिणी गाजा में उस सहायता केंद्र की ओर जा रही थी, जिसे इजराइल और अमेरिका समर्थित 'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' संचालित कर रहा है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने सोमवार को कई संदिग्धों की ओर चेतावनी स्वरूप गोलियां चलाईं, जो सैनिकों की ओर बढ़ रहे थे और उनके लिए खतरा पैदा कर रहे थे। घटना स्थल सहायता वितरण केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है। घटना तब हुई तब यह केंद्र बंद था। सेना ने इस बात से इनकार किया कि वह लोगों को सहायता वितरण स्थल पर पहुंचने से रोक रही है।

### गाजा में इजराइल के तीन सैनिक मारे गए

**खान यूनिस।** इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि गाजा पट्टी में उसके तीन सैनिक मारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मार्च में हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त होने के बाद से इजराइली सेना पर यह सबसे घातक हमला है। सेना ने बताया कि तीनों सैनिक सोमवार को उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारे गए। हालांकि उसने विस्तृत जानकारी नहीं दी। इजराइली मीडिया ने बताया कि वे जबालिया क्षेत्र में हुए विस्फोट में मारे गए।

# सिंगापुर में भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र में अवसरों पर भारत ने की चर्चा

**पेरिस।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ मंगलवार को बैठक की और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने एवं भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र के व्यापक अवसरों पर चर्चा की। गोयल व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के नेताओं और कारोबारियों से मिलने यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। मंत्री ने पिछले तीन दिन में बड़ी कंपनियों के सीईओ और मंत्रियों के साथ कई बैठकें की हैं।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरोल, नाइजीरिया के व्यापार मंत्री जुमोके ओडुवोले, फ्रांस के अर्थव्यवस्था एवं वित्त मंत्री एरिक लोम्बार्ड, मोटर वाहन आपूर्तिकर्ता कंपनी वेलियो ग्रुप के सीईओ क्रिस्टोफ पेरिलाट तथा लोरियल ग्रुप के सीईओ निकोलस हिरोनिमस के साथ मुलाकात की।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करते दो आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़/ जयपुर, एजेंसी

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप

पंजाब के तरनतारन जिले के एक व्यक्ति को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित खालिस्तान समर्थक नेता गोपाल सिंह चावला के संपर्क में भी था। वहीं, राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पंजाब के डीजीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान तरनतारन के मोहल्ला रोडूपुर, गली नजर सिंह वाली के निवासी गगनदीप सिंह उर्फ गगन के रूप में हुई है। उसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### सहायक प्रशासनिक अधिकारी भी करता था जासूसी

राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। शकूर पर भारत से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान को भेजने का आरोप है।

# पाकिस्तान में टिकटॉक स्टार सना की बर्थडे पर गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर किशोरी की उसके घर में कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। सोशल मीडिया मंच टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर इस इन्फ्लुएंसर के 10 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और पाकिस्तान में पिछले पांच माह के भीतर इस तरह का यह तीसरा मामला है। पुलिस ने बताया कि इस्लामाबाद में सुंबल पुलिस थाने के अंतर्गत सेक्टर जी-13/1 में सोमवार को सना यूसुफ (17) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी उमर हयात उर्फ काका को फैसलाबाद से गिरफ्तार कर लिया। खबर में बताया गया कि हयात भी 'टिकटॉक' का इस्तेमाल करता है और उसने हत्या की बात कबूल कर ली है।

**सम्मेलन** अमेरिका के उपराष्ट्रपति की पत्नी ने यूएसआईएसपीएफ नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण को किया संबोधित

# भारत-अमेरिका संबंध मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत हैं : उषा वेंस

वाशिंगटन, एजेंसी



वाशिंगटन डीसी में यूएसआईएसपीएफ के आठवें संस्करण के दौरान उषा वेंस।

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ने भारत-अमेरिका संबंध को अपने लिए बेहद व्यक्तिगत बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत व अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों के लिए यह बहुत अच्छा अवसर है जो कई बार उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं।

वेंस ने यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में कहा, यह एक बहुत ही व्यक्तिगत संबंध है, क्योंकि मेरे परिवार के सदस्य भारत में रहते हैं और परिवार के कई सदस्य यहां अमेरिका में भी रहते हैं। मैं बचपन से भारत आती जाती रही हूं तथा वहां अपने परिवार के सदस्यों से मिलती रही हूं और वे मेरे पास आते रहे हैं। उन्होंने कहा, यह हमेशा से एक ऐसा संबंध रहा है जिसे मैंने व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण माना है। कार्यक्रम में भारत और अमेरिका के प्रमुख सरकारी, व्यापारिक और समुदाय से जुड़े नेता उपस्थित थे। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष व जेसी2 वेंचर्स के संस्थापक एवं सीईओ जॉन चैंबर्स द्वारा आयोजित अनौपचारिक बातचीत में दोनों देशों के बीच संबंधों के बारे में दृष्टिकोण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में वेंस ने कहा, मैं इसके बारे में व्यापक रूप से सोचती हूं।

### वेंस ने कहा- यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी

उषा वेंस ने कहा, लेकिन वर्तमान में मुझे लगता है कि अगले चार वर्षों में और भविष्य में कई बड़े अवसर प्राप्त होने वाले हैं। यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी है और भारत में इतने सारे लोग हैं जो देश को जानते हैं और यहां के लोगों को जानते हैं जो बेहतरीन काम कर रहे हैं, बड़े अवसर प्राप्त कर रहे हैं। वेंस ने कहा, मुझे याद है कि जब मैं, उपराष्ट्रपति जेडी और हमारे तीन बच्चे अप्रैल में भारत यात्रा पर गए थे, तब मैं यह देखकर हैरान रह गई थी जब कई लोगों ने मुझे बताया कि उन्हें हमारा देश कितना पसंद है, वे किस तरह अपने परिवार से मिलने आते हैं, वे किस तरह सिर्फ मौज-मस्ती के लिए आते हैं, वे भविष्य में हमारे साथ एक करीबी रिश्ता बनाने की उम्मीद कर रहे हैं और मुझे लगता है कि इन व्यक्तिगत संबंधों का वास्तव में इससे कुछ लेना-देना है। नेतृत्व शिखर सम्मेलन में यूएसआईएसपीएफ ने आईबीएम के अध्यक्ष अरविंद कृष्णा, आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और हिताची के कार्यकारी अध्यक्ष तोशियाकी हिगाशिहारा को अमेरिका-भारत-जापान आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2025 वैश्विक